

सूर्योदय प्रातः 5:19 | सूर्यास्त संध्या 6:15 | पखवाड़ा वैशाख कृ. तृतीया, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 38° न्यूनतम 26°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शनिवार, 27 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 74, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

## शेयर बाजार

सेंसेक्स 73,730.16 -609.28 (-0.82%)

निफ्टी 22,419.95 -150.40 (-0.67%)

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

22 carat सोना 71,660.00

चांदी 829.00

# एससीओ बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

- रक्षा मंत्रियों की बैठक में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का समर्थन
- एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति जतायी, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाये रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के भारत के लम्बे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के लिए भारत के दबाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए दृढ़ है। अस्ताना में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में भारत के सागर-'सभी के लिए सुरक्षा और विकास' के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। रक्षा सचिव रक्षा मंत्रियों के साथ पौधरोपण समारोह में शामिल हुए, जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये। बैठक के बाद एक साझा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट से विपक्ष को लगा बड़ा झटका

# ईवीएम और वीवीपीएटी का नहीं होगा 100 फीसदी मिलान

- याचिकाकर्ताओं की मांग हुई खारिज
- माननीय न्यायालय ने बुधवार को सुनवाई के बाद फैसला रख लिया था सुरक्षित



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : ईवीम-वीवीपीएटी मामले में सुप्रीम कोर्ट से विपक्ष को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान की मांगवाली याचिका खारिज कर दी है। माननीय न्यायालय ने बुधवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में याचिकाकताओं ने मांग की थी कि ईवीएम पर मतदाताओं का विश्वास बनाये रखने के लिए उसके वोट और वीवीपीएटी की पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती करायी जानी चाहिए। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दौरान शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों के साथ वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों का मिलान वाली याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने दो अलग-अलग फैसले लिखे हैं। लेकिन, दोनों में सहमति है। सुप्रीम कोर्ट ने दो दिशा-निर्देश जारी किये हैं। पहला यह कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया खत्म होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील किया जाये। सिंबल लोडिंग यूनिट को 45 दिनों तक संरक्षित कर रखा जाये। दूसरा यह कि चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद दूसरे और तीसरे नम्बर के उम्मीदवार के आग्रह पर इंजीनियर्स की टीम माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की ● शेष पृष्ठ 11 पर

### ईवीएम और वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक : अर्जुन मेघवाल



**केन्द्रीय** मंत्री और भाजपा नेता अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम और वीवीपीएटी को लेकर दिये गये निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। शुक्रवार को केन्द्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता में विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए मेघवाल ने कहा कि जब कांग्रेस और इंडी गठबंधन की पार्टियां चुनाव जीतती हैं, तो ईवीएम अच्छी हो जाती है। जैसे ही भारतीय जनता पार्टी को जनता अपना आशीर्वाद देती है, तो ईवीएम पर निराधार आरोप लगने लगते हैं। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को देश की संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि हम संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उसके सम्मान में 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' कार्यक्रम पूरे देश में मना रहे हैं। जो सरकार संविधान को पूजती है, उसके बारे में कांग्रेस और इंडी अलायंस के नेता जनता को भ्रमित करने में लगे हुए हैं। जिस प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री रहते हुए हाथी पर रख कर संविधान की शोभायात्रा निकाली, 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद बाबा साहेब के ● शेष पृष्ठ 11 पर

# कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग की छाप : मोदी

- बिहार के अररिया जिले के फारबिसगंज की चुनावी जनसभा में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री



एजेंसी

**अररिया** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही मुस्लिम तुष्टीकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग की छाप है।

पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का होने की बात कही थी, जिसका वीडियो अभी भी है। जबकि, एनडीए मानता है देश के संसाधन और सम्पत्ति पर पहला हक गरीबों का है। गरीब मजदूरों, किसानों, छात्रों, युवाओं और मां बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सम्पत्ति, जमीन, यज्ञ तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां-बहनों का ● शेष पृष्ठ 11 पर

### बंगाल में बोले पीएम मोदी

### केन्द्र से भेजा गया पैसा खा जाते हैं ममता सरकार के मंत्री

**कोलकाता** : देशभर के 13 राज्यों की 88 सीटों पर शुक्रवार को दूसरे चरण के लिए मतदान के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। यहां उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर जम कर हमला बोला और कहा कि केन्द्र से जो भी पैसा बंगाल के लोगों के लिए भेजा जाता है, उसे ममता बनर्जी के मंत्री और नेता खा जाते हैं। मालदा में रैली को सम्बोधित करते हुए ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस ने निलेश कुंभाणी को छह साल के लिए पार्टी से किया निलम्बित

**सूरत** : गुजरात प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने निलेश कुंभाणी को छह साल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। कुंभाणी के सूरत लोकसभा सीट से 21 अप्रैल को फार्म रद्द होने के पांचवें दिन पार्टी ने यह कार्रवाई की है। शुक्रवार को अनुशासन समिति की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने यह निर्णय किया है। कुंभाणी के फार्म रद्द होने के बाद से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार उनका विरोध कर रहे हैं। समिति की बैठक में बताया गया कि कांग्रेस पार्टी ने निलेश कुंभाणी ● शेष पृष्ठ 11 पर

# दूसरे चरण में भी शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ मतदान

- संतोषजनक रहा मतदान प्रतिशत
- मतदाताओं में दिखा खासा उत्साह




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया। इस दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा। शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा ● शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रधानमंत्री के बारे में विवादित बयान देनेवाले राहुल गांधी को मतदाता सिखायेंगे सबक : भाजपा



एजेंसी

**मुम्बई** : महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में विवादित बयान देनेवाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश की जनता सबक सिखायेगी। राहुल गांधी सिर्फ नरेन्द्र मोदी का नहीं, बल्कि संवैधानिक पद का भी अपमान किया है। महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता उपाध्ये शुक्रवार को यहां मुम्बई में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उपाध्ये ने कहा कि राहुल गांधी ने सोलापुर की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान किया है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में मोदी और भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी समर्थन मिल रहा है और 400 से ज्यादा सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत पक्की हो चुकी है और कांग्रेस और इंडी गठबंधन को हार मिल रही है। उपाध्ये ने कहा कि राहुल गांधी के भाषणों में पहले भी परिपक्वता और अध्ययन का अभाव रहा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**बारामूला** : बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों ने मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया।

# पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी सहित 03 गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : राजधानी की मोराबादी टीओपी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बरियातु थाना क्षेत्र के संजय सिंह, रातु थाना क्षेत्र के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वांसी और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी विक्की साव शामिल हैं। इनके पास से बाइक एमटी-15 (जेएच 01 ईएन 1539), बाइक (जेएच 01 एफएम 8265) पुलिस ने बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास मोरहाबादी टीओपी पुलिस वाहन चेकिंग चला रही थी। इस दौरान बिना नम्बर प्लेट की एक एमटी-15 को रोका गया। बाइक में लगा नम्बर (जेएच 01डी 0270) स्पष्ट नहीं था। चेसिस नम्बर से जांच करने पर पता चला कि इसका मूल रजिस्ट्रेशन ● शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा का इंडी गठबंधन पर निशाना, कहा

# विपक्ष एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाल रहा है डाका

- कांग्रेस हमेशा से एससी-एसटी और ओबीसी की विरोधी पार्टी रही
- कांग्रेस के इतिहास में केवल तुष्टीकरण की घृणित राजनीति शामिल



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर लगातार हमलावर है। शुक्रवार को भाजपा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर डाका डाल रहे हैं। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। जिस तरह से ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को दिया गया है, वह अधिकारों पर डाका डालने का प्रयास है, जो देश में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भाजपा ने हमेशा 'सबका साथ सबका विकास' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में केवल तुष्टीकरण की घृणित राजनीति शामिल है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। साफ है, कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति करती है। कांग्रेस जो अभी आईसीयू में पड़ी है, वह देश में एक्स रे कराना चाहती है, जाति जनगणना कराना चाहती है, लेकिन देश के लोग कांग्रेस की इस साजिश का एमआरआई कर रहे हैं। कांग्रेस हमेशा से एससी-एसटी और ओबीसी की विरोधी पार्टी रही है। कांग्रेस किसी भी प्रकार से सत्ता में आना चाहती है और ओबीसी के अधिकारों को छीनना चाहती है। कर्नाटक के अंदर ओबीसी के आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहती है। कांग्रेस को इस पर अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए। देश कभी इस तरह की साजिश को बर्दाश्त नहीं करेगा और इस चुनाव में जनता उन्हें जवाब देगी।

### एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग से नफरत करती है कांग्रेस : नड्डा



**नयी दिल्ली** : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से नफरत करती है। नड्डा ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में कहा कि कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन का छुपा हुआ एजेंडा है कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के अधिकारों को छीनना और मुसलमानों को देना है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था। उन्होंने जान-बूझ कर ऐसा किया, क्योंकि अप्रैल 2009 में मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर वह अपने बयान पर कायम रहे थे। डॉ. सिंह ने कहा था कि अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और देश के संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के जरिये गलत बयानबाजी की गयी और कहा गया कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी बदतर है।

## एक झलक

### आपका वोट तय करेगा अगली सरकार बने संविधान के सिपाही : राहुल

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दूसरे चरण के लिए मतदाताओं से घर से निकलकर मतदान करने की अपील की है। शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर राहुल गांधी ने कहा, ह्यदेश की तकदीर का फैसला करने जा रहे इस ऐतिहासिक चुनाव का आज दूसरा चरण है। आपका वोट तय करेगा कि अगली सरकार 'चंद अरबपतियों' की होगी या '140 करोड़ हिंदुस्तानियों' की। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह आज घर से बाहर निकले और 'संविधान का सिपाही' बन कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट करे।

### रांची में 08 लाख रुपये के गांजा के साथ 02 महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

**रांची** : राजधानी की लोअर बाजार थाना पुलिस ने कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से दो महिलाओं सहित चार तस्करों को 43.60 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की कीमत 08 लाख 60 हजार आंकी गयी है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश निवासी सुमित कुमार, पश्चिम बंगाल निवासी दीप राई, उत्तर प्रदेश निवासी अंजना सिंघल और दिल्ली निवासी सुषमा शामिल हैं। इनके पास से 43.60 किलो गांजा, चार मोबाइल, तीन आधार कार्ड, 1500 नकदी और धुर्वा से बनारस जाने का सामूहिक बस टिकट (रेखा बस) बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जांच अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर खादगढ़ा से दो युवकों और दो महिलाओं को गांजा की अवैध तस्करी कर ओडिशा से बनारस ले जाने के दौरान पकड़ा गया। गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी रांची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पूर्व के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

### ओबीसी विरोधी पार्टी है कांग्रेस : अमित शाह

**अशोकनगर** : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इस देश के संसाधन पर सबसे पहला हक आदिवासी, दलित गरीब, ओबीसी का है, लेकिन कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार मुसलमानों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मंशा हम पूरी नहीं होने देंगे। कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। उसने ओबीसी आयोग नहीं बनाया। वर्षों तक ओबीसी वर्ग के लोगों को केन्द्रीय संस्थानों में आरक्षण नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश के विकास में सबसे पहली प्राथमिकता एससी, एसटी और ओबीसी को दी है।

## अंदर के पन्नों पर

2 शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने ...
3 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को ...
5 ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने के निर्देश...
8 शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के घरों में ...
9 दरभंगा में आग से एक ही परिवार के 06 ...

## एक झलक

### सीआईटी में लगा नेत्र जांच शिविर



**अनगड़ा** : शुक्रवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में संस्थान व श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। कैंब्रिज ट्रस्ट की वरीय अधिकारी प्रो. रशिका नवनीत सिंह ने उद्घाटन किया। शिविर में डॉ गोपाल दास ने कर्मियों एवं विद्यार्थियों के नेत्रों की जांच की। व आवश्यक चिकित्सिय निर्देश दिए। मौके पर डॉ. शालिनी सिंह, प्रो. दीपक कुमार वर्मा, डॉ रितेश कुमार, डॉ आलोक कुमार सिंह के अलावे कैंप कोर्डिनेटर श्यामल चटर्जी, आशुतोष मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे। शिविर में दर्जनो लोगों की जांच की गई।

### शिव मंडा पूजा का हुआ समापन



**अनगड़ा** : फुलखुंदी और झुलन के साथ चिलदाग पंचायत के सिमलिया में आयोजित शिव मंडा पुजा का समापन हुआ। फुलखुंदी में 101 शिव भक्त नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था को दर्शाया। जागरण व छऊ नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया. मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान शिव ही आदि व अंत है, इनकी उपासना से सभी दुख और पीड़ाएं दूर हो जाती हैं। इस अवसर पर बंगाल के कलाकारों ने छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी। मौके पर पुर्व मुखिया सरोज देवी, ग्राम प्रधान तुलेश्वर पाहन, सुनील महतो, बिगेश्वर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### तोरपा में युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**खूंटी** : तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में विनोद गोप (30 ) ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को उसका शव जंगल में एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार वह गिड़ुम गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह विगत तीन दिनों से घर से लापता था। मामले की जानकारी मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### खूंटी संसदीय सीट से नौ प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

**खूंटी** : तकनीकी खमियों के कारण खूंटी संसदीय से नामांकन पत्र दाखिल करने वाले 16 अभ्यर्थियों में से नौ प्रत्याशियों का नामांकन संविक्षा के बाद रद्द कर दिया गया औ उनके चुनाव लड़ने के मंसूबे पर पानी फिर गया। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की संवीक्षा के दौरान सात अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र योग्य पाये गये। नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अयोग्य घोषित कर दिये गये। संविक्षा में योग्य पाए गए अभ्यर्थियों में अर्जुन मुंडा, काली चरण मुंडा, सावित्री देवी, बबीता कच्छप, अर्पणा हंस, बसंत कुमार लोंगा, निर्दलीय और पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीय शमिल हैं।

### सदान अपने अधिकारों को ध्यान में रख कर मतदान करें : राजेंद्र प्रसाद

**खूंटी** : मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद का खूंटी में शुक्रवार को मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। राजेंद्र प्रसाद अगंराबारी जाने के क्रम में कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। राजेंद्र प्रसाद ने लोगों से अपील की कि मतदान आपका सबसे बड़ा अधिकार है और इसी चुनाव के माध्यम से आप देश का भाग्य बदल सकते हैं। इसलिए हर योग्य व्यक्ति वोट जरूर डाले। राजेन्द्र ने कहा कि वोट करना राष्ट्र धर्म है। उन्होंने कहा कि सदान अपने अधिकारों को ध्यान में रखकर वोट करें, जिससे सरकार और राजनीतिक दलों के ऊपर मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर दबाव बनाया जा सके और प्रत्याशी को एहसास हो कि वे मूलवासी सदानों के वोट से चुनाव जीत कर आए हैं।

---

### लोकसभा चुनाव में नामांकन को लेकर रामगढ़ उपायुक्त ने की प्रेसवार्ता

# शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का है प्रयास : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए होनेवाले नामांकन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा नामांकन को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, हजारीबाग होंगी। अभ्यर्थी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के कार्यालय कक्ष अथवा सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग सदर शैलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई 2024, नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 तथा मतदान की तिथि 20 मई 2024 होगी वहीं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 6 जून 2024 को संपन्न होगी। निर्वाचन संबंधित तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल छे चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक-एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चैपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं एवं सभी चेक नाकों पर स्टेटिक सर्विलांस दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं फ्लाइंग स्क्वायड दलों के माध्यम से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियो के प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य 20 अप्रैल 2024 को पूर्ण कर लिया गया है वहीं निर्वाचन के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को जानकारी दी की लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में महिलाओं द्वारा संचालित कुल 14 मतदान केंद्र, दिव्यांगों द्वारा संचालित 6 मतदान केंद्र तथा विशेष थीम यथा रामगढ़ की विशेषता, संस्कृति, सोहराय चित्रकला आदि से संबंधित 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाता ना छूटे इसी उद्देश्य के साथ जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा प्रवासी मजदूरों आदि को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर चिट्ठी आई है कार्यक्रम, विशेष पहल के तहत मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहे चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों, जिले के विभिन्न प्रतिष्ठान के साथ-साथ मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा भी मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इन सब के अलावा प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ भी रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रेस वार्ता के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में हुई 'ओरिगामी' प्रतियोगिता




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में छठी कक्षा के बच्चों के लिए ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। बच्चों ने विशेष पैटर्न में कागज को फोल्ड कर पशु-पक्षी सहित कई आकृतियां बनाई। अवसर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा कर उनकी हौसला अफजाई की। बताते चले कि ओरिगामी कला में पेपर को कई डिजाइनों में फोल्ड किया जाता है, जिससे एक आकृति बनती है। 'ओरिगामी' शब्द जापान में पुराने दस्तावेजों की एक विशिष्ट शैली को भी संदर्भित करता है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा,उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदान कर हम सरकार नहीं, बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं : निखिल रंजन

**रामगढ़** : हमारा एक वोट केवल सरकार नहीं बनाता, बल्कि वह भारत की दिशा तय करता है। यह बात शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बिहार-झारखंड क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन ने कही। अभाविप की रामगढ़ जिला शाखा ने मतदाता जागरूकता अभियान हेतु बैठक का आयोजन होटल मिलन में किया था। इस मौके पर निखिल रंजन ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है। मतदाताओं की जागरूकता एवं भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगा। हम अपने वोट से यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत के भविष्य एवं विकास की गति क्या होगी। प्रत्येक चुनाव में मतदाता प्रतिशत में बढ़ोतरी ने भारत के नागरिकों की लोकतंत्र में आस्था को सिद्ध किया है।

## 18 वर्षों से फरार वारंटी कुज्जू में फैक्ट्री से हुआ गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष आयोजन को लेकर अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिध अधीक्षक के निर्देश पर सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में 18 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि माण्डू थाना में कांड संख्या 175-2006 में 18 वर्षों से फरार चल रहा लाल वारंटी प्रदीप साव, पिता-स्व. दिनेश्वर साहू कुज्जू की एक फैक्ट्री में काम करता है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानन्द कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर अभियान के लिए निर्देशित किया। छापामारी टीम के द्वारा कुज्जू स्थित एक फैक्ट्री से लाल वारंटी प्रदीप साव को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वह मांडू थाना अंतर्गत वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव का रहनेवाला है। छापेमारी दल में वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार और पुअनि संजय बेदिया सदलबल शामिल थे।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ तोरपा का नौ दिवसीय मंडा अनुष्ठान सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : वैसे तो भगवान भोलनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग इलाकों में कई तरह के अनुष्ठान किए जाते है, पर शैव भक्ति की जितनी कष्टसाध्य आराधना पंडा पर्व है, उतना कष्ट सामान्य पूजा-अर्चना में देखने को नहीं मिलता। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बाद से ही पूरे झारखंड में भगवान भोलेनाथ की कष्ट साध्य आराधना का पर्व मंडा शुरू हो जाता है, जो पूरे ज्येष्ठ महीने तक चलता है। यह ऐसा सार्वजनिक अनुष्ठान है, जिसमें न कोई जात भेद होता और न ही मंत्रोच्चार की जरूरत है। भक्त भगवान आशुतोष को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ अपने शरीर को कष्ट देते हैं। मंडा अनुष्ठान कहीं-कहीं नौ दिनों का होता है, तो कही तीन दिनों का। भगवान शंकर का वरदान पाने के लिए भक्त जिन्हें भोक्ता कहा जाता है, अनुष्ठान पूरा होने तक अपना घर-परिवार त्याग कर किसी शिवालय में शरण लेते हैं। इस दौरान वे 24 घंटे में सिर्फ एक बार फलाहार करते हैं। मंडा पर्व ऐसा अनुष्ठान होता है, जहां जनजातीय और अनुसूचित जाति समुदाय के लोग काफी संख्या में भाग लेते हैं। झारखंड के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग तिथियों में मंडा पर्व मनाया जाता है। हालांकि इसका अनुष्ठान सभी गांवों में नहीं होता। जिस परिवार से कोई भोक्ता मंडा अनुष्ठान में शामिल होता है, तो उसके पूरे परिवार और निकट के रिश्तेदारों मांस-मदिरा का सेवन पूरी तरह बंद हो जाता है।

## भाजपा के चुनाव कार्यालय में खिजरी विधानसभा स्तरीय प्रमुख कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : गोंदलीपोखर स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में खिजरी विधानसभा स्तरीय प्रमुख कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक में प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य प्रो आदित्य साहू नाराज दिखे। बैठक में आदित्य साहू ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व जिम्मेदारी निर्वाहन का पाठ पढ़ाया, उन्होंने पार्टी कार्यों को लेकर लापरवाही बरत रहे जिला, मोर्चा व प्रखंड के पदधारियों को जमकर फटकार भी लगाई, कहा कि कार्यकर्ता आपस में एकजुट रहे, यहां देखने को मिल रहा है कि कार्यकर्ता विरोधी दल के बदले अपने दल के लोगों का ही शिकवा शिकायत चौक चौराहों पर कर रहे हैं, कार्यकर्ता इससे बचें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, लेकिन यह भी सच्चाई है कि भाजपा में सिर्फ सक्रिय कार्यकर्ता ही आगे बढ़ते हैं. कहा कि गांव टोलों में जाकर लोगों के साथ बैठे, केंद्र सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों से मिले। बैठक में लोकसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेन्द्र शाही, जैलेन्द्र कुमार, राजन साहू, नसीबलाल महतो, रौशनी खलखो, सत्यदेव मुंडा, सुरेंद्र महतो, नेहा सिंह, अनुपमा देवी, अनुराधा मुंडा, रामावतार केरकेट्टा, आरके पाहन, प्रीतम साहू, माधुरी देवी, विनय महतो, प्रमोद सिंह, अजय महतो, प्रभुदयाल बड़ाईक, प्रताप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, रामनाथ महतो, सिकंदर अंसारी, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, अशोक मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे.


### गंधौनिया गांव में कालीकरण पथ मरम्मत के साथ ही उखड़ना हुआ शुरू, ग्रामीणों ने की जांच की मांग, दी आन्दोलन की चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र के रकुआ पंचायत अन्तर्गत गंधौनिया गाँव में सड़क कालीकरण का कार्य जारी है, परन्तु साथ ही साथ सड़क उखड़ना भी शुरू हो गया है ऐसा मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने बताया कि पथ मरम्मती का कार्य बेहद निम्नस्तरीय मैटेरियल के साथ किया जा रहा है इसलिए मरम्मती के साथ ही सड़क उखड़ना शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने सम्बंधित विभाग से इसकी बारीकी से जाँच करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व की सड़क आज से बेहतर थी, इस सड़क में आवागमन पर दुर्घटना का खतरा बढ़ जायेगा। ग्रामीणों के अनुसार इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो सांवैधानिक अधिकार के तहत आन्दोलन का रुख अख्तियार किया जायगा। जानकारी के अनुसार उक्त सड़क का कार्य क्षेत्र के एक बड़ी कम्पनी के द्वारा किया जा रहा है।

## शरारती तत्वों ने बेड़ो के बारीडीह जंगल में लगायी आग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के बारीडीह गांव के समीप जंगल में शुक्रवार की सुबह को शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिसके कारण पूरे जंगल में आग फैल गई। आग से जंगल में लगे कई पेड़ पौधे जल गए। ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने के लिए काफी प्रयास किया गया।वही आग के भयानक रूप को देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा अग्नि शमन विभाग को सूचना दी गई। जिसके बाद अग्नि शमन वाहन मौके पर पहुंची। लेकिन इसके पूर्व ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। वही अगलगी की खबर पाकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई थी। ग्रामीणों कहा कि किसने आग लगाई यह अब तक पता नहीं चल पाया है। इधर जंगल में गिरे साल वृक्ष के सूखे पत्तों के साथ-साथ हरे-भरे छोटे-छोटे पौधे,सखुआ के कई पेड़ आशिक या पूर्ण रूप से जल गए। जंगल में लगी आग जंगल के घनत्व में कमी आने के कारण भयावह रूप तो नहीं ले सकी,लेकिन जंगल का अधिकाश हिस्सा जल गया। हरे-भरे पौधों के साथ-साथ सैकड़ों प्रकार के कीड़े-मकोड़े और जीव जंतु जंगल में आग के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए। इस संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीणों ने कहा कि किसने आग लगाई यह अब तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन, इस तरह का आगजनी नहीं होना चाहिए। इस संबंध में वन विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से जंगल का इसी तरह विनाश होता रहेगा। वन विभाग वाले जंगलों के बीच सड़क के चौड़ीकरण के खिलाफ खड़ा हो जाते हैं, जबकि उसमें एक भी पेड़ नहीं कटेगा। लेकिन दूसरी ओर हजारों पेड़ और हरे-भरे पौधे जंगल में लगी आग के कारण नष्ट हो रहे हैं। पर, वे इस मामले में चुप्पी साध लेते हैं, जो चिंता का विषय है।

### दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

## वोट देना पहला काम, इसके बाद कोई दूसरा काम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ की इकाई झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ के दिव्यांगजनों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के परिसर से रैली निकाल कर आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया है। रैली का शुभारंभ सीओ प्रताप मिंज,राकेश भगत व धनंजय कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर किया। जहां दिव्यांगजनों ने बड़े ही उत्साह के साथ ट्राई साइकिल पर सवार होकर बेड़ो में मतदाताओं को जागरूक किया। रैली में शामिल सभी दिव्यांग जनों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे की तख्ती हाथों में पकड़ कर लोगों को एक सशक्त संदेश देने का प्रयास किया। यह रैली प्रखंड परिसर से चलकर लोहरदगा व गुमला रोड,महावीर चौक, देवी मंडप, बाजार टांड़ सहित अन्य जगहों पर जाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी के साथ लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर सीओ ने कहा प्रखंड का




प्रत्येक व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों, गर्भवती,धात्री माताओं, बुजुर्गो व बीमार लोगों के शत प्रतिशत मतदान लिए विशेष व्यवस्था की गई है।जिसमें उनके लिए वाहन,व्हील चेयर,गृह मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी, बीपीओ संजय तिर्की ने मतदान आचार संहिता तथा चुनाव की तकनिकी जानकारी दी। संस्था की डा सच्ची कुमारी ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निदेर्शानुसार मतदाताओं को जागरूक करने, महिला पुरुष, वृद्धजन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने, निर्भय होकर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। वहीं अशोक महतो, लालू उरांव, कुंवारी खलखो ने कहा कि आरपीडी एक्ट 2016 बनने के बाद दिव्यांगजन ज्यादा सशक्त हुए हैं, लोकतंत्र के इस पर्व में इनके भागीदारी के लिए निर्वाचन आयोग ने विशेष पहल की है। इसके बाद भी कुछ मुद्दे हैं जिसके संबंध में लोकसभा क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों को दिव्यांगजनों द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की अर्चना आईन्द,करमी कुमारी, सुनील महतो,सुनीता कुजूर,बसंत स्वांसी सहित कई लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।

### राजग प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गोला क्षेत्र हुआ में तूफानी दौरा

# 11 पंचायतों के 18 गांवों में किया जनसम्पर्क

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तुफानी दौरा 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच किया और इस क्षेत्र के 11 पंचायतों के 18 गांवों में पहुंचकर नामांकन पूर्व जनसंपर्क और जनसंवाद किया। मनीष जायसवाल के गांव में आने की सूचना पाकर उन्हें देखने-सुनने को हरेक जगहों पर लोगों का सैलाब उमड़ा। मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को अपने गोला प्रखंड क्षेत्र दौरे की विधिवत शुरूआत माँ छिन्नमस्ता की पावन धरती रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हुप्पु पंचायत स्थित ग्राम तोयर के स्व.दशरथ महतो चौक से किया। जहाँ पहुँचने पर सर्वप्रथम उनका स्थानीय भाजपा एवं आजसू कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से उनका गर्मजोशी से गाजे बाजे के साथ फूल- माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। जिसके बाद ग्राम हुप्पू, खोखा, बंदा, मूरपा, कोराम्बे, रकवा, सुतरी, मगनपुर बाजारटांड़, सोसोकला, कुम्हारदग्गा, डभातु बाजार टांड़, बरियातू अखाड़ा, कामता बरवाटांड़, गोला चौक बाजार और चाड़ी हेरमदगा पहुँचकर विकास के नाम पर फिर एकबार मोदी सरकार बनाने का अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान हरेक गांवों में राजग प्रत्याशी का स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साहित होकर जबरदस्त स्वागत किया और पूर्ण समर्थन का भरोसा भी जताया।



**कोराम्बे बाजारटांड़ में खरीदकर खाया खीरा, कैरम पर आजमाया हाथ**

**हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के राजग प्रत्याशी प्रचंड धूप और गर्मी के बीच जैसे ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हेसापोडा पंचायत के ग्राम कोराम्बे बाजारटांड़ पहुंचे तो यहाँ उनकी नजर बाजार में बिक रहें खीरा पर गया। गर्मी में स्फूर्ति और ऊर्जा बरकरार रखने हेतु उन्होंने यहां से खीरा खरीदा और खीरा खाकर शरीर को ठंडक पहुंचाने की कोशिश की। चलते-चलते खीरा खाने के उपरांत यहां एक पेड़ की छांव में कैरम बोर्ड खेल रहे कुछ युवाओं संग उन्होंने हाथ भी आजमाया। उन्होंने चुनाव की व्यस्तता के बीच ऐसे पल को राहत प्रदान करने वाला और स्मरणीय बताया। सबका साथ-सबका विकास की मोदी की गारंटी को करें स्वीकार, तीसरी बार बनाए मोदी सरकार- मनीष जायसवाल गोला प्रखंड क्षेत्र के तुफानी दौरे के क्रम में विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि लगातार पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गाँव-गाँव के तुफानी दौरे पर हूँ और सैकड़ों गाँवों में जनसंपर्क और जनसंवाद किया है। हर क्षेत्र में लोगों में एनडीए और भाजपा विशेषकर मोदी सरकार को लेकर एक अलग तरीके का उत्साह देख रहा हूं। मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर देश और देश वासियों का मान- सम्मान बढ़ाया है।

### डीएवी उरीमारी में मनाया गया विश्व कृमि मुक्ति दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी** : डीएवी उरीमारी में शुक्रवार को झारखंड सरकार के निर्देश पर विद्यालय के 1 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को विश्व कृमि मुक्ति अभियान के तहत अल्बेंडाजोल टैबलेट आइपी 400 एमजी खिलाया गया। यह कार्यक्रम बड़कागांव प्रखंड चिकित्सालय के तरुण कुमार शर्मा, प्रिय हेम्ब्रम, रूपा देवी तथा अर्चना टोप्पो की टीम की निगरानी में चलाया गया। अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार रॉय ने बच्चों के बीच जाकर उन्हें दवा तथा इसके फायदे के बारे में विस्तार से बताया द्य प्राचार्य ने बताया कि हमारे शारीर में कृमि की वजह से तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है, ताकि हमारी यह पीढ़ी आने वाले समय में शारीरिक परेशानियों से बच सके और उनका सम्यक विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीके मंडल, असीम घटक, एसके पाण्डेय, हरिहर पाढ़ी, सचिन कुमार तिवारी, आरएन मिश्रा, दीनू बंधू दास, रवि रंजन गुप्ता, शंकर प्रसाद मंडल, बी प्रुस्टी, एनके वत्स, मंजू सिन्हा, पुष्पांजलि प्रधान, बबीता कुमारी, रश्मि कुमारी, राहुल कुमार सिंह, लाल बहादुर एके सिंह, राज कुमार सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा ।

## एक झलक

### दो सहोदर भाइयों का सम्पत्ति विवाद 19 वर्ष बाद मध्यस्थता से सुलझा

**रांची** : वादी दामोदर नाथ शाहदेव द्वारा अपने सगे भाई बड़ा लाल गोविंद नाथ शाहदेव एवं अन्य (प्रतिवादीगण) के विरूद्ध लेक रोड, हरमू रोड, किशोरगंज, रांची स्थित भूमि 1.25 एकड़ पर मुकदमा ओ.एस. (टाईटल शूट)-210/2005 दर्ज कराया गया था। समझौता के बाबत दोनों पक्षकारों के बीच कई दौर की वार्ता हुई थी, लेकिन विवाद नहीं सुलझ पा रहा था। पुनः माननीय न्यायालय के पहल पर समझौता हेतु दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बैठकें हुई, तत्पश्चात शुभचिंतकों दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं तथा मध्यस्थ द्वारा 19 वर्ष पुराने वाद को सुलझा लिया गया। पक्षकारों के बीच यह सहमति बनी कि एम.एस. प्लॉट नम्बर-1165, 1167, 1168, लेक रोड स्थित भूमि में वादी दामोदर नाथ शाहदेव को 62.80 डिसमिल तथा प्रतिवादीगण बड़ा लाल गोविंद शाहदेव एवं अन्य को 62.80 डिसमिल भूमि मिलेगा, जिसमें दोनों पक्ष अपने-अपने हिस्से की जमीन में अपनी मर्जी से उस भूमि का उपयोग करेंगे। इस बाबत पक्षकारों द्वारा नक्शे की प्रति भी दायर की गयी, जिसमें उनके हिस्से का विवरण दर्ज है। मध्यस्थता मध्यस्थत एल.के. गिरि द्वारा की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची राकेश रंजन द्वारा विवाद सुलझने पर दोनों पक्षों को तथा उनके विद्वान अधिवक्ताओं को बधाई दी गयी है।

### शॉर्ट सर्किट से मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स में लगी आग, लोगों ने बुझाया

**रांची** : सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ जाने वाले मार्ग पर स्थित द किडनी क्लीनिक और आनंद न्यूरो अस्पताल के पास शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक पूरे मार्केट कांप्लेक्स में आग लग गयी। अगलगी की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की लपटे देख कर अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज भागने लगे। अस्पताल के कर्मचारी और स्थानीय लोग ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसी क्रम में मार्केट में संचालित हो रहे कार वाशिंग सेंटर के पानी से आग को बुझाया गया। मार्केटिंग परिसर में अपना वॉशिंग सेंटर का काम कर रहे रमन कुमार ने बताया कि आग की लपटे इतनी तेज थी कि पांच मिनट में ही पहले तल्ले के सारे वायरिंग जलकर राख हो गए। हालांकि जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। लेकिन आग की लपटे इतनी तेज थी कि यदि स्थानीय लोग त्वरित प्रयास कर आग को नहीं बुझाते तो शायद यह आग भीषण रूप ले लेता। मामले में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी पुलिस मौके पर पहुंची और फ्रायर बिग्रेड को सूचना दी गयी। लेकिन स्थानीय लोग और कार वाशिंग सेंटर के लोगों ने आग को बुझा लिया। अगलगी में किसी के हताहत की सूचना नहीं है।

### रांची में दंगे का फरार आरोपित गिरफ्तार

**रांची** : राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने रांची दंगे के फरार आरोपित मो. सद्दाम को गिरफ्तार किया है। वह हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद के पास हुए साम्प्रदायिक दंगे में भी शामिल था। उसके खिलाफ रांची के 11 थानों में अलग-अलग मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली थाना के एक मामले के आरोपित मो सद्दाम उर्फ कोरेंट पगला एसएन गांगुली रोड पर रेकी कर रहा है। इसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित टीम ने मो. सदाम को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लूटपाट को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहा था। इसी दौरान पकड़ा गया। पूछताछ में सद्दाम ने बताया कि हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र के एकरा मस्जिद के पास हुए साम्प्रदायिक दंगे में भी वह शामिल था।

# केंद्रीय सशस्त्र बल के आवासन को लेकर किसी प्रकार की समस्या ना हो : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बलों के आवासन स्थलों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चल रहे कार्यों की समीक्षा संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव उपस्थित थे।

**जिला के सभी प्रखंडों के कार्यो की क्रमवार समीक्षा**

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला में मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर आवासन को लेकर पेयजल/शौचालय/बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निमित्त लोकसभा चुनाव 2024 शांति पूर्ण मतदान कराने को लेकर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर बनाए जा रहें बेस कैंप में सारी सुविधा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों से क्रमवार समीक्षा करते हुए ससमय सारा कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

**सारी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश**

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मतदान बूथों एवं क्लस्टर में पेयजल/शौचालय/बिजली आदि की सुनिश्चितता को लेकर सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित हो तथा मतदान केंद्रों में साफ-सफाई पेय जल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया।

**केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो**

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा कहा की चुनाव के समय जो भी फोर्स यहाँ रुके उनके लिए बूथों पर जरुरी सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित रूप से होना चाहिए। ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या बूथों पर रहने के दौरान ना हो। इसलिए सभी सम्बंधित अधिकारी यह पहले से ये देख ले की बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें एवं साथ ही पुलिस पार्टी, पोलिंग पार्टी के लिए भी सारी तैयारी होनी चाहिए। इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

मतदान बूथों का साफ-सफाई अच्छी तरह से करने के निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान केंद्र का सफाई होना बहुत जरुरी है,चुनाव से पहले साफ-सफाई विशेष रूप से हो जानी चाहिए। मतदान के दौरान मतदान केंद्र और आस-पास गंदगी कही नही हो इसपर सभी ध्यान देंगे।

**आवासन स्थल पर समन्वय के लिए कर्मी की नियुक्ति**

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर बनाए जा रहें क्लस्टरों पर एक समन्वय के लिए कर्मी की नियुक्ति किया जाए ताकि ये सभी सम्बंधित अधिकारी से समन्वय करके सारी व्यवस्था ठीक रख सकें, ताकि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के आवासन को लेकर उन्हें कोई परेशानी उत्पन्न ना हो।

## चेक अनादरण व विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत आज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक का आयोजन 27 अप्रैल को होना सुनिश्चित हुआ हैं, जिसका उदघाटन माननीय न्यायायुक्त दिवाकर पांडे के द्वारा किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा सभी तैयारी पूरी कर ली गयी। विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया है, जिसमें एन.आई एक्ट के लिए - 23 एवं विद्धुत अधिनियम के लिए - 4 तथा मासिक लोक अदालत के लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया है। विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण एवं विद्युत से संबंधि वादों को सफलतापूर्वक सुलझाया जायेगा। चेक अनादरण के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस भेजा जा चुका है एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है। यह भी ज्ञात हो कि उक्त तिथि को मासिक लोक अदालत का भी आयोजना किया जाना है, इसके लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया है। इसमें सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चोक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके उसका निष्पादन किया जायेगा। इसके अलावा बैंक ऋण से संबंधित मामले एवं कार्यपालक न्यायालयों के मामले को भी चिन्हित किया गया है, जिसमें पक्षकारों को नोटिस किया गया है और अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन का प्रयास किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा इन मामलों को चिन्हित भी किया गया है, जिनका निष्पादन विशेष लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत में होना है।

■ लंबित मामलों के अधिक से अधिक निष्पादन पर जोर

## नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने परचम लहराया





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कांके** : रांची स्थित नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने जे.ई.ई.मेन्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अंजली मिश्रा 99, मोहित आनंद 96.99, शाहबान रिजवी 94.40 प्रतिशत हासिल किया है। प्राचार्या महोदया किरण यादव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दीं और जे.ई.ई. एडवांस में सफलता की शुभकामनाएं दी। साथ ही अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई दी। इसी मौके पर पानीपत में हुए डीएवी नैशनल स्पोर्ट्स में कुश्ती प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को प्राचार्या ने सम्मानित किया। अंडर 17 प्रतियोगिता में कनक भारती इ, दिव्या प्रकाशनी उ, अमन कुमार XII H ने गोल्डमेडल हासिल किया।

## एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिमों को देना इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा : अमित मंडल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है। अमित मंडल शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव से सबक साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मंडल ने कहा कि 09 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद के 52वें बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले। पहला दावा उनका होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए। मंडल ने कहा कि इससे एक खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था, बल्कि जानबूझ कर दिया था।

## री एडमिशन के नाम पर निजी स्कूलों की अवैध वसूली पर अबिलंब रोक लगाया जाये : आजसू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के उपायुक्त महोदय रांची के नाम पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी स्कूलों के द्वारा री-एडमिशन फीस लेने पर रोक लगाने के संबध में दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा की रांची जिला के अंतर्गत आने वाले सभी निजी स्कूलों के द्वारा री- एडमिशन के नाम पर अभिभावकों पर दबाव बना कर फीस वसूली जा रही है जो की शिक्षा का अधिकार अधिनियम (फ्ळक) नियम का उलंघन है । सर्वोच्च न्यायालय ने भी री - एडमिशन के नाम पर कई वर्षो पहले ही अभिभावकों से अवैध तरीके से फीस वसूली पर रोक लगाने को कहा है परंतु निजी स्कूलों के द्वारा मनमाना तरीके से भिन्न भिन्न मद से पैसे की अवैध वसूली जारी है। उन्होंने कहा की अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) निवेदन करती है की इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए अन्यथा आजसू बाध्य हो कर चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, दीपक रजक, आशुतोष सिन्हा, पियूष सिंह, नीलाभ रत्न इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में कुलपति ने किया दो पुस्तकों का विमोचन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : शुक्रवार को अपराह्न 1 बजे पर्यावरण अध्ययन विभाग की संकाय सदस्य डॉ. अमृता लाल की लिखित दो पुस्तकों का प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य द्वारा विमोचन किया गया। यह दो पुस्तकें ब्यूटिया मोनो स्पर्मा : द फ्लेम ऑफ फॉरेस्ट और एनवायरनमेंटल साइंस प्रैक्टिकल के नाम से शीर्षांकित है। कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने इन पुस्तकों के विमोचन पर कहा कि यह काफी हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय में जर्नल और पुस्तकों का प्रकाशन नियमित अंतराल पर किया जा रहा है। उन्होंने दोनों पुस्तकों की सराहना करते हुए कहा कि यह दोनों पुस्तकें विद्यार्थियों को केंद्र बिंदु रखते में हुए लिखी गई है जो उनके लिए काफी उपयोगी होगी। पुस्तक की लेखिका डॉ. अमृता लाल ने मौके पर कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विद्यार्थी के तौर पर अध्ययन और अध्यापन के उपरांत यहां से ही अपनी दो पुस्तकों का प्रकाशन उनके लिए काफी गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होंने इन पुस्तकों के प्रकाशन के लिए कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह, पर्यावरण अध्ययन की समन्वयक डॉ. नमिता लाल के साथ अपने सभी विभागीय और पारिवारिक सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें इन पुस्तकों के लेखन का प्रेरणास्रोत बताया।

## जेईई मेंस सेशन-2 में डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने सफलता का नया कीर्तिमान रचा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अप्रैल 2024 में आयोजित जेईई मेंस सेशन-2 में डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के सौरव कुमार ने 99.91 परसेंटाइल, तनय कात्यायन 99.21 परसेंटाइल, जिज्ञान्सु कुमार ने 98.1 परसेंटाइल, धीरज कुमार ने 97.36 परसेंटाइल, अंशुमान तिवारी ने 97.34 परसेंटाइल, श्रेष्ठ अग्रहरी 97.30 परसेंटाइल, हर्ष कुमार 96.11 परसेंटाइल, जयबल्लभ पाठक ने 95.59 परसेंटाइल, कन्हैया वर्मा 93.67 परसेंटाइल, शुभ शक्ति पाण्डेय 92.28 परसेंटाइल,देवांशु प्रसाद ने 90.17 परसेंटाइल प्राप्त कर अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय का नाम रौशन किया। इस सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए जेईई एडवांस के लिए उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया।

## वाहो वाहो गोबिंद सिंह जी के जयकारे और नगाड़े की थाप के साथ कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : वाहो वाहो गोबिंद सिंह जी के जयकारे और नगाड़े की थाप के साथ शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा से नगर कीर्तन की शुरूआत हुई.इस नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के स्वरूप को पुष्प से सजे वाहन पर विराजमान कर पांच निशानची हरविंदर सिंह मिढ़ा, जीत सिंह, हरप्रीत सिंह, सतविंदर सिंह चुचरा, रविंदर सिंह एवं पांच प्यारे स्वर्णदीप सिंह, अमरजीत सिंह मुंजाल, कवलजीत सिंह मिढ़ा, रमनदीप सिंह, अमन सिंह माकन की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से आरंभ होकर कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित विजय कटारिया और सुनील गेरा के चौक, झंडा चौक, गोपाल दास सरदाना के चौक से होकर डॉ अजय छावड़ा के क्लिनिक होते हुए भगत सिंह मिढ़ा के आवास, बबलू गांधी, सुभाष मिढ़ा, जीतू काठपाल,राज कुमार सुखीजा, अशोक मिढ़ा के चौक होते हुए सेंट्रल बैंक गली और भगवान सिंह बेदी, रमेश पपनेजा, नरेश पपनेजा, हरविंदर सिंह बेदी, द्वारकादास मुंजाल, सुनील मिढ़ा, प्रेम खत्री, बलबीर काठपाल, मनीष सरदाना, श्याम लाल गाबा, होला राम तेहरी के चौक, विवेकानंद अस्पताल तथा सुंदर लाल मिढ़ा के चौक एवं शहीद भगत सिंह चौक होते हुए दर्शन दिउड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह 8.30 बजे मनीष मिढ़ा द्वारा की गई अरदास के साथ विसर्जित हो गया।

## मतदाता सूची में नाम दर्ज करने/सुधार को लेकर मोरहाबादी मैदान में विशेष कैम्प आयोजित



**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, सह सचिव झारखण्ड रांची द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 विशेष कैम्प के आयोजन के संबंध में निदेशित किया गया था। जिसमें निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, उत्कर्ष कुमार द्वारा दिनांक 25 अप्रैल एवं 26 अप्रैल 2024 को मोरहाबादी मैदान में प्रातः 06 बजे से मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी, श्री जफर हसनत के सहयोग से इस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लोगों में चुनाव के प्रति उत्साह देखा गया, और लोगों ने शंका एवं सवालों का जवाब पाया, और वोटर हेल्पलाइन ऐप भी डाउनलोड किया।

मीडिया और सिविल सोसायटी की भूमिका पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

## वोट से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होगा : डीडीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची जिला के स्वीप सेल के नोडल पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने सिविल सोसायटी और मीडिया को आह्वान किया कि वे नागरिकों को मतदान के लिए उत्प्रेरित करें। वोट का कोई विकल्प नहीं है 4और इसी से देश का लोकतान्त्रिक ढांचा और मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को चुन4ाव सहित अभिशासन में भाग लेना चाहिए, इसी से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है और लोगों कि जरूरतों के अनुरूप कार्य कलरने को सरकार बाध्य होती है। श्री यादव आज चुनाव सुधार से जुड़ी राष्ट्रीय संस्था एडीआर, नेशनल इलेक्शन वॉच, जिला स्वीप सेल और मंथन युवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। रांची प्रेस क्लब में आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए एडीआर- नेशनल इलेक्शन वॉच के राज्य प्रमुख सुधीर पाल ने कहा कि नागरिकों का दायित्व केवल वोट डालना नहीं बल्कि अच्छे लोग चुनकर आयें और किसी भी प्रकार कि गड़बड़ियों कि जानकारी होने पर हस्तक्षेप करना भी है। रांची प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत ने आश्वस्त किया कि मीडिया अपनी भूमिका को लेकर मुस्तैद है। क्लब के पूर्व सचिव शंभू चौधरी और संजय खण्डेलवाल ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर एडीआर, नेशनल इलेक्शन वॉच, और मंथन युवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित ऑन लाइन निबंध प्रतियोगिता 'हम वोट करेंगे' के सफल प्रतियोगियों को उप विकास आयुक्त ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में लगभग 300 युवाओं ने भाग लिया था। प्रथम पुरस्कार गोड्डा के मो. इजराइल, द्वितीय पुरस्कार रजनी कुमारी, मारवाड़ी कॉलेज, तृतीय पुरस्कार पांडे रितिक राज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, को दिया गया। पुरस्कार स्वरूप प्रतिभागियों को नकद रुपए और प्रमाण पत्र दिए गए। संतावना पुरस्कार अतुल आशीष, मारवाड़ी कॉलेज, श्रेयसी साहू, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, सौरव कुमार वैध्य, मारवाड़ी कॉलेज, बाबली भूतकुमार, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी, ईशा खान, वाई बी एन यूनिवर्सिटी, बिपिन रंजन, वाई बी एन यूनिवर्सिटी, नयन श्री, सेंट्रल यूनिवर्सिटी और प्रिया कौर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी को दिया गया।

लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल संचालन के लिए हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई को लेकर बैठक

# हाथी प्रभावित इलाकों पर विशेष नजर रखें : राहुल कुमार सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल संचालन हेतु हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई किए जाने संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), राजेश्वर नाथ आलोक, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक सुमन, सभी सम्बंधित अंचल अधिकारी, डीएसपी, अरविन्द कुमार एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल संचालन हेतु हाथी प्रभावित क्षेत्रों में निम्न निर्देशः

(1) लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदान कर्मियों/आमजनों की हाथी से जानमाल की सुरक्षा हेतु संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों को चिन्हित करते हुए प्रयोग किए जाने वाले मार्गों एवं केन्द्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

(2) हाथी से जानमाल की सुरक्षा हेतु Do's & Dont's पैम्पलेट का मुद्रण स्थानीय स्तर पर समुचित संख्या में कराकर मतदान कर्मियों/आमजनों के बीच परिचालित करायी जाए। संभव हो तो इस संबंध में हाथी प्रभावित क्षेत्रों के मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा दलों के Briefing की व्यवस्था की जाये।

(3) वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर हाथियों से बचाव संबंधी सामग्रियों एवं कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

(4) भारी मात्रा में नगदी, अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध वस्तुओं के परिचालन पर रोक लगाने हेतु वन विभाग के चेक पोस्टों की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति हेतु समन्वय करने के निर्देश।

हाथी प्रभावित इलाकों पर विशेष नजर रखें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने हाथी प्रभावित क्षेत्र के अंचल अधिकारियों से कहा कि जिस जगह पर हाथी प्रभावित क्षेत्र है, वहाँ विशेष नजर रखते हुए चुनाव के दौरान लगातार मॉनिटरिंग करते रहें।

## गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर काम कर रहा गैंग्स ऑफ छोटानागपुर : प्रतुल शाहदेव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने आरोप लगाया की गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर गैंग्स ऑफ छोटानागपुर काम कर रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के कई अन्य बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। प्रतुल शाहदेव शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि लव जिहाद को सरकार ने पूरे तरीके से नजरअंदाज करके रखा था। अब लैंड जिहाद भी इस सरकार में शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कब्जे वाली 8.86 एकड़ की बेनामी जमीन पर कब्जे में जिन लोगों पर कागजात के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा उनमें इरशाद, अफसर अली, इम्तियाज, सद्दाम, ताल्हा और फैयाज प्रमुख हैं। प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या यह बात सही है कि रात के 8:00 बजे के बाद इस गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्यों को मुख्यमंत्री आवास में एंट्री करने की खुली छूट थी और उसे समय सीसीटीवी भी ऑफ कर दिया जाता था? प्रतुल ने एजेंसियों से आग्रह किया कि उस समय के सुरक्षा पदाधिकारी से बुलाकर इस मुद्दे पर जानकारी ली जाए। क्योंकि, अब तक तो सीसीटीवी फुटेज इन लोगों ने नष्ट कर दिया होगा। उन्होंने कहा कि लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल, सलीम, राशिद, हुसैन, मंजूर और अनवर को भी अभियुक्त बनाया गया है।

## एक झलक

### छत से नीचे गिरने से युवक की मौत

**विष्णुगढ़** : वर्तमान युवा पीढ़ी में युवाओं के बीच नशीले पदार्थों का सेवन अभिभावकों के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है जो को समय दर समय बढ़ती ही जा रही है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मड़मो निवासी लखन रवानी के 25 वर्षीय पुत्र रवि रवानी का बुधवार को निधन हो गया। बताया गया कि पिछले बुधवार की संध्या युवक रवि रवानी शराब के नशे में अपने घर के छत पर गया था लेकिन अत्यधिक नशे में होने की वजह से संभालने और समझने की परिस्थिति में नहीं होने के कारण वह अपने घर की छत से नीचे गिर गया। छत से गिरने पर मांथे एवम शरीर के अन्य भागों में काफी गहरी चोटें आई। जिसके उपरांत स्थित गंभीर होने की वजह से बेहतर इलाज हेतु रांची के रीम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन बीते दिन बुधवार की सुबह नवयुवक का निधन हो गया। इस दुर्घटना से विचलित लोगों के मुख में केवल एक ही बात है की युवा पीढ़ी नशीले पदार्थों के सेवन से खुद को बचाएं एवम सुरक्षित रहें।

### नदी में डूबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड की सिरैय पंचायत अंतर्गत खेदाडीह नदी में डूबकर एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद मासूम का शव नदी से बरामद किया गया। घटना गुरुवार की दोपहर लगभग दो बजे की है। पंचायत की मुखिया हेमंती देवी ने बताया कि खेदाडीह निवासी जागेश्वर महतो का पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार अपनी मां के साथ घर से करीब आधा किमी दूर खेदाडीह नदी में नहाने गया था। नदी में पानी कम रहने के कारण पानी के ठहराव के लिए एक बड़ा गड्ढा नदी में खोदा गया था। नदी में बने उसी गड्ढे में बालक नहाने लगा। गहरा गड्ढा होने के कारण बालक पानी में डूब गया। इस दौरान बालक की मां थोड़ी दूरी पर कपड़ा धोने में व्यस्त थी। उसे घटना का पता भी नहीं चला। थोड़ी देर बाद जब वह बालक की खोजबीन करने लगी तो कहीं दिखाई नहीं दिया। उसने सोचा शायद वह नहाकर घर चला गया होगा। घर पहुंचने पर पता चला कि वह नहीं पहुंचा है। इसके बाद हो-हल्ला होना शुरू हो गया। जानकारी पाकर कई ग्रामीण तथा परिजन पुनः नदी पहुंचे और खोजबीन करने लगे।

### मंत्रोच्चारण व हवन के साथ रुद्र महायज्ञ सम्पन्न

**दारू** : दारू प्रखंड क्षेत्र के बड़वार में आयोजित श्री श्री 1008 श्री पंचपरिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ का समापन शुक्रवार को प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। समापन के दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर भगवान की अराधना कर क्षेत्र व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। यज्ञाचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा के साथ अन्य सहयोगी पंडितों ने मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई तथा यज्ञवेदी में हवन कराया। यज्ञाचार्य ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया गया है। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं के जय भोलेनाथ, जय श्री राम के गगन भेदी जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। अंतिम दिन भंडारा में प्रसाद लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

### सड़क दुर्घटना में दो गम्भीर रूप से घायल

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ बगोदर मुख्य मार्ग एनएच-522 पर होटल अतिथि सत्कार के पास शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बोलेरो और हुंडई कार दोनो आपस में टक्कर हो गई।टक्कर की वजह से बोलेरो सड़क के किनारे पलट गई। बोलेरो के पलटने की वजह से बोलेरो में सवार पेमिया देवी पति सहदेव मिस्त्री उम्र करीब 52 वर्ष सरिया कैलाटांड के कमर पर गंभीर चोट आई वही बोलेरो में ही सवार बुलाकी विश्वकर्मा पिता स्व. वकील विश्वकर्मा,उम्र 42 वर्ष राजधनवार झारखण्ड धाम पर्सन निवासी का बायां हाथ को हड्डी टूट गई।इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी,जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से विष्णुगढ सीएचसी लाया गया।

## प्रारम्भ हुई नामांकन प्रपत्रों की बिक्री, फॉर्म जमा करने का अंतिम दिन 03 मई होगा, 06 को होगी नाम वापसी

# पहले दिन 04 प्रपत्रों की हुई बिक्री : निर्वाचन पदाधिकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**




**हजारीबाग** : गजट प्रकाशन के साथ ही जिला में नामांकन की प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू हो गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने पत्रकार समेल्लन में जानकारी देते हुए बताई की नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई होगा। 4 मई को नामांकन प्रपत्रों स्क्रोट्रिनी होगी तथा नाम वापसी 6 मई की जा सकेगी। 20 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि 27 - 28अप्रैल को छुट्टी होने के कारण प्रपत्रों की बिक्री एवम फॉर्म जमा नहीं किया जा सकेगा। प्रपत्रों की बिक्री के पहले दिन 4प्रपत्र खरीदे गए । चुनाव को बेहतर ढंग से संचालित कराने के लिए जिले में 1668 बूथ बनाए गए है। जिसमे 14 लोक सभा क्षेत्र में2254 बूथ में 1668 मतदान केंद्र बनाए गए है । चुनाव सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए268 सेक्टर बनाए गए है। जहा पुलिस और दण्डधिकारी प्रतिनियुक्त होंगे। चुनाव में आचार सहिता का उलंघन न हो इसके लिए अनुश्रवण , एसएसटी, एफएसटी, फ्लाइंग स्कॉट,वीडियो वेविंग,लेखा दल का गठन किया गया है जो निगरानी रखेगी।आयोग ने सी विजियल ऐप तैयार किया है जिस पर शिकायत आने पर अभिलंब होगी। उन्होंने जानकारी देते हुए यह भी बताया की कुल मतदाताओं की की संख्या 1935784 है जिस में पुरुष 995321, महिला 940432, थर्ड जेंडर 31है। वही नए वोटर्स50479 जोड़े गए है जिसमे 22194 पुरुष और 28294 महिला मतदाता शामिल है एक थर्ड जेंडर शामिल है।इस चुनाव में कुल 9 मान्यताप्राप्त राजनैतिक दल चुनाव में भाग लेंगे। लोक सभा चुनाव में 19 अति संवेदन शील एवम 563 क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए गए है। चुनाव संचालन के लिए 13000 लोगो को शामिल किया गया है। जिसमे 850 मतदान कर्मी,268 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 14000 पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। चुनाव समय पर शुरू हो जाए इसके लिए मतदान कर्मी एक दिन पहले 19 मई को रात्रि विश्राम बूथ पर करेंगे। ताकि समय पर 7 बजे मतदान शुरू हो सके । मतदान 7 सुबह से 5 बजे तक होगा। इस बार करीब 125 मतदाता अपने घर से ही मतदान कर सकेंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। मौके पर जिला चुनाव पदाधिकारी और अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह भी मौजूद थे।

**पांच ने खरीदा नामांकन प्रपत्र**

**अधिसूचना** जारी होने के साथ ही पहले दिन पांच उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया की पहले दी जय प्रकाश भाई पटेल, मनीष जयसवाल, संजय मेहता, मो माउड्डिन अहमद और कुंज बिहारी कुमार ने प्रपत्र खरीदा।

### बीडीओ व सीओ ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश



**केरेडारी** : आसन्न लोक-सभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। प्रखण्ड क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो व अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार व अंचलाधिकारी रामरतन बर्णवाल लगातार प्रयास कर रहे हैं। इन्ही तैयारियों के निरीक्षण हेतु शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी ने गोपदा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय पगार,सामुदायिक भवन भदईखाप सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इन्होंने इन मतदान केंद्रों में मौजूद मुलभुत सुविधाओं में पेयजल, रैम्प, शौचालय,पंखे सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया साथ ही जरुरी दिशा निर्देश दिया है। सीओ रामरतन बर्णवाल व बिडिओ अमित कुमार ने लोकतंत्र के महापर्व में आगामी 20 मई को हजारीबाग लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़ चढ़ कर भाग लेने का भी आग्रह किया है।

## एक बच्चे की मां प्रेमी संग फरार घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरकट्ठा** : थाना क्षेत्र के मासीपीढ़ी गांव निवासी मुकेश मंडल उम्र 30 वर्ष पिता गेंदो महतो ने गांव के ही यूवक कुश कुमार पिता बीरबल महतो पर अपनी पत्नी सुनीता देवी (काल्पनिक नाम) नगदी समेत जेवरात लेकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इस बाबत विवाहित के पति ने एक लिखित आवेदन बरकट्ठा थाना को दिया है जिसमें उन्होंने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि मैं उड़िसा में रहकर दैनिक मजदूरी का कार्य करता हूं मुझे दिनांक 21/04/2024को सुबह 6 बजे मेरी मां फोन पर जानकारी दी कि तुम्हारी पत्नी कुश कुमार के साथ तुम्हारे दो वर्ष के बच्चा लेकर फरार हो गई है। सूचना पाकर मैं दिनांक 22/04/2024 को अपना घर आया तो देखा कि घर में रखा में 60,000 नकद, सोना का चैन, सोने का कानबाली, सोने का ताबिज , एवं सोने का अंगूठी लेकर फरार हो गई। अपने आवेदन में आगे उन्होंने लिखा है कि छः माह पहले भी कुश कुमार व मेरी पत्नी के बीच गलत संबंध और फोन पर बात चीत करने का मामला आया था जिसमें विवाहिता के मायके वालों के साथ घरेलू समझौता हुआ था। लेकिन इसके बाद भी दोनों छुप-छुप कर फोन पर बातचीत करते थे। उन्होंने कुश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी पत्नी को दो वर्ष के बच्चे साथ कुश कुमार ही लेकर फरार हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद मै दिनांक 22/4/24 को बरकट्ठा में अपनी पत्नी और और दो वर्ष के बच्चे की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था, लेकिन इस मामले को लेकर प्रशासन थोड़ी सी भी दिलचस्पी नहीं दिखा रही और मै प्रतिदिन थाने का चक्कर लगा रहा हूं।

## विश्व मलेरिया दिवस पर डेंटल कॉलेज में जागरूकता फैलाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम

# मलेरिया प्लाजमोडियम संक्रमित मच्छरों से फैलती है : डॉ. प्रवीण श्रीनिवास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विभिन्न सकांय तथा छात्रों के संयुक्त प्रयास से मलेरिया की रोकथाम और उपचार के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए एक जानकारीपूर्ण नाटक का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन प्रार्थना बर्मन चक्रवर्ती एवं डॉ सायंतन चक्रवर्ती ने किया। युजी और बीडिएस के छात्रों ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार से संबंधित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का अनोखा संदेश दिया। साथ ही कॉलेज परिवार द्वारा नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्रों को प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम (वाईवेक्स एवं फैलसिपेरम) से होने वाली बीमारी है। जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। इसके मुख्य लक्षण ठंडक के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी व बदनदर्द है। समय से इलाज के अभाव में बीमारी गंभीर हो जाती है। इससे बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई रखे, जलभराव न होने दें, कूलर, गमले, नाली आदि में पानी अधिक समय तक जमा न होने दें। बच्चों को सुबह शाम फुल आस्तीन की शर्ट व पैंट पहनाएं। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त नजदीकी अस्पताल में मलेरिया की जांच कराएं व पुष्टि होने पर इसका सम्पूर्ण इलाज करें।

## स्वच्छता अभियान 2024 को सफल बनाने को लेकर डाक कर्मियों की गोष्ठी आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : डाक विभाग द्वारा कॉलेज मोड़ उप डाकघर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता एक्शन प्लान 2024 कार्य योजना को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में ब्रजेश कुमार पासवान, सहायक डाक अधीक्षक, हजारीबाग ने सेंट्रल सब डिवीजन के उप डाकघर व शाखा डाकघर के डाकपाल, बीपीएम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने कार्यालय में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें। साथ ही डाकघर परिसर समेत आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। ग्राहकों के लिये स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रखें। उन्होंने आगे कहा कि साफ-सफाई से संबंधित प्रत्येक डाकघर में त्रैमासिक कार्य योजना तैयार करें। साथ ही डाकघर में कागजातों का रख-रखाव सही तरीके से किया जाए। उन्होंने डाक कर्मियों से अपील किया कि समाज को स्वच्छ रखने में डाक विभाग अपना पूर्ण सहयोग करें। इसकी शुरूआत अपने कार्यालय से करें। उन्होंने उपभोक्ताओं को हर सुविधा मुहैया कराने व उन्हें डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की पूर्ण जानकारी देने की बात कही। जिससे उपभोक्ता इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सके। वहीं मौके पर उप डाकपाल नंदन कुमार, केडी सिंह, राज सेठी, अभय लकड़ा, रामाश्रय प्रसाद, सिकन्दर कुशवाहा, डाक सहायक पंकज कुमार, रामकुमार शर्मा, पोस्टमैन दिलीप कुमार, शाखा डाकपाल राजीव रंजन मिश्र, अविनाश हेम्ब्रम सहित काफी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का गोला में तूफानी दौरा

# 11 पंचायतों के 18 गांवों में किया जनसम्पर्क, मिला अपार जनसमर्थन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को फिर से रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तुफानी दौरा 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच किया और इस क्षेत्र के 11 पंचायतों के 18 गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क और जनसंवाद किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के गांव में आने की सूचना पाकर उन्हें देखने - सुनने को हरेक जगहों पर लोगों का सैलाब उमड़ा। मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को अपने गोला प्रखंड क्षेत्र दौरे की विधिवत शुरूआत मां छिन्नमस्तिका की पावन धरती रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हुप्पु पंचायत स्थित ग्राम तोयर के स्व.दशरथ महतो चौक से किया। जहां पहुंचने पर सर्वप्रथम उनका स्थानीय भाजपा एवं आजसू के कार्यकताओं ने गर्मजोशी से गाजे बाजे के साथ फूल- माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। जिसके बाद ग्राम हुप्पू, खोखा, बंदा, मूरपा, कोराम्बे, रकवा, सुतरी, मगनपुर बाजारटांड़, सोसोकला, कुम्हारदग्गा, डभातु बाजार टांड़, बरियातू अखाड़ा, कामता बरवाटांड़, गोला चौक बाजार और चाडी हेरमदग्गा पहुंचकर विकास के नाम पर फिर एकबार मोदी सरकार बनाने का अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान हरेक गांवों में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साहित होकर जबरदस्त स्वागत किया और पूर्ण समर्थन का भरोसा भी जताया ।श्री जायसवाल प्रचंड धूप और गर्मी के बीच जैसे ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हेसापोडा पंचायत के ग्राम कोराम्बे बाजारटांड़ पहुंचे तो गर्मी में स्फूर्ति और ऊर्जा बरकरार रखने हेतु उन्होंने यहां से खीरा खरीदा और खीरा खाकर शरीर को ठंडक पहुंचाने का कोशिश किया।

## आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया 10वां स्थापना दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**विष्णुगढ़** : प्रखंड के चेडरा पंचायत स्थित आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल ने अपना 10वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। विगत दस वर्षो पूर्व इस विद्यालय की स्थापना की गई थी। उस समय एक छोटे से बिल्डिंग से इसकी शुरूआत की गई थी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों इकबाल खान राणा, सागर कुमार, अरुण कुमार यादव, कैलाश राम, कृष्णा राणा, प्राचार्य दिग्विजय राणा के अथक प्रयास एवं कुशल व्यवहार की बदौलत आज आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल विष्णुगढ़ के सर्वोत्तम स्कूलों में गिना जाता है। स्थापना दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने स्वागत गान की सुंदर प्रस्तुति के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका उपासना कुमारी ने किया। स्थापना दिवस के सुअवसर पर विद्यालय के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने जिसमे राजेश कुमार,रवि पांडे,प्रतिमा देवी तथा गुणधार देवी ने संयुक्त रूप से केक काटा।इस अवसर पर सत्र 2023-2024 में शीर्ष अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं में 89 स्टार बैच,11 सिल्वर और 27 गोल्डेन बैच वितरित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रबंध निदेशक सागर कुमार ने विद्यालय के दस वर्षो के अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यालय के विगत दस वर्षों के सफर में काफी उतार चढ़ाव का सामना किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने कड़ी मेहनत और सेवा भावना के तहत कार्य कर विद्यालय को शिखर पर पहुचाने में अहम भूमिका निभाई है।

## बिरहोर परिवारों को ऋत्विक कम्पनी दे रही है पौष्टिक भोजन



**सुरेश मिश्रा**

**केरेडारी** : एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस के एमडीओ माइनिंग कंपनी ऋत्विक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पगार बिरहोर टोला में निवास कर रहे 32 आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के 120 सदस्यों को रोजाना पौष्टिक आहार युक्त भोजन दिया जा रहा है! कंपनी की यह पहल रामनवमी के शुभ अवसर पर शुरू किया गया है! इस संदर्भ में ऋत्विक कंपनी के अधिकारी रवि सिन्हा ने बताया कि आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को पौष्टिक आहार नहीं मिलने से उनकी शारीरिक और मानसिक रूप से संपूर्ण विकास नहीं हो रहा था। कंपनी जब तक यहां पर माइनिंग का कार्य करेगी बिरहोर परिवारों को रोजाना पौष्टिक भोजन मिलता रहेगा! इसके आलवे इनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित अंतराल पर स्वास्थ जांच के साथ शिक्षा पर भी सार्थक प्रयास कर रही है जिससे बिरहोर परिवार का विकास हो वे भी स्वस्थ और अच्छी तरीके से जीवन यापन कर सके।

## पशु तस्करों पर चौपारण पुलिस का लगातार प्रहार

### 16 पशुओं के साथ 02 धराये

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चौपारण** : चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों के सघन चेकिंग के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के निदेर्शानुसार अहले सुबह चौपारण की ओर से एक पिकअप वाहन बीआर03जीबी-9703 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे जांच हेतु रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। परन्तु आगे बड़ी वाहन रहने के कारण भागने में सफल नहीं हो पाया, जिसके उपरांत वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए लोगो मे रामकिशोर सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष पिता- हरेन्द्र सिंह ग्राम- कुसमाही थाना- उतवन्त नगर जिला-भोजपुर 2. मो0 सोनु उम्र-26 वर्ष पिता- मो० मुख्तार सा०- नमजद गौरा लालपुर थाना- जखनिया जिला- गाजीपुर (यु०पी०) है। वाहन जांच के क्रम में पिकअप वाहन के डाला में 16 भैंस का बच्चा क्रूरतापूर्वक लोड पाया गया। जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तस्कर इतनी गर्मी के मौसम में क्षमता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये।

## संकट मोचन मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर नये मंदिर निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**विष्णुगढ़**: विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक स्थित संकट मोचन मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाते हुए श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को नए मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कहा कि हॉस्पिटल चौक विष्णुगढ़ की हृदयस्थली और व्यवसाय का मुख्य केंद्र है। यह संकट मोचन मंदिर कई वर्षों पूर्व बना था और इस जगह का संकट मोचन मंदिर जीर्ण अवस्था मे रहे यह कतई मंजूर नही। हॉस्पिटल चौक का संकट मोचन मंदिर आने वाले समय में आकर्षण और भव्यता का केंद्र होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अरविंद कुमार लाहकार, सुमित कुमार, दीपु अकेला, राजू श्रीवास्तव, विजय साव, मनोज साव, चंद्रभूषण मिश्रा, मुन्ना भैया, बिपिन सिन्हा, मुन्ना सिंह, अनुराग बर्मन, मनोज कुमार समेत दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रखंड क्षेत्र में नल-जल योजना में घटिया सामग्री का उपयोग कर बरती गयी भारी अनियमितता

- हल्के आंधी-तूफान से उड़ कर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं सोलर प्लेट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर, नल जल योजना इन दिनों खाय पकाय योजना बन कर रह गई है। प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर इस योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। प्रखंड के बक्सपुरा और बराय पंचायत में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। कही तो जलमीनार जैसे तैसे खड़ा अधूरा छोड़ दिया है, कई पंचायत में तो बिना बोरिंग किए तो कहीं बोरिंग करने पर बिना पानी निकले जलमीनार खड़ा कर दिया गया है। प्रखंड के विष्णुगढ़, बेड़ाहरियारा, सारूकुदर, मड़मो, करगालो, अचलजामो, जोबर, खरकी समेत गांवों में इन दिनों योजना के तहत निर्माण कार्य में पाइप व नल निम्न गुणवता वाले लगाए गए हैं। कई जगहों पर नल टूट गई है तो कई जगहों पर स्ट्रक्चर में दरार आ गई है। बीते महीनो पहले विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम टंडा में लगे जलमीनार में हल्की सी आंधी तूफान से उड़े सोलर पलेट क्षतिग्रस्त हो गया था ।प्रखंड क्षेत्र में संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकार की राशि बंदर बाट की गई है। पूर्व में बेड़ाहरियारा पंचायत में भी इस संबंध में विरोध प्रकट किया गया था लेकिन उसके बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। वहीं इस संबंध में ग्रामीणों ने ठेकेदार एवम विभाग दोनों को इस परिस्थिति से अवगत कराया लेकिन इसके बाद भी कोई ठोस कदम नहीं लिया गया। लगभग पंचायतों में योजना सिर्फ कागजों में ही पूर्ण है लेकिन शिकायत के बाद भी उसी ठेकदार के विभाग के द्वारा इस योजना अंतर्गत और कार्य निर्गत किए गए। जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है इस भीषण गर्मी से क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत होने से ग्रामीण जनता इस गर्मी में पानी की बगैर इधर-उधर भटक रही है ।यदि कार्य में प्रगति और सुधार नही किया गया तो ग्रामीणों के द्वारा जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा जिसका सारा जबाब देही विभाग को होगी।

## हेल्थ इक्विटी, जेंडर इक्वालिटी एंड ह्यूमन राइट्स स्लोगन आधारित कार्यक्रम

**कटकमसांडी** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटकमसांडी के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन शोभा पांडेय व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा द्वारा किया गया। मौके पर छात्राओं, शिक्षको व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ स्कूल परिसर मे रैली निकाली गई। स्वास्थ्य कैंप में कुल 110 बच्चियो का मलेरिया एवं 50 सिकल सेल एनीमिया का जांच किया गया। एमटीएस सुरेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि आज कटकमसांडी प्रखड के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में सीएचओ, एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी एवं सहिया के सहयोग से विद्यालय मे जन जागरुकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

## एक झलक

### मंदिर के पुजारी ने पड़ोसियों के खिलाफ थाना में की शिकायत

**धनबाद** : गोबिंदपुर थाना क्षेत्र के पाथुरिया पंचायत के पतरिंग गांव के निवासी सह शिव मंदिर के पुजारी नागेंद्र नाथ मंडल ने अपने पड़ोसी आनंद मंडल, अमित मंडल, ममता मंडल तीनों के ऊपर शिव मंदिर के चारदीवारी को तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत की है। पुजारी ने बताया कि 2008 में शिव मंदिर का स्थापना किया था, जहां मेरे पड़ोसियों के द्वारा लगातार मुझे प्रताड़ित किया जा रहा एवं मुझे बार बार जबरन यह कहा जा रहा की तुम मंदिर को छोड़कर चले जाओ ताकि यह लोग मंदिर के जमीन को कब्जा कर सके। मंदिर के पुजारी ने कहा मैंने इस मामले को लेकर कई बार पंचायती भी कराया लेकिन वावजूद अमित मंडल, आनंद मंडल एवं ममता मंडल पंचायती को मानने से इंकार कर दिया। हालांकि इस दौरान मीडिया के द्वारा दुसरे पक्ष यानी अमित मंडल, आनंद मंडल एवं ममता मंडल यह सभी से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु यह सभी से संपर्क नहीं पाया।

### टुंडी में भ्रमण कर आजसू प्रत्याशी ने लोगों से मांगा आशीर्वाद

**टुंडी (धनबाद)** : आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने दक्षिणी टुंडी के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद मांगा।वे सर्वप्रथम दक्षिणी टुंडी के कदैया गांव पहुंचे व आम लोगों की समस्याओं को सुना और एक फिर मोदी के नाम पर लोगों से आशीर्वाद मांगा। इसके अलावे वे कदैया गांव के ज्योतिषाचार्य पंडित बलदेव उपाध्याय से मिले व कुशलक्षेम जानी। वहीं गोसाडीह गांव पहुंचने पर लोगों ने पानी की समस्याओं को रखी। जबकि राजाभीठा गांव में लोगों ने कई समस्याओं को रखा व निदान का भरोसा दिया। जबकि तारटांड गांव यज्ञ मंडप पहुंचे। जहां निवर्तमान सांसद ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां ग्रामीणों ने टांसफार्मर जलने की बात कही। तत्काल उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या को निदान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर उनके साथ रामगढ़ के डिप्टी मेयर सह आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, आजसू नेता भास्कर ओझा, राजेश सिंह, सपन ओझा, दिनेश राय, रामचंद्र राणा, संतोष महतो आदि शामिल थे।

### जेएमएम बाघमारा प्रखंड पंचायत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न

**बाघमारा (धनबाद)** : तेतुलमारी स्थिति शक्ति चौक में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखंड के पंचायत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक हुआ, जिसमें टुंडी विधायक सह गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो उपस्थित हुए। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी कार्यकर्ता किस प्रकार लोकसभा चुनाव के दौरान कार्य करेंगे इस पर विचार विमर्श की गई ।इस अवसर पर सभी पंचायत से कार्यकर्ता एवं मुखिया उपस्थित हुए । पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर श्री महतो ने कहा कि सभी प्रखंड में इस तरह की बैठक जारी है, आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में किस तरह से मतदान करना है, इस पर विचार विमर्श की जा रही है । उन्होंने कहा कि इंडिय गठबंधन पार्टी इस बार झारखंड में 14 के 14 सीट लाकर बीजेपी को फर्स्ट करेगी। मथुरा महतो ने आगे बताया कि भाजपा 400 सीट, 400 सीट चिल्ला रही है इनका मंसूबाह कभी पूरा नहीं होगा, यह 200 सीट में ही सीमेंट कर रह जाएगी, इस बार केंद्र में अच्छे बहुमत लाकर इंडिया गठबंधन पार्टी सरकार बनाएगी यह अभी से ही झलक रही है।

### अंजान शाह दाता के मजार पर की गयी चादरपोशी

**महुआडांड़/लातेहार** : महुआडाड प्रखण्ड के परहाटोली पंचायत अंतर्गत ग्राम नगर प्रतापपुर में स्थित अनजान शाह दाता के मजार पर हर वर्ष 26 अप्रैलको उर्स मुबारक मनाया जाता है और साथ में कव्वाली का भी आयोजन किया जाता है। लेकिन इस वर्ष लोक सभा चुनाव को देखतेकव्वाली के आयोजन नहीं किया गया। वहीं अंजान शाह दाता के मजार पर चादर पोशी कुरानखानी लंगरखानी का आयोजन किया गया।

## उपायुक्त ने की बोकारो, चंदनकियारी के एआरओ के साथ बैठक, दिये कई महत्वपूर्ण निर्देश

# ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करने के लिए दोनों विधानसभा के एआरओ व एईआरओ के साथ बैठक की। उपायुक्त ने दोनों एआरओ को विधानसभावार ईवीएम को अलग करने, समय पर ईवीएम की कमिश्निंग करने, ए.एस.डी. वोटर, वल्नेरेबल बूथ सहित अन्य की जांच करने, पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देने, ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने का निर्देश दिया। साथ ही चुनाव के दिन समय पर मॉक पोल करने, मॉक पोल संपन्न होने के बाद की प्रक्रिया का आयोग के निर्देशानुसार अक्षरशः पालन करने, मॉक पोल सर्टिफिकेट पर प्रीसाइडिंग ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा उम्मीदवार या उम्मीदवार के अधिकृत एजेंट का हस्ताक्षर अवश्य रूप से लेने, चुनाव संपन्न होने के बाद रूट प्लान के अनुसार व आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम को स्ट्रांग रूम में पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, बोकारो के एआरओ श्री ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ श्री प्रभात दत्ता, एईआरओ श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती सत्यबाला सिन्हा, श्री दिवाकर दुबे, श्री राजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वोट डालने जाना है, फर्ज अपना निभाना है, तृतीय मतदान पदाधिकारियों को किया प्रशिक्षित

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में शुक्रवार से तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के दौरान तृतीय मतदान पदाधिकारियों को मतदाता पर्ची का संग्रहण करना, कंट्रोल यूनिट के बैलेट बटन को प्रेस कर मतदाता को वोटिंग कंपार्टमेंट में वोट डालने जाने को कहना, के लिए प्रशिक्षण दिया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा उनको ईवीएम को अनबॉक्स करना, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर का मतदान केंद्र के बाहर प्रदर्शन करना, मतदान केंद्र में प्रीसाइडिंग ऑफिसर के निदेर्शानुसार लेआउट बनाना, मशीन के एड्रेस टैग को वैक्स से सील करना, मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम को बॉक्स में भर कर एड्रेस टैग लगाना सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण, श्री राजकुमार वर्मा, श्री संजय कुमार, श्री पुष्कर चंद्र झा, श्री उमेश लाल, श्री कुमार वंदन, श्री सुभाष, आलोक तिवारी, मदन महतो, बृजभूषण पांडेय, श्री ब्रज किशोर चौबे,महफूज आलम, अनवर हुसैन आदि उपस्थित थे।



## वोटर कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदाता कर सकते हैं मतदान

**धनबाद** : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र/राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए जारी सर्विस आइडेंटी कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद/ विधायक/ विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड से मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में मतदाता का नाम दर्ज होना अनिवार्य है।




## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आज शुक्रवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विधानसभावार छंटनी की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इसका निरीक्षण करते हुए बारीकी से ईवीएम के सीरियल नंबर का मिलान कर विधानसभावार बनाए गए स्थान पर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक, निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद, सहायक श्रमायुक्त श्री रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव हुए पारित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : नयी दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में रेलकर्मियों के सबसे बडे, सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, ऑल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरूवार को सम्पन्न हुआ,जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकताओं ने भाग लिया। ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी एवं जोनल सचिवों के साथ-साथ आईटीएफ इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं एआईआरएफ महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती जया अग्रवाल, संयोजक श्रीमती प्रवीणा सिंह, एवं एचएमएस एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ सुश्री चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ह्यशताब्दी अधिवेशनह्य में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, ऑल इंण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर ह्यन्नेशनल पेंशन सिस्टमह्य (एनपीएस) की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेंशन स्कीम बहाली का संकल्प संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) द्वारा लिया गया है । इस अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकर्मियों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेंशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाए बहाल नहीं की जाती हैं तो देशव्यापी आम हड़ताल को टाला नहीं जा सकेगा। शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र में रेलकर्मियों के 40 प्रमुख मांग पत्र सहित कुल 9 प्रस्तावों को भी विस्तृत विचार विमर्श के बाद पारित करने का कार्य हुआ। सम्मेलन के केन्द्रीय मंच से रखे गए प्रस्तावों पर अपनी बात रखते हुए ईसीआरकेयू के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने कहा कि यूनियन के सभी सक्रिय सदस्यों, युवा समिति एवं महिला समिति के सदस्यों को अगस्त में होने वाले यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए होने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जाना चाहिए।




## ढुल्लू महतो को प्रदेश जदयू महासचिव ने दिया समर्थन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड जदयू के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने शुक्रवार को सरायढेला स्थित रिट्स में प्रेस वार्ता किया। वार्ता में उन्होंने धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को समर्थन देने की घोषणा की। पत्रकारों को बताया कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर धनबाद जिला के पार्टी पदाधिकारी एवं जिले में रहने वाले प्रदेश स्तर के पदाधिकारी और प्रमुख साथियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गठबंधन धर्म का निर्वाह करते हुए धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु जदयू पूरी मजबूती से काम करेगी। सुशील सिंह ने यह भी कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में भी अपनी जमीनी स्तर को मजबूत करने के लिए आज से ही जुट गई है..केस मुकदमा होना किसी का सर्टिफिकेट नहींह्नमुझ पर भी 47 केस हुए थेह्न ऑफिसरों ने झूठे केस में फंसायाह्न यहां तो ढुल्लू पर हत्या का केस नहीं हैह्न यहां कोई बाहरी भीतरी,अगड़ा पिछड़ा की लड़ाई नहीं है ,यह तो न्याय के लिए धर्मयुद्ध है। जदयू के सभी साथी तन मन धन से धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजयी बनाने के आह्वान करते हुए प्रमुख नेताओं ने कहा कि अबकी बार 400 पर के लक्ष्य को प्राप्त करना है। सुशील सिंह के अनुसार झारखंड में जदयू की नीति निर्धारण की रूपरेखा तैयार की गई है इस सिलसिले में आगे भी एनडीए के सभी घटक दल भाजपा आजसू ,जदयू और लोजपा की सामूहिक बैठक आयोजित की जाएगी ताकि भाजपा प्रत्याशी की जीत में कोई कसर न रह जाए। सुशील सिंह ने कहा कि भाजपा ने पहली बार धनबाद लोकसभा सीट से गरीबों का सही प्रतिनिधि को अवसर दिया है इसलिए इस अवसर को किसी भी हालत में हाथ से निकलने नहीं देना है, जदयू भाजपा के साथ तालमेल बैठाते हुए इस लड़ाई को लड़ेगी और अंजाम तक पहुंचायेगी।



## कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई को शुरु करने के लिए वीसी को सौंपा आवेदन पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति को प्राचार्य सिंदरी कालेज के माध्यम से आवेदन पत्र देकर पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो ने अनुरोध किया है कि सभी अंगीभूत कालेजों में इंटर की पढ़ाई फिर शुरू किया जाए। रोहित कुमार ने आरोप लगाया है कि अंगीभूत कालेजों मे इंटर की पढ़ाई बंद कर दिए जाने से इसका सीधा असर निर्धन, मजदूर और किसानो के पुत्र पुत्रियों पर पड़ा है , और उनकी पढ़ाई बंद करने की साजिश कि गई। रोहित ने विश्वविद्यालय और प्रशासन से छात्र हित में निर्णय लेने का अनुरोध किया है ,साथ ही चेतावनी दी है कि इस निर्णय के खिलाफ 4 मई को सिंदरी कालेज के मुख्य द्वार पर पुतला दहन और 14 मई को सार्वजनिक रूप से मुंडन करवाया जाएगा, और विश्वविद्यालय प्रशासन का श्राद्ध कर्म किया जाएगा, और तब भी अंगीभूत कालेजों मे इंटर की पढ़ाई शुरू नही किया गया तो छात्र छात्राओ के साथ आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

## गोल्फ ग्राउंड धनबाद में 27-28 को आईपीएल फैन पार्क का आयोजन

# स्टेडियम में क्रिकेट देखने जैसा मिलेगा रोमांच




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में बीसीसीआई द्वारा 27 व 28 अप्रैल को आईपीएल मैच का लाइव प्रसारण किया जाएगा। जिस तरीके से स्टेडियम में फैन मैच का आनंद लेते हैं ठीक इसी तरह का नजारा इस फैन पार्क में भी देखने को मिलेगा। शुक्रवार को धनबाद में आयोजित पत्रकार वार्ता में बीसीसीआइ के असिस्टेंट मैनेजर सत्यपाल निकाडे, जेएससीए के कार्य कार्यकारिणी सदस्य विनय सिंह,धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव उत्तम विश्वास ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। सत्यपाल निकाडे ने बताया 27-28 अप्रैल को बड़े पर्दे पर स्क्रीन साइज 30 बाई 18 होगी जिसमें आईपीएल का मैच दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया इस फैन पार्क में एंट्री बिल्कुल फ्री है,इसके साथ ही फैंस के लिए म्यूजिक, फूड स्टॉल, गेम्स और आइपीएल के आयोजकों की ओर से मस्ती भरे कार्यक्रम भी होंगे। विनय सिंह ने बताया कि इस फैन पार्क में लकी ड्रॉ भी होगा। लकी ड्रॉ जितनेवाले वैसे दो लोगों को क्रिकेट जगत के मशहूर खिलाड़ियों के सिग्नेचर युक्त टीशर्ट दिया जायेगा।

## एसीबी की टीम ने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को घूस लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : बलियापुर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को एसीबी की टीम ने कोऑर्डिनेटर को रंगे हाथ तीस हजार रुपए घुस लेते गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम ने लगभग डेढ़ घंटे की जांच पड़ताल कर जयंत कुमार डे, को अपने साथ लेकर निकल गई। बताया जाता है की बलियापुर के भिखराजपुर के ही ठेकेदार मोहम्मद इरशाद से 5 लाख रुपए से बनी फाइबर ब्लॉक के काम का बिल पास कराने को लेकर 30 हजार रुपए घुस की मांग की जा रही थी। यह काम बलियापुर प्रखंड के गोलमारा हरी मंदिर और बड़ादाहा में फाइवर ब्लॉक बिछाने का काम हुआ था। दोनों काम ढाई ढाई लाख रुपए की लागत से बना है। उसी काम का बिल पास कराने के लिए मोहम्मद इरशाद लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। जयंत कुमार डे, बिल पास कराने के एवज में 30 हजार रुपए घुस की मांग की थी। जब ठेकेदार से जयंत की बात नहीं बनी तब उन्होंने इसकी शिकायत धनबाद एसीबी को दी।

## प्रत्याशी अनुपमा सिंह के सिन्दरी पहुंचने पर गठबंधन के नेताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

# जनता महान है, जनता के सहयोग से कठिन चुनौती को पराजित करूंगी : अनुपमा सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के सिंदरी पहुचने पर कांग्रेस के अलग अलग खेमों मे उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सिंदरी नगर कांग्रेस समिति द्वारा इंटक कार्यालय मे आयोजित चुनावी सभा में अनुपमा सिंह ने कहा कि सिंदरी के लोगों को बेघर करना शर्मनाक है , अगर लोगों ने अपने प्यार से सांसद बनाया तो सिंदरी मे कोई वेघर नही होगा, यहां के लोगों के बच्चो को पढने के लिए विद्यालय की सुविधा और चिकित्सा के लिए हास्पीटल की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव मे एक माह शेष बचे हैं आप हमे अपना स्नेह दीजिए हम पांच साल तक आपकी सेवा करेंगे। स्वागत भाषण के समाप्त होते ही पत्रकारों ने अनुपमा सिंह से पूछा कि आपका प्रतिद्वंदी कठिन है ,कैसे मुकाबला करेंगी ।इस पर अनुपमा सिंह ने कहा कि जनता महान है जनता के सहयोग से कठिन चुनौती को पराजित करुंगी। जनता के सामने सबकुछ स्पष्ट हो चुका है , जनता दूध में मक्खी के समान इन्हे अपने बीच से निकाल फेकेगी। इंटक कार्यालय मे आयोजित सभा की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने किया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झामुमो के नगर अध्यक्ष अशोक महतो , राजद के मुनेश्वर यादव ने भी अपने विचार रखे। इसके पूर्व फर्टिलाइजर फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन के महामंत्री संतोष चौधरी के रांगामाटी कार्यालय परिसर मे आयोजित स्वागत सभा में अनुपमा सिंह ने कहा कि वह संसद मे धनबाद जिले की जनता की आवाज बनेंगी , सिंदरी में रोजगार और दिहाड़ी मजदूरों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करुंगी। यूनियन के महासचिव संतोष चौधरी ने धोषणा किया कि बहुत जल्द उनका यूनियन अपनी प्रतिबद्धता बदल देगा। इसके पहले जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, इंटक नेता एके झा ,झामुमो नेता मुकेश कुमार सिंह, कांग्रेस सेवा दल के पूणेर्दु सिंह, शियाकांत दूबे ने भी कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जित दर्ज करने का संकल्प लिया।



### गुप्त सूचना मिलते ही रोका गया बाल विवाह

**दारू** : पिपचो मल्हार टोला में शुक्रवार को दो नाबालिक का विवाह कराया जा रहा था जिसकी गुप्त सुचना पंचायत के मुखिया सुनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवम् दारू थाना को मिला तत्पश्चात सभी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया दोनों बच्चे नाबालिक पाए गए इसके बाद लड़की के माता एवम् पिता और लड़का की माता ने अपनी गलती स्वीकार किया और कहा कि लड़की को 18 वर्ष के बाद एवं लड़का को 21 वर्ष के बाद ही शादी करवाएंगे। दोनों पक्षों के अभिभावकों ने स्वीकार किया कि ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे यदि करते हैं तो कानून पायबंद होंगे। मौके पर दारू पंचायत के मुखिया सुनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद, दारू थाना, पंचायत सचिव महेंद्र यादव एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सम्पादकीय.....

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा

**लोकसभा** चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है।
प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन - जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, ह्लसत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।

## ● किसने क्या कहा



राजकोट-अहमदबाद के बीच दौड़ेगी वंदे मेट्रो

अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री

सड़क और बिजली का जाल बिछाया, अब सिंचाई के लिए बनेंगे 6 बांध

ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री



# भारत में धार्मिक पर्यटन छू रहा नित नयी ऊंचाइयां

विशेष | प्रह्लाद सबनानी

**अयोध्या** धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है।

**हाल** ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही तिरुपति बालाजी, काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। जेफरीज नामक एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरेज कम्पनी ने बताया है कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम के मंदिर से भारत की आर्थिक सम्पन्नता बढ़ने जा रही है। दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में सम्पन्न हुए प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद स्थानीय कारोबारी अपना उज्जवल भविष्य देख रहे हैं। अयोध्या धार्मिक पर्यटन का हब बनाने जा रहा है तथा अब अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र बन जाएगा। धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। जेफरीज के अनुसार अयोध्या में प्रति वर्ष 5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ सकते हैं। अभी अयोध्या में केवल 17 बड़े होटल हैं इनमें कुल मिलाकर 590 कमरे उपलब्ध हैं। लेकिन, अब 73 नए होटलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 40 होटलों का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है। अभी तक नए एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, टाउनशिप और रोड कनेक्टिविटी में सुधार जैसे कामों पर 85,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इस निवेश का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर दिखाई देने जा रहा है। शीघ्र ही अयोध्या वैश्विक स्तर पर धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। इससे होटल, एयरलाईन, हॉस्पिटलिटी, ट्रैवल, सिमेंट जैसे क्षेत्रों को बहुत बड़ा फायदा होने जा रहा है। भारत के विभिन्न शहरों से 1000 के आसपास नई रेल अयोध्या के लिए चलाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे देश से दिनांक 23 जनवरी 2024 के बाद से प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है कि पहिले दिन ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये हैं। विश्व के कई अन्य देश भी धार्मिक पर्यटन के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्थाएं सफलतापूर्वक मजबूत कर रहे हैं। सऊदी अरब धार्मिक पर्यटन से प्रति वर्ष 22,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर अर्जित करता है। सऊदी अरब इस आय को आगे आने वाले समय में 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाना चाहता है। मक्का में प्रतिवर्ष 2 करोड़ लोग पहुंचते हैं, जबकि मक्का में गैर मुस्लिम के पहुंचने पर पाबंदी है। इसी प्रकार, वेटिकन सिटी में प्रतिवर्ष 90 लाख लोग पहुंचते हैं। इस धार्मिक पर्यटन से अकेले वेटेकन सिटी को प्रतिवर्ष लगभग 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आय होती है, और अकेले मक्का शहर को 12,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आमदनी होती है। अयोध्या में तो किसी भी धर्म, मत, पंथ मानने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी। अतः अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 10 करोड़ तक प्रतिवर्ष जा सकती है। फिर अकेले अयोध्या नगर को होने वाली आय का अनुमान तो सहज रूप से लगाया जा सकता है। अभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालु अयोध्या में रूकते नहीं थे प्रातः अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर शाम तक वापिस चले जाते थे परंतु अब अयोध्या को इतना आकर्षक रूप से विकसित किया गया है कि श्रद्धालु 3 से 4 दिन रुकने का प्रयास करेंगे। एक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक पर्यटक लगभग 6 लोगों को प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराता है। इस संख्या के हिसाब से तो लाखों नए रोजगार के अवसर अयोध्या में उत्पन्न होने जा रहे हैं। अयोध्या के आसपास विकास का एक नया दौर शुरू होने जा रहा है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि अब अयोध्या के रूप में वेटिकन एवं मक्का का जवाब भारत में खड़ा होने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने भी धरातल पर बहुत कार्य सम्पन्न किया है। साथ ही, अब इसके अंतर्गत एक रामायण सर्किट रूट को भी विकसित किया जा रहा है। इस रूट पर विशेष रेलगाड़ियां भी चलाए जाने की योजना बनाई गई है। यह विशेष रेलगाड़ी 18 दिनों में 8000 किलो मीटर की यात्रा सम्पन्न करेगी, इस विशेष रेलगाड़ी के इस रेलमार्ग पर 18 स्टॉप होंगे। यह विशेष रेलमार्ग प्रभु श्रीराम से जुड़े ऐतिहासिक नगरों अयोध्या, चित्रकूट एवं छतीसगढ़ को जोड़ेगा।

# सफल होने के हजारों नुस्खे

गौरतलब | संजय गोस्वामी

**पत्नी** ने मना किया है, वह कहती है कि इन नायाब नुस्खों को स्वार्थी इंसानों के हवाले न करें। लेकिन जब हम स्कूल में थे तो मास्टरजी के माध्यम से पता चला था कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है। इसी सीख से प्रेरित होकर, पत्नी के नाराज होने के बावजूद, मानवता की सेवा को सबसे बड़ी सेवा मानकर, अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं। समाज के प्रति हमारा कर्ज कुछ तो कम हो जाए इसलिए यह नुस्खे आप सभी के हवाले कर रहे हैं। आपका तबादला नए शहर में होता है। नए अनजान पड़ोसियों से यदि सलाम नमस्ते नहीं होती, वे पानी या चाय आदि के लिए नहीं पूछते तो बुरा न मानते हुए, आप उन्हें ही चाय के साथ नमकीन बिस्कुट खाने के लिए आमंत्रित कर डालें।

**सफल** होने के नुस्खे हजारों हैं। स्मार्ट सिटी, सुस्त शहर, विकसित कस्बे, पिछड़े गांव, सड़क और गली में, हर कोई हर किसी से आगे निकलने के जुगाड़ में है। सफलता के नुस्खे निजी अनुभव पर भी आधारित हैं। हमारे मित्र सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होकर आए। उन्होंने सफल होने के खास नुस्खे बताए। पत्नी ने मना किया है, वह कहती है कि इन नायाब नुस्खों को स्वार्थी इंसानों के हवाले न करें। लेकिन जब हम स्कूल में थे तो मास्टरजी के माध्यम से पता चला था कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है। इसी सीख से प्रेरित होकर, पत्नी के नाराज होने के बावजूद, मानवता की सेवा को सबसे बड़ी सेवा मानकर, अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं। समाज के प्रति हमारा कर्ज कुछ तो कम हो जाए इसलिए यह नुस्खे आप सभी के हवाले कर रहे हैं। आपका तबादला नए शहर में होता है। नए अनजान पड़ोसियों से यदि सलाम नमस्ते नहीं होती, वे पानी या चाय आदि के लिए नहीं पूछते तो बुरा न मानते हुए, आप उन्हें ही चाय के साथ नमकीन बिस्कुट खाने के लिए आमंत्रित कर डालें। आप बेहद कम खर्च कर पहले ही दिन एक अच्छे पड़ोसी के रूप में स्थापित हो जाएंगे। कार्यालय पहुंच कर बिल्डिंग में ऊपर से नीचे तक सभी को मुस्कुराते हुए नमस्ते बोलने के बाद ही अपनी कुर्सी पर बैठिए। आपका व्यायाम भी हो जाएगा और सरकारी समय में, सहकर्मियों के साथ सम्बन्ध भी मजबूत होते जाएंगे। दूसरों के व्यक्तिगत काम जिन पर आपका कुछ खर्च न होना हो, जरूर कीजिए। इससे आप ड्यूटी के दौरान भी इंसानी फर्ज निभाने वाले सहयोगी कहलाएंगे। आप सरकारी गाड़ी से कहीं बाहर या लोकल जा रहे हैं। आपकी पत्नी साथ नहीं जा रही है तो पड़ोसी को जरूर पूछ लीजिए। उन्हें लिफ्ट दे ही डालिए। इसके बदले में आप भी उनकी निजी गाड़ी में कभी कभार जा सकेंगे। कभी अपने काम के लिए बॉस से अनुमति लेने जाना हो तो जरूर पूछ लीजिए कि भाभीजी का कोई काम करना हो तो कृपया बताएं। यदि आप अपनी प्रौढ़ता कम दिखाने के लिए अपने बालों या बचे-खुचे बालों की डेंटिंग-पेंटिंग नहीं करते तो करना शुरू कर दीजिए। कम उम्र के पड़ोसियों को बड़ा भाई या स्थानीय अभिभावक कहना शुरू कर दें।

## आज का इतिहास

- नीदरलैंड और फ्रांस ने 1662 में सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- मुगल शासक मुहम्मद शाह का 1748 में दिल्ली में निधन हुआ।
- अमेरिकी नौसैनिकों ने 1805 में त्रिपोली के तटीय क्षेत्रों में हमला किया।
- कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिये 1878 में पहली मंजूरी दी।
- सन 1908 में लंदन में चौथे ओलंपिक खेल शुरू हुए।
- नाजियों ने 1940 में पोलैंड के ओस्वीसिम में यातना शिविर का निर्माण शुरू किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने 1941 में एथेंस में प्रवेश किया।
- अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में 1942 में आये तूफान के कारण 100 लोग मारे गये।
- नेशनल डिफेंस कॉलेज की 1960 में नयी दिल्ली में स्थापना।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गामा किरणों के अध्ययन के लिये 1961 में पृथ्वी की कक्षा में एक्सप्लोरर 11 लांच किया।
- सिएरा लियोन ने 1961 में ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
- क्यूबा के तत्कालीन प्रधानमंत्री फिदेल कास्त्रो 1963 में रूस की अपनी यात्रा के दौरान राजधानी मॉस्को पहुंचे।
- अमेरिका ने 1967 में नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- अंतरिक्ष यान अपोलो 16 1972 में पृथ्वी पर वापस लौटा।
- सन 1989 में बांग्लादेश में आये तूफान से 500 लोगों की मौत।
- अफगानिस्तानी विमान एएनएस 32 1993 में दुर्घटनाग्रस्त होने से 76 लोगों की मौत।
- 1994 को दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्रता दिवस।
- टुलुज (फ्रांस) में एयरबस निर्मित दुनिया के सबसे बड़े विमान ए-380 ने 2005 में पहली परीक्षण उड़ान भरी।
- पाकिस्तान ने 2008 में अपने विदेश सचिव रियाज मुहम्मद खान को बर्खास्त कर उनके स्थान पर चीन में पाकिस्तान के राजदूत सलमान बशीर को विदेश सचिव नियुक्त किया।

## सुविचार

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण हैं।
जॉन टिलोटसन

जब भी कोई हंसने का अवसर मिले, तो 'हंसे'यह एक सुलभ दवा है।
लार्ड ब्रायन

## अंकजाल - 7530

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 17 | 24 | ■ | 33 | 15 | 19 | 12 | ■ |
| 20 | | 5 | | ■ | | 4 | | 2 | 20 |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 8 | | 7 | | 20 |
| 12 | | 2 | | ■ | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 21 | 13 | 15 | 28 | ■ | 23 | 19 | 17 | ■ |

### अंकजाल 7529 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31 | 16 | 23 | | 21 | 17 | 14 | 15 | |
| 16 | 7 | 3 | 6 | | 4 | 5 | 5 | 4 | 18 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 17 | 8 | 2 | 7 | | 3 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 28 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | | | | |
| | | | | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | 26 |
| 22 | 8 | 9 | 2 | 3 | | 6 | 2 | 5 | 13 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | | 8 | 7 | 3 | 18 |
| | 22 | 18 | 10 | 28 | | 24 | 22 | 20 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## संत की सीख

**एक** धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो।

# केंचुआ किल्लोल के निहितार्थ

राकेश अचल

**आप** अन्यथा न लें जब तक लोकतंत्र के साथ मतदाताओं और राजनीतिक दलों के सात फेरे पूरे नहीं हो जाते मुझे विवश होकर सियासत के आसपास ही रहना पड़ रहा है। लोकतंत्र के साथ पहली भांवर के बाद से ही राजनीतिक दलों और नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी थी । आज लोकतंत्र की दूसरी भांवर है और इसके पहले केंचुआ यानि केंद्रीय चुनाव आयोग ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी को नोटिस देकर ऐसी किल्लोल की है की आनंद आ गया। केंचुए ने कोशिश की है कि दुनिया और देश उसे पोपला,नख-दन्त विहीन न समझे,केंचुआ न माने। केंचुआ किल्लोल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में माननीय प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी के भाषण को लेकर भाजपा और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल तक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से जवाब मांगा है। यानि केंचुआ ने इन दोनों के साथ वो व्यवहार नहीं किया जो कांग्रेस नेता सुरजेवाला के साथ किया था। दोनों दल आराम से दूसरे चरण के मतदान से फुरसत होकर तीसरे चरण के लिए भी चार दिन और बकलोल करने के लिए आजाद हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। तब तक केंचुआ प्रधानमंत्री जी और बकौल प्रधानमंत्री कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी के खिलाफ लत्तालपेड़ी कर लेगा। चुनाव आयोग की हिम्मत नहीं कि वो प्रधानमंत्री जी को दो-चार दिन के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक ले । चुनाव आयोग के पास र्प्धानमंत्री जी के हिन्दू-मुसलमान वाले बयान को गैरकानूनी साबित करने के लिए कलेजा है ही नहीं। केंचुआ केवल और केवल पिपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए अपने कथित अधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है ,जो वो करेगा। कांग्रेस को फिर नहीं बख्शा जाएगा और प्रधानमंत्री जी को भी केवल एक फर्जी एडवायजरी जारी की जाए सकती है। अठारहवीं लोकसभा के लिए जो चुनाव हो रहे हैं वे एक विचित्र वातावरण में हो रहे हैं। इन चुनावों में न 1971 के चुनाव की तरह गरीबी हटाओ का मुद्दा है और न 1977 के आम चुनाव की तरह इंदिरा हटाओ का मुददा। और तो और 2014 के आम चुनाव की तरह अच्छे दिन भी कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। 2024 के चुनाव में मुद्दा रोज बदल जाता है। भाजपा अपने चुनावी घोषणापत्र से हटकर बातें कर रही है। महाबली भाजपा के विश्वगुरु नेता जनता को लुभाने के बजाय डराने में लगे हैं। भाजपा की उपलब्धियां मतदाताओं को लुभाने के लिए कम पड़ रहीं हैं। मजबूर भाजपा नेताओं को कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस आयी तो आपका मंगलसूत्र छीन लिया जाएगा, पुश्तैनी सम्पत्ति सरकार जब्त कर लेगी या उसके ऊपर विरासत कर लगा देगी। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि तीसरी बार सत्ता में आने के लिए उतावली भाजपा और उसके नेताओं की सिट्टी-पिट्टी गुम है। वे अपने ट्रेक से हटकर कांग्रेस के ट्रेक पर नृत्य कर रहे हैं। अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराये बैठे रामलला के पास भी अब शायद भाजपा की मदद करने की फुरसत नहीं है। भाजपा सरकार का दस साल का विकास हवा-हवाई साबित हो रहा है। गौर करने वाली एक बात और है कि भाजपा पहले चरण के मतदान के बाद ही अपने बहुचर्चित 400 पार के नारे को भी दुहराना भूल गयी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि, गरीबी में कमी

अध्यात्म | पंकज जगन्नाथ जायसवाल

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी।

**वैश्विक** अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है।

## राशिफल

**मेष:** समस्या का समाधान मिल सकता है। रुपयों की आवक के लिहाज से आज का दिन श्रेष्ठ है।

**तुला:** आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम हासिल होने वाले हैं। पिछले कुछ समय से चल रहे व्यवधान का भी समाधान मिलेगा।

**वृष:** पिछले कुछ समय से किसी विशेष कार्य को लेकर चल गए प्रयासों में गति आएगी और सफलता भी मिलेगी।

**वृश्चिक:** किसी भावी लक्ष्य को हासिल करने के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। समय विवेक और चतुराई से काम लेने का है।

**मिथुन:** आज किसी अनुभवी व्यक्ति के माध्यम से कुछ पुराने मतभेदों तथा समस्याओं का निराकरण होगा।

**धनु:** समय का मैनेजमेंट करें। इस समय ऑनलाइन गतिविधियों द्वारा कोई नई तकनीक या हुनर सीखने के लिए उचित समय है।

**कर्क:** पारिवारिक अथवा सामाजिक गतिविधियों में आपका भरपूर योगदान रहेगा। आपकी कार्यकुशलता तथा योग्यता की सराहना होगी।

**मकर:** आज आपकी मेहनत रंग लाएगी। इससे आपमें आत्मविश्वास और ऊर्जा बढ़ेगी। अपनी योग्यता पर भी गर्व होगा। कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है।

**सिंह:** व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय सामाजिक गतिविधियों के लिए भी अवश्य निकालें, इससे आपका मान-सम्मान और रुतबा बढ़ेगा।

**कुंभ:** किसी धार्मिक संस्था के प्रति तन और मन से सहयोग करना आपको खुशी प्रदान करेगा। मानसिक सुकून भी बना रहेगा।

**कन्या:** कोई विपरीत परिस्थिति आने पर तनाव लेने की बजाय सकारात्मक बने रहे, इससे आपके मनोबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन:** किसी व्यक्तिगत समस्या को लेकर कुछ समय से मन में चल रहा द्वंद्व दूर होगा और आप अपनी अन्य गतिविधियों पर ध्यान दे पाएंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### अज्ञात वाहन ने बाजा बजा रहे चार लोगों को रौंदा, एक की मौत

**गुमला** : रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ पतरा टोली के समीप शादी समारोह के नेग में बाजा बजा रहे चार लोगों को अज्ञात वाहन रौंदते हुए घटनास्थल से मांझा टोली की ओर फरार हो गया। मौके पर ही सीलम पाकर टोली निवासी 60 वर्षीय छटकू नायक की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने छटकु नायक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गुमला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक गांव में शादी कार्यक्रम था। नेग करने के लिए सभी गाजे बाजे के साथ खेत गए थे। वापसी के क्रम में गुरुवार की रात लगभग 12:00 बजे ढोल नगाड़ा बजाते हुए बाजे वाले आगे आगे चल रहे थे। तभी अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए मांझा टोली की ओर फरार हो गया। घटना की जानकारी पर रात में ही रायडीह थाना के एएसआई जसमुद्दीन अंसारी अस्पताल पहुंचे। और घटना की जानकारी ली। शुक्रवार की सुबह 9:00 बजे समाजसेवी खुशमन नायक सीलम का मुखिया वीरेंद्र उरांव संटू नायक ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया।

### अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार दो युवक घायल

**गुमला** : सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर गांव में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए परिजन घायलों को रेफरल अस्पताल सिसई ले गए जहां गंभीर रूप से घायल शिवनाथपुर निवासी 24 वर्षीय बुल्लू लोहरा को गुमला रेफर कर दिया गया जबकि कृष्णा उरांव का इलाज सिसई अस्पताल में चल रहा है जानकारी के मुताबिक दोनों युवक पंडरानी गांव शादी समारोह में जा रहे थे तभी शिवराजपुर गांव में सड़क के किनारे पाइपलाइन बिछाने के कार्य में गड्ढे से निकले मिट्टी और पत्थर को सड़क पर ही फेंक दिया गया था वही गड्ढे में पाइपलाइन बिछाने के बाद मिट्टी का भराव किया गया लेकिन उसे समतल नहीं किया गया था जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार सड़क पर ही गिर गए और घायल हो गए।

### उमरा के लिए जानेवाले लोगों को दी गयी विदाई

**गुमला** : जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में हज ए उमरा करने जाने वालों को गोविंदपुर के ग्रामीण के द्वारा भव्य रूप से विदाई की गयी। गोविंदपुर के सदर जियारुल अंसारी व सिकरेट्री जाकिर खान ने जानकरी देते हुए बताया ग्राम गोविंदपुर के निवासी कलीम कुरेशी जैबुन निशा, अयूब अंसारी, सहेला खातून, हाजी मुस्तकीम साहब और नजमा खातूनहज। ए उमरा करने के लिए मक्का मदीना जा रहे हैं जो बहुत खुशी की बात है वही गोबिंदपुर कब्रिस्तान के पास सलातो सलाम पढ़कर एक दूसरे को गले मिलते हुए मुबारक बाद दिया वही कलीम कुरेशी ने कहा कि मैं वहां जाने के बाद क्षेत्र की खुशहाली और जारी प्रखण्ड के मुस्लिम भाइयों को अमन चैन बनाए रखने के लिए दुआ मांगूंगा संदेश देते हुए लोगों से कहा कि सभी भाइयों को मक्का मदीना उमरा के लिए जाना चाहिए वही मौके पर सहादत कुरैसी, मैनू खान, मसूद कुरैसी अबरार खान उपस्थित थे

### रांची से आकर उत्तम ने महिला के लिए किया रक्तदान

**लातेहार** : अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार ने 100 किमी की दूरी तय कर रक्त की कमी से जूझ रही अम्वाटिकर निवासी पूर्णिमा देवी के लिए रक्तदान किया।ज्ञात हो कि पूर्णिमा देवी पिछले दो दिनों से रक्त के अभाव में जिंदगी से जंग लड़ रही थी, जैसे ही इसकी जानकारी अभाविप के सदस्य सह वोलेंट्री ब्लड डोनर एसोसिएशन के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत को प्राप्त हुआ उनके द्वारा तत्काल मनिका निवासी उत्तम कुमार से संपर्क किया।

डीसी व एसपी ने चुनाव की नामांकन सम्बन्धी जानकारी मीडिया के साथ की साझा

# फर्स्ट टाइम वोटर्स मतदाताओं की संख्या 25,263



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले मे अधिसूचना जारी होने के संदर्भ में समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में पांचवे चरण में मतदान किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है।जिले में नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 03 मई तक का समय होगा। 03 मई तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर नाम निर्देशन किए जाएंगे। इसके अलावे उपायुक्त ने बताया कि दिनांक 26.04.2024 तक लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 565854 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 73 मनिका विधान सभा अन्तर्गत 259652 एवं 74 लातेहार विधान सभा अन्तर्गत 306202 है। जिसमें पुरुष 2,85,299 एवं महिला वोटरों की संख्या 2,80,555 एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स 25263 मतदाताओं की संख्या है। जिले में कुल 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। सभी मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए पेयजल, ओआरएस व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल प्लान बनाया जा रहा है। साथ ही मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी को फॉर्म 12 के जरिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है।प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी, विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार** : लोक सभा चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर छात्रों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान जरूरी क्यों है इस पर परिचर्चा उच्च विद्यालय डूरुआ एवम बालक मध्य विद्यालय डूरुआ लातेहार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जागरूक मतदाता एवम छात्रों ने हिस्सा लिया और अपने अपने विचार रखे। बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने बताया की मतदान से ही लोकतंत्र की मजबूत नीव रखी जा सकती है। इससे ही तय होता है की क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार और जागरूक है। नैतिक मतदान ही लोकतंत्र की मजबूत धुरी है। सभी मतदाता आगामी 20 मई को बिना किसी प्रलोभन दबाव व लालच में आए अपना मतदान कर देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य निभाए। कार्यक्रम के दौरान क्विज प्रतियोगिता भाषण एवम मेंहदी कार्यक्रम कराते हुए विजेतावो को पुरुस्कृत किया गया जिसमे विनीता कुमारी रानी कुमारी रीमा कुमारी सोनाली कुमारी संध्या कुमारी पूजा कुमारी अंजू कुमारी सौम्या कुमारी आदि अन्य विजेता शामिल है।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के विद्यार्थी व प्रोफेसस का आउटरीच कार्यक्रम




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड/लातेहार** : संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों और प्रोफेसर्स के द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत स्त्रोनत उच्च विद्यालय हामी के विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित किया गया। कॉलेज के इस आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीण समाज तक पहुंचने तथा लोगों और उनके बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में, हमारी आउटरीच गतिविधियों का एक प्रमुख घटक शिक्षा के साथ-साथ जागरूकता बढ़ाना है। आउटरीच कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्रों को समाज और समुदाय के भीतर उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। यह सॉफ्ट स्किल, नेतृत्व कौशल और टीम-निर्माण कौशल जैसे विभिन्न कौशल के विकास के माध्यम से शिक्षा के नागरिकता प्रशिक्षण लक्ष्य को भी पूरा करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे विद्यार्थी एक बेहतर शिक्षक, जागरूक, दयालु और परोपकारी नागरिक बनते हैं जो समाज की व्यापक भलाई में विश्वास करते हैं। अतः इसी ध्येय को लेकर हमारे महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों ने हामी उच्च विद्यालय के छोटे बड़े सभी विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को जानने का प्रयास किया, शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## केएन त्रिपाठी 30 को करेंगे नामांकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के मेन रोड स्थित आनंद भवन में के एन त्रिपाठी ने शुक्रवार को गठबंधन के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने की। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि गठबंधन हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और गठबंधन के एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे वो आ गया है। के.एन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बताएगी। आप लोगों का बहुत अरसे बाद यह संयोग बना है कि चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन ने 1532 ई. के खतियानी उम्मीदवार को चुनाव में भेजा है। आप लोगों से मेरा यही आग्रह होगा कि आप सभी 30 अप्रैल को नामांकन में चतरा पहुंचने की कोशिश करें। मौके पर कई बिजय चौबे, प्रमोद सिंह, नन्द गोपाल त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिले में बर्ड फ्लू को लेकर विभाग अलर्ट, रैपिड रिस्पांस टीम का गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : रांची में बर्ड फ्लू का केस मिलने के बाद बोकारो में भी जिला प्रशासन अलर्ट होगया है। पशुपालन विभाग ने गुरूवार को जिला और प्रखण्ड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम तैयार कर ली है। चार-पांच सदस्ये टीम अपने अपने इलाकेसे सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजेगी। जिला पशुपालन पदाध्किारी डॉ. मनोज कुमार मनी ने बताया कि बोकारो में फिलहाल कोई बर्ड फ्लू का कोई भी केस अभी तक नहीं मिला है। वही उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। विभाग द्वारा इसकी कड़ी निगरानी की जा रही है। जिला पशुपालन विभाग ने किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर तैयारी कर ली है। जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वार जिले के मुर्गी पालकों से अपील किया गया है कि अगर अचानक उनके यहां मुर्गियों, कुक्कुट की अचानक मौत होती है, तो वह अविलंब इसकी सूचना जिला एवं प्रखंड स्तरीय आर आर टीम एवं क्यू आर टीम को दें। जिला स्तरीय आरआर टीम, क्यू आर टीम में अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार सिन्हा मोबाइल संख्या 9123494138, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ. पुष्पा कुमारी मोबाइल संख्या 8102771809, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी चास डॉ. अशोक कुमार मोबाइल संख्या 9973752779, पशुधन सहायक माडल अस्पताल चास श्री विनोद कुमार दास मोबाइल संख्या 9693440204 है। इन नंबरों पर जिले के पशुपालक किसी भी सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं।

## मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटी, एक की मौत, नौ घायल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : जिले के पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ा हाई स्कूल के समीप शुक्रवार को डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 पर मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 9 जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया है, जो आंशिक रूप से जख्मी थे, उनका मौके पर ही इलाज किया गया। घटना के बाद मजदूर के परिजन उग्र हो गए हैं और तत्काल मुआवजा की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सारे मजदूर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम कर रहे थे और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के एक साइड पर काम करने जा रहे थे। सभी मजदूर वहां तीन माह से काम कर रहे थे। हर रोज की तरह शुक्रवार को सुबह 10 बजे हाजिरी बनाकर चियांकी साइड पर जा रहे थे, तभी इस तरह की घटना घट गयी। जानकारी के अनुसार एमआरएमसीएच में इलाज कराने आए मजदूर ने बताया कि पंडवा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया कंपनी कार्यालय में हाजिरी बनाने के बाद साइड पर जाने के लिए निकले थे। इसी क्रम में अचानक अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गयी। पिकअप का इंश्योरेंस फेल बताया गया है। ड्राइवर मुन्ना कुमार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक का पुत्र गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मजदूर के परिजन इलाज कराने एवं हाल चाल जानने के लिए एमआरएमसीएच में पहुंच गए हैं। उनके रोने विलखने से माहौल गमगीन हो गया है। मृत मजदूर की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव निवासी कोमल महतो (55) के रूप में हुई है। संजय महतो (40), मुरली महतो (50), उमेश राम (45) को गंभीर चोटें आई है, जबकि राजेश कुमार (35), जितेन्द्र कुमार, मुखर्जी, डोमन साव, राहुल कुमार, मुन्ना कुमार, वीरेन्द्र साव को मामूली चोट आई है।

## लोक अदालत का आयोजन आज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7:30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया है। वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया है। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। जिसमें कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा मामले का निस्तारण करेंगे। पीठ दो मेंइलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह करेंगे। पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुवेर्दी करेंगे। पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे करेंगे। पीठ संख्या पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह करेंगे। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय करेंगे।पीठ संख्या सात में एन आई एक्टजे से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय करेंगे।

## इंडिया गठबंधन का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शिव वाटिका में 28 को

- माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विधायक अंबा प्रसाद, मंत्री सत्यानंद भोक्ता कार्यकर्ताओं में भरेंगे ऊर्जा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा में इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन 28 अप्रैल को शिव वाटिका, झुमरीतिलैया में आयोजित होगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में कोडरमा जिले के हर बूथ से कार्यकर्ता और इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-सीपीएम और प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ता के अलावे भाकपा माले के कैडर और नेता शिरकत करेंगे। झुमरीतिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन जोर शोर से जुटी हुई है। कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर कोडरमा विधानसभा और आसपास के क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है।

## लोक अदालत में ना कोई पक्ष जीतता है, ना हारता है : पीडीजे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां दोनों पक्षकारों की सिर्फ जीत होती है ना कोई हारता है और ना किसी को कोई क्षति होती है। उक्त बातें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा है। आगामी 27 अप्रैल को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के संबंध में श्री सिंह ने कहा कि झालसा के निदेर्शानुसार यह आयोजन 27 अप्रैल को निर्धारित है, जिसमें मुख्यतः चेक बाउंस से संबंधित सभी प्रकार के मामले एवं बिजली से संबंधित तमाम प्रकार के वादों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने कहा कि 27 अप्रैल को आयोजित इस विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित अधिक से अधिक वादों का निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अधिवक्ता संघ के तमाम सदस्यों, जिले के प्रबुद्ध नागरिकों एवं कार्यपालिका के अधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। श्रीमती उपाध्याय ने इस महती आयोजन का लाभ जिला वासियों से उठाने की अपील किया है।

## महिला उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो** : संस्था महिला शिशु जन विकास समिति इस्पात नगर बोकारो के प्रधान कार्यालय सुखदेव नगर वार्ड नंबर 17 चास में महिला उधमिता कौशल प्रशिक्षण का आयोजन गुरूवार को संस्था के सचिव आरती जयसवाल के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका द्धघाटन समर्पण वेलफेयर एसोसिएशन सोशल डेवलपमेंट व सचिव राजेश कुमार ने रिबन काट कर किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव आरती जयसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर संस्था सचिव व राजेश कुमार ने कार्यक्रम के उदेशयों की जानकारी दी। कहा कि महिलाए रोजगार से जुड़कर स्वबलंबी बन सके।

## नहाने गयीं दो नाबालिग सगी बहनों की डूब कर मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू छतरपुर नगर पंचायत के अर्जुनडीह गांव में स्थित सुखनादिया नदी में नहाने गई दो नाबालिक सगी बहनों की डूब कर मौत हो गई। घटना बृहस्पतिवार की बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनडीह निवासी रसीद अंसारी की दो बेटियां सजदा खातून 12 वर्ष और हाजरा खातून 10 वर्ष गांव से होकर गुजरी सुखनादियां नदी में गांव के तीन लड़कियों के साथ नहाने गई थी, नदी के गर्व में बालू माफियाओं के द्वारा जेसीबी मशीन से बालू उठाव किया गया था जिससे वहां दस फीट गहरा गड्ढा बन गया, नहाने के दौरान दोनों बच्चियां उक्त गड्ढे में जा गिरी और बहुत देर तक बाहर नहीं निकली तो साथ नहा रही तीनों लड़कियां भाग कर वापस गांव में आकर घटना की जानकारी गांव वालों को दी, जिसके बाद गांव के लोग नदी में छलांग लगा गहरे गड्ढे से दोनों बच्चियों को बाहर निकाला तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी राजेश रंजन दल बल के साथ गांव पहुंच कर जांच पड़ताल कर दोनो के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर भेज दिया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास


- अपर जिला व सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की आदालत ने सुनायी सजा
- 10000 रु. जुर्माना लगाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : आपसी विवाद में षडयंत्रकर एक विधवा महिला की हत्या कर लाश छुपाए जाने के एक मामले की सुनवायी करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी रंजीत कुमार महतो, करौजिया, चंदवारा, जिला-कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10000 जुमार्ना लगाया। वही न्यायालय ने 201 आईपीसी में 2 वर्ष की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 2020 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 90/2020 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला, अधिवक्ता सुधीर कुमार सिंह व मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त रंजीत कुमार महतो करौजिया, थाना चंदवारा निवासी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वही चार अन्य को साक्षय के अभाव में बरी कर दिया। इसे लेकर अशोक कुशवाहा पिता स्वर्गीय हरिशरण ने चंदवारा थाना में एक आवेदन देकर कहा था कि उसका ससुराल चंदवारा के करंजिया में है। उसका दो साला और एक साली जोधपुर में रहते हैं। उन्होंने फोन कर बताया कि उसकी मां मासोमात फुलवा देवी जो करौंदिया में रहती है, से 29/08/2020 को बात हुई थी उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। तब जाकर उसके द्वारा करौजिया गांव में लोगों को फोन कर पता करने का प्रयास किया। तो ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच दिन से फुलवा देवी को किसी ने नहीं देखा है। तब उसे शक हुआ और उनके द्वारा अपने साले और साली को इसकी सूचना दी। तब उन लोगों ने बताया कि उसके चाचा- चाची से ईन लोगों का जमीन का विवाद चलता आ रहा है। उन लोगों के द्वारा कई बार जान मारने की धमकी दिया गया था। उसके बाद वह ग्रामीणों के साथ 03/09/2020 को करोजीया अपने ससुराल पहुंचे। तो देखें कि उनके ससुराल का दरवाजा का बाहर से कुंडी लगा हुआ है। फिर कुंडी खोलकर सभी कमरों को देखा तो सास कहीं नहीं नजर आयी। इस द्रव्यमान बरामदा पर खून का निशान देखा गया। लीपापोती कर खून को मिटाने का प्रयास किया गया है। और बगल के रूम में खून से सना हुआ जूट का बोरा दिखा जो आधा जला हुआ था। वही बगल के मिट्टी के घर में खून से पोछा कपड़ा जला हुआ पाया गया। तब उसे शक हुआ कि उसकी सास फुलवा मासूमत का घर में ही हत्या कर शव को कहीं छुपा दिया गया है।

## 04 महीनों में नहीं हुआ नाली का निर्माण कार्य पूरा, बढ़ रही दुर्घटना की आशंका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन क्षेत्र के नवरंग चौक से डालडा फैक्ट्री तक नाली निर्माण का कार्य विगत जनवरी माह में प्रारंभ किया गया था। लेकिन चार महीनों के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। नाली में कई जगहों पर तो स्लैब नहीं लगाये गये हैं, इस कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। शुक्रवार को भी एक कार नाली में घुस गया। ज्ञात हो कि नाली निर्माण की सामग्रियां सड़कों पर ही छोड़ दी गयी है। बीते दिनों एक टेंपो व ट्रैक्टर की दुर्घटना में यहां एक सीआरपीएफ जवान की मौत भी हो चुकी है।यही नहीं नाली निर्माण में प्रयोग किये जा रहे मशीनों को भी सड़कों पर ही छोड़ दिया गया है। बता दें कि जिस समय इस नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। उस समय लोगों का कहना था कि यहां नाली का निर्माण कराने से सड़क संकीर्ण हो जायेगी और आवागमन प्रभावित होगा। बताते चलें के इसी पथ से सरयु, नेतरहाट, महुआडांड़ व छत्तीसगढ़ तक वाहनों का आवागमन होता है।

## एक झलक

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर नेत्री की मौत

**चांडिल** : टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर शुक्रवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में झामुमो नेत्री की मौत हो गई, जबकि उनका पति दुर्घटना में घायल हो गए. घटना चांडिल थाना क्षेत्र के भादुडीह के पास घटी। मिली जानकारी के अनुसार हारूडीह निवासी डॉ तारापद महतो अपनी पत्नी मल्लिका महतो के साथ जमशेदपुर जाने के लिए बाइक से निकले थे। अपने गांव से निकलने के बाद जैसे ही वे राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर रहे थे, उसी दौरान सड़क पर जा रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात वाहन के धक्के से डॉ तारापद दूर जा गिरे जबकि उनकी पत्नी मल्लिका महतो के सिर पर वाहन का चक्का चढ़ गया। इससे मल्लिका महतो की मौके पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय कंपनी में चिकित्सक हैं तारापद सड़क दुर्घटना में घायल डॉ तारापद महतो स्थानी स्पंज आयरन कंपनी में चिकित्सक हैं। वहीं उनकी पत्नी मृतका मल्लिका महतो झामुमो की सक्रिय नेता थी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल तारापद को इलाज के लिए स्थानीय क्लिनीक ले गए। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू किया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेजा और धक्का मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई। बताया जाता है कि भादुडीह में उक्त स्थान पर दुर्घटना होती रहती है। लोगों ने इसे ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित करते हुए दुर्घटना रोकने का उपाय करने की मांग की है।

### ट्रांसपोर्ट कॉलोनी में नए गैस सिलेंडर व चूल्हे से लगी आग

**आदित्यपुर** : आदित्यपुर ट्रांसपोर्ट कॉलोनी में नए गैस सिलेंडर व चूल्हे से शुक्रवार को भीषण आग लगी. जिससे वहां चल रहे गृह प्रवेश के कार्य में बाधा पड़ी है. गृहस्वामी भुवनेश्वर यादव के अनुसार वे कल गुरुवार केसरी गैस एजेंसी आदित्यपुर के यहां से गैस सिलेंडर और नया गैस चूल्हा खरीद कर लाए थे। उन्हें एजेंसी के स्टाफ ने बोलने के बावजूद चूल्हा और सिलेंडर जांच कर नहीं दिया। शुक्रवार को उनके घर में गृह प्रवेश का आयोजन था, जैसे ही गैस सिलेंडर और चूल्हा ऑन किए आग पकड़ लिया। इस अगलगी की घटना से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने इसकी शिकायत एजेंसी के विरुद्ध लिखित रूप से आरआईटी थाना में की है। भुवनेश्वर यादव ने बताया कि इस घटना में पूरी लापरवाही गैस ऐजेंसी वालों की है, उनके लापरवाही से उनका लाखों का नुकसान हुआ है।

### तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**देवघर** : पुलिस ने हत्या, रंगदारी और लूट मामले में शामिल तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने शुक्रवार को टाउन मोहल्ला में कार्रवाई की। इस दौरान कुख्यात अपराधी आशीष मिश्रा गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में बउआ सिंह, मुन्ना सिंह और धर्मेंद्र सिंह शामिल है। पकड़े गये अपराधियों के पास से देसी पिस्टल और छह जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। ये सभी अपराधी दुकानदार और ठेकेदारों को डरा धमका कर रंगदारी मांग रहा था। तीनों अपराधकर्मियों का कई थानों में हत्या, रंगदारी एवं लूट के मामले दर्ज हैं।

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के घरों में पहुंचेगा शुद्ध पेयजल : सुशील बारला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**किरीबुरु** : पश्चिम सिंहभूम जिले के शहरों से लेकर सारंडा व अन्य ग्रामीण क्षेत्र के लोग अरबों रुपए खर्च होने के बावजूद इस भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी के लिये परेशान क्यों हैं। इसके लिये जिम्मेदार कौन। क्या यह गंभीर मुद्दा प्रत्याशियों के लिये परेशानी खड़ा करने वाली है। सारंडा का दोदारी, काशिया-पेचा, छोटानागरा के अलावे जगन्नाथपुर व अन्य शहरों में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी जलापूर्ति योजना जिसका पानी कई गांवों व शहरों के लोगों को नहीं मिल रहा है वह चुनावी मुद्दा बनने वाला है। जगन्नाथपुर के लोगों द्वारा दो-दो बार विभागीय मंत्री से शिकायत करने के बावजूद आज तक इस जलमीनार का एक बूंद पानी भी लोगों के घरों तक क्यों नहीं पहुंचा। उल्लेखनीय है कि हर घर जल योजना जल जीवन मिशन के तहत भारत में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था। इसका लक्ष्य देश के हर घर को पाइप से पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराना है। हर घर जल भारत सरकार द्वारा 2024 तक हर घर में नल का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई एक योजना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019 के केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की थी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पश्चिम सिंहभूम जिले में संचालित तमाम योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस योजना का लाभ मात्र 30 फीसदी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। जगन्नाथपुर प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल का कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाना था। जगन्नाथपुर में यह योजना पूरी तरह से फेल है। जलमीनार एवं तमाम पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है। मोंगरा नदी का पानी को फिल्टर कर जगन्नाथपुर जलमीनार में लाकर वहाँ से घर घर सप्लाई करना था। लेकिन ठेकेदार व विभागीय अधिकारी मिलकर योजना का पैसा का बंदरबांट कर लिये, सिर्फ भ्रष्टाचार का जर्जर जलमीनार खडा. कर सरकारी जमीन को छेंक लिये। यहीं हाल सारंडा के छोटानागरा पंचायत स्थित बाईहातु एवं गंगदा पंचायत के दोदारी गांव स्थित आसन जलापूर्ति योजना व जलमीनार का है। सारंडा की दोनों योजनाएं लगभग पूरी तरह से फेल है। यहां के कुछ गांवों में पानी पहुंचा है, लेकिन प्रायः गांव पानी से वंचित है। जल जीवन मिशन के तहत पिछले पांच वर्षों में झारखंड को भारत सरकार द्वारा 10865 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गयी है। जिसमें राज्य सरकार सिर्फ 3065 करोड़ रुपए का उपयोग ही कर पायी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जल जीवन मिशन कार्य को पूर्ण करने के लिए भारत सरकार ने झारखंड के लिए 4722 करोड़ की राशि आवंटित की है। परंतु इस वित्तीय वर्ष का लगभग चार माह बीत जाने के बाद भी सरकार के द्वारा इससे कोई राशि की निकासी नहीं की गयी है। इसकी जानकारी केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री विशेश्वर टुडू ने रांची के सांसद संजय सेठ के सवाल पर लोकसभा में बीते दिनों दी गई थी। केंद्रीय मंत्री ने लिखित जवाब में बताया था कि वर्ष 2019 में 267 करोड़, 2020-21 में 572 करोड़, 2021-22 में 2479 करोड़, 2022-23 में 2825 करोड़ और 2024 में 4722 करोड़ की राशि आवंटित की गयी है। इसकी तुलना में राज्य सरकार इन राशियों का उपयोग नहीं कर पा रही है। वर्ष 2019 में झारखंड सरकार ने 291 करोड़ रुपए का उपयोग किया, जबकि 2020-21 में 143 करोड़ रुपए का उपयोग हुआ, वही 2021-22 में 512 करोड़ रुपए का उपयोग हुआ, जबकि 2022-23 में 2119 करोड़ रुपए का उपयोग हुआ। केंद्रीय मंत्री ने सांसद संजय सेठ को यह भी बताया था कि राज्य सरकार के द्वारा जो रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी है, उसके अनुसार झारखंड में पूर्व में 20 I50 लाख ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं जुलाई 2023 तक राज्य में 61 I28 लाख घरों में से 23 लाख घरों में जल से आपूर्ति होने की सूचना दी गयी थी। जगन्नाथपुर निवासी सह झारखंड आंदोलनकारी नवाज हुसैन उर्फ बिरसा ने जगन्नाथपुर स्थित जलमीनार से एक भी घर को पानी नहीं मिलने की दो बार शिकायत विभागीय मंत्री मिथलेश ठाकुर से की थी। उनसे कार्रवाई का आश्वासन भी मिला, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने बोकना जलापूर्ति योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत तत्कालीन उपायुक्त से किया था। मामले में कुछ नहीं हुआ। दोदारी व छोटानागरा जलापूर्ति योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गंगदा के मुखिया राजू सांडिल, सारंडा पीढ़ के मानकी लागुडा. देवगम, विभिन्न गांवों के मुंडाओं ने सलाई चौक पर मुख्य सड़क जाम किया। पुलिस-प्रशासन व संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी आकर लिखित आश्वासन दिये लेकिन कुछ नहीं हुआ। आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक सुशील बारला ने मनोहरपुर प्रखंड के आधा दर्जन अधूरे व भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खडी. जलमीनार की शिकायत उपायुक्त व मुख्यमंत्री से किया लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। बडा. सवाल है कि आखिर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के घरों में कैसे पहुंचेगा शुद्ध पेयजल आखिर कौन पहुंचायेगा यह पानी।

## न्यायधीश से मिले अधिवक्ता, पार्क बनाने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**जमशेदपुर** : जमशेदपुर कोर्ट में बीते दिनों ई-कोर्ट बनाने को लेकर पार्क को तोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा था. इधर, इसी मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने एडहॉक कमिटी के अध्यक्ष लाला अजीत अंबष्ठ से मुलाकात कर कोर्ट परिसर में रखे दो कंटेनर को हटाने और पार्क का निर्माण करवाने की मांग की। इधर, एडहॉक कमिटी जिला एवं सत्र न्यायधीश अनिल कुमार मिश्रा से मिली और अधिवक्ताओं की मांग को उनके समक्ष रखा। जिला न्यायधीश ने तत्काल निर्णय लिया और कहा कि अविलंब पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए तथा बार भवन के तरफ दीवार को तोड़कर और बैठे हुए अधिवक्ताओं की जगह को हटाकर कंटेनर रखने की व्यवस्था की जाए। जब तक काम पूरा नहीं होगा तब तक कार्य बहिष्कार इधर, अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक दोनों कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक सभी अधिवक्ता अपने-अपने काम पर नहीं लौटेंगे। इस बैठक में संचालनकर्ता अजय सिंह राठौड़, संजीव रंजन परिहार, वरीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह, अक्षय कुमार झा, जाहिद इकबाल, जितेंद्र कुमार दुबे, प्रवीण कुमार सिंह, लुसी कच्छप, संजीव कुमार झा, विजय कुमार सिंह, अमित कुमार, निरंजन झा, संजीत कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिंह, गौरव पाठक समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक घर से 420 बोतल शराब बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**देवघर** : जिले की टाउन थाना पुलिस ने होटल इम्पीरियल हाईट्स के पीछे एक घर में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के 420 बोतल शराब बरामद किया है। बरामद शराब की बाजार मूल्य 1.25 लाख बतायी जा रही है। पुलिस ने आरोपित मां-बेटे के विरुद्ध टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में लोकसभा चुनाव होने के कारण देवघर जिले में शराब की बिक्री पर पाबंदी है। इस बीच गुप्त सूचना मिली कि टाउन थाना क्षेत्र के होटल इम्पीरियल हाईट्स के पीछे अनीता घोष ने घर में भारी मात्रा में शराब स्टॉक कर रखी है। सूचना पर एसआईटी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनीता घोष के घर में छापेमारी कर 1.25 लाख की कीमत के शराब बरामद किया। इसमें 17 बोतल किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर, 70 बोतल गॉडफादर स्ट्रॉन्ग बीयर, 113 रॉयल स्टैग व्हिस्की, 37 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 66 बोतल इंपीरियल ब्लू व्हिस्की, 60 बोतल इंपीरियल ब्लू व्हिस्की और तीन बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की बरामद किया गया। हालांकि, अनीता घोष का पुत्र आशीष घोष पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने अनिता घोष एवं उनके पुत्र आशीष घोष के विरुद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

## रंगदारी वसूली की योजना बना रहे दो बदमाश गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने रंगदारी वसूली की योजना बना रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बड़ा जिरवाबाड़ी के बबलू मंडल और पप्पू मंडल शामिल हैं। इनके पास से पुलिस एक देशी कट्टा और एक गोली बरामद किया है। पप्पू मंडल हाल ही में जमानत पर जेल से निकला है। बबलू मंडल बम कांड में वांछित था। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना पर निरापाडा जंगल में छापेमारी कर रंगदारी वसूली करने की योजना बना रहे बबलू मंडल और पप्पू मंडल को गिरफ्तार किया गया। बबलू मंडल तालझारी थाना क्षेत्र स्थित मसकलईया गांव में 15 सितंबर को हुए बम कांड, जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के चानन में राजा मंडल को गोली मारकर जख्मी करने में वांछित था। बबलू मंडल पर जिरवाबाड़ी थाना में चार मामले दर्ज हैं जबकि तालझारी थाना में एक मामला दर्ज है। पप्पू मंडल पर जिरवाबाड़ी थाने में आठ मामले दर्ज हैं।

## भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसम्पर्क



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चक्रधरपुर** : भारतीय जनता पार्टी की सिंहभूम सीट से प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में जन संपर्क चलाया. जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर लोगों के लिए चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसे अब रुकने नहीं देना है। उन्होंने आगामी 13 मई को पक्ष में वोट देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने चक्रधरपुर के पवन चौक, वार्ड संख्या चार, पुरानी बस्ती, वार्ड संख्या दो स्थित कुदलीबाड़ी, भलियाकुदर, वार्ड संख्या तीन हरिजन बस्ती, वार्ड संख्या आठ के कुंभा टोली, झुमका मोहल्ला, वार्ड संख्या सात, पोर्टरखोली, पुरानी बस्ती व अन्य क्षेत्रों में भाजपा कार्यकताओं के साथ पैदल भी जन संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने पुरानी बस्ती स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना भी की। सिंहभूम से भी भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए

**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301**
*Email Id - deo_hazaribagh@rediffmail.com*

**आवश्यक सूचना**

जिला विद्यालय निरीक्षिका का कार्यालय, हजारीबाग में पदस्थापित अनुसेवक श्री जावेद अहमद दिनांक–15.09.2022 से बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित हैं। श्री जावेद अहमद के आवासीय पते पर कार्यालय पत्रांक–1894 दिनांक–24.09.2022, पत्रांक–218 दिनांक–30.01.2023 एवं पत्रांक–728 दिनांक–23.03.2023 के द्वारा बिना सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, परन्तु अबतक न तो श्री जावेद अहमद कार्यालय में उपस्थित हुए और ना ही स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ।

क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के पत्रांक–546 दिनांक–16.04.2024 के द्वारा निदेशित किया गया है कि यदि श्री जावेद अहमद एक पक्ष के अन्दर योगदान नहीं देते हैं तो उक्त के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा की जाय, ताकि आगामी स्थापना की बैठक में इस मामले को रखा जाय।

श्री जावेद अहमद, अनुसेवक, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षका, हजारीबाग को समाचार पत्र के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना योगदान दें, अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग को प्रतिवेदित किया जायेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग
PR 324134 School Education and Literacy(24-25)#D

## समीर मोहंती को प्रत्याशी बनाने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बहरागोड़ा** : बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय के सम्मुख झामुमो कार्यकर्ता द्वारा बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर कुमार मोहंती को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने की खुशी में उनका जोरदार स्वागत किया गया. वहीं विधायक समीर कुमार मोहंती के पार्टी कार्यालय पहुंचते ही पार्टी के सदस्यों द्वारा माला पहना कर तथा गुलदस्ता भेंट कर व नारे लगाते हुए स्वागत किया गया। इस मौके पर झामुमों के केंद्रीय सदस्य सह क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के कोल्हान सदस्य आदित्य प्रधान, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, सुमित माईती, रास बिहारी साउ, राजीव लेंका, मनोरंजन होता एवं पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीपीएस स्कूल में मॉप-अप दिवस कार्यक्रम

**आदित्यपुर** : शुक्रवार को सीपीएस स्कूल आदित्यपुर में मॉप-अप दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार सिविल सर्जन डॉ। अजय सिन्हा, एमओआईसी डॉ लक्ष्मी, एमपीडब्ल्यू दीपक कुमार, बीटीटी मुनिराम महतो और डीयूएचएम मनीष गुलाटी के मार्गदर्शन में नर्सरी से कक्षा-12 तक के कई विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल 400 मिलीग्राम की खुराक दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ ने भरपूर सहयोग किया। जो विद्यार्थी 19/04/2024 को अनुपस्थित थे उन्हें आज एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई।

**-: कार्यालय :-**
**प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल**

**-: आवश्यक सूचना :-**

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 25.05.2024 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द साव | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 02 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद, गंगा राम | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 03 | 37/2023 | 30.10.2023 | लक्ष्मण यादव, नारायण भोक्ता | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 04 | 42/2023 | 02.01.2024 | मुनु उरांव, महेश्वर नायक, सरोज देवी, पप्पु कु0 सिंह | ट्रैक्टर इंजन नं0 RHC2EAN3535 | बल्ली साल 17 पीस |
| 05 | 01/2024 | 18.01.2024 | छोटू राय, सफीक राय | – | यूकेलिप्टस बोटा 19 पीस |
| 06 | 02/2024 | 22.02.2024 | गुमानी भुईयां, बलराम उरांव, रामकेश यादव | – | आसन फल्ली 05 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2024 को 11:00 बजे पर्वाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल
PR 324108 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

# प्लस टू उ उवि छोटानागरा के अधिकांश बच्चे नहीं जा रहे स्कूल

## प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों के साथ बैठक कर समाधान का किया प्रयास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**किरीबुरु** : प्लस-टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, छोटानागरा में पढ़ने वाले आधा से अधिक बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है. उन्होंने विद्यालय में खराब अनुशासन, प्रभारी प्रधानाध्यापक और शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच आपसी तालमेल का अभाव व बच्चों के साथ गलत व्यवहार का आरोप लगाया है. इस विकट परिस्थिति से निपटने, मामले को दबाने एवं समाधान हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापक राम कुमार यादव ने 25 अप्रैल को विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ बैठक कर मामले का समाधान करने की कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। इस कारण अधिकतर बच्चे स्कूल आना बंद कर दिये हैं। इस मामले को लेकर स्कूल के कुछ बच्चे व उनके अभिभावकों ने बताया कि पूर्व में विद्यालय को अनुशासित रुप से चलाने हेतु विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों ने विशेष नियम बनाये थे। नियम के अनुसार स्कूल प्रारम्भ होने के निर्धारित समय के बाद गेट में ताला बंद होगा। जो भी बच्चे या शिक्षक-शिक्षिकायें विलम्ब से आयेंगे, उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। कुछ दिन सब कुछ ठीक से चलता रहा। बाद में नियम टूटने लगे और कुछ बच्चे विलम्ब से आते तो उन्हें सजा के तौर पर मैदान का कई चक्र दौड़ लगाने की सजा दी जाती थी। बीते दिन जब शिक्षक विलम्ब से आये तो बच्चों ने स्कूल गेट का ताला बंद कर दिया। यहीं से विवाद बढ़ने लगा। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों के बीच भी विवाद बढ़ता गया। इसके अलावे शिक्षक-शिक्षिकाओं पर बच्चों का समुदाय देख भेदभाव करने का भी आरोप लग रहा है। कुछ पैसों का वितरण में भी यह विवाद आया था, लेकिन इसका हल करा दिया गया था। बच्चों ने बताया कि उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है। इस कारण वे स्कूल जाना बंद कर दिये हैं।

## एक झलक

### लोडेड पिस्तौल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोतिहारी शहर से सटे रघुनाथपुर से चार अपराधियों को लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में गोविंदगंज थाना क्षेत्र का प्रिंस कुमार,रघुनाथपुर का गुरु भूषण कुमार उर्फ सौरभ कुमार , संग्रामपुर थाना क्षेत्र का शुभम सिंह एवं रघुनाथपुर थाना क्षेत्र का प्रिंस कुमार शामिल है। उक्त अपराधियों के पास से एक पिस्तौल,एक मैगजीन व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। इस संबंध में एएसपी शिखर चौधरी ने बताया है कि सभी अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए थे,जिसकी भनक पुलिस को लग गई और चारो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि प्रिंस कुमार के विरुद्ध रघुनाथपुर तुरकौलिया में वर्ष 2018 में चोरी का मामला दर्ज है। वर्ष 2018 में ही गुरुभूषण के खिलाफ भी तुरकौलिया थाने में एक चोरी का केस दर्ज किया गया था। पुलिस टीम में एएसपी के अलावा रघुनाथपुर थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### विस्तारा की फ्लाइट में आयी खराबी

**पटना :** पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 717 दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई। जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ तकनीकी खराबी है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह 9 बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और 11 बजे फिर से पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई खराबी को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

### दुकानों में लगी आग समान जल कर खाक

**पटना :** पटना के मुख्य मार्ग बिहटा में 6 दुकानों में गुरुवार देर रात को शार्ट सर्किट से अचानक में आग लग गई। अगलगी में कई जिंदा बकरी,मुर्गा समेत अन्य समान जल कर खाक हो गए। इस घटना में करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति जल का राख हो गई । घटना की सूचना पर बिहटा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मशक्कत के बाद 3 दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के करीब की शार्ट सर्किट होने से उसकी निकली चिंगारी दुकान पर गिर गई और देखते देखते आसपास में कई दुकानें को आग ने चपेट में लिया। बिहटा थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने कहा कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। पीड़ितों का लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पटना में पति-पत्नी ने की खुदकुशी

**पटना :** पटना में शुक्रवार सुबह पति-पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किचन से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड में नोट में पति ने अपने दोस्त को लिखा है कि मैं अपना शरीर त्याग रहा हूं। मेरे मरने के बाद छोटी बेटी को किसी अनाथालय में पहुंचा देना। उस रोने मत देना। हमारे मरने की जानकारी ससुराल को भी मत देना क्योंकि मेरी पत्नी की यह आखिरी इच्छा है। यह मामला बेऊर थाना स्थित दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले का है। मेरे पर्स में कुछ पैसे हैं। तुम इनसे हमारा अंतिम संस्कार कर देना। बस तुमसे अंतिम प्रार्थना यह है कि तुम मेरी छोटी बेटी को ठीक से पहुंचा देना या पाल लेना। यह मेरा आखिरी खत है। इस घटना की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेऊर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद बेऊर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पति-पत्नी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया।

# दरभंगा में आग से एक ही परिवार के 06 लोगों की मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार में आग का तांडव जारी है। शुक्रवार देर रात दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंटोर गांव में एक शादी समारोह में सिलेंडर व डीजल के स्टॉक में हुए विस्फोट की वजह से एक ही परिवार के 06 लोगो की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दरभंगा जिले के अंटोर गांव में गुरुवार मध्य रात्रि में रामचंद्र पासवान के घर में रखे डीजल स्टॉक में सिलेंडर विस्फोट के बाद लगी आग में उनके परिवार के 06 लोगों की मौत हो गई। साथ ही तीन मवेशियों की भी जान चली गई।



शादी समारोह के लिए बनाए शामियाने में आग लग गयी और उसकी चपेट में आधा दर्जन से अधिक लोग आ गए। घटना अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव की है। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने शुक्रवार को बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सरकारी स्तर पर पीड़ित परिवार को सभी प्रकार की मदद की जा रही है। इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई है। आग की चपेट में आने से तीन मवेशियों की भी मौत हुई है।

## वाहन जांच के दौरान निगरानी दल ने जब्त किये लाखों रुपये

- स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के द्वारा कुल 1,99,500 एक लाख निन्यानवे हजार पांच सौ नगद पायी गयी राशि

एजेंसी

**सहरसा :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थलों पर बनाए गए चेक पोस्टों पर चल रहे सघन वाहन जांच के दौरान स्थैतिक निगरानी दल हुसैनचक 76 सिमरी बख्तियारपुर चेक पोस्ट पर गौतम कुमार पिता अरविंद कुमार यादव सलखुआ थाना के इटहरी ग्राम निवासी कि स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के द्वारा कुल 1,99,500 एक लाख निन्यानवे हजार पांच सौ नगद राशि पाई गई । जब्त राशि के संबंध में जांच स्थल पर



कोई संतोषप्रद प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्थैतिक निगरानी दल के दंडाधिकारी सूरज कुमार एवं उड़नदस्ता दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि जब्ती की कार्यवाही की गई एवं संबंधित थाना अध्यक्ष सिमर ीबख्तियारपुर के एसएचओ को राशि सुपुर्द कर दिया गया। निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के अक्षरशः अनुपालन तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु हमारी पूरी टीम पुलिस बल के साथ जिले के सभी चेक पोस्टों पर पूरी मुस्तादी के साथ आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की गहन जांच करवाई जा रही है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों को हम लोग जब्त करने का काम करेंगे। चुनाव प्रभावित किए जा सकने वाले हर एक बिंदु पर निगरानी दलों की नजर बनी हुई है।

## बाल विवाह मुक्त भारत, मतदाता जागरूकता अभियान




**अररिया :** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसाकांटा स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बाल विवाह मुक्त भारत व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों को बाल विवाह मुक्त भारत व मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर शपथ भी दिलाया गया. ।शपथ के साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। जागरूकता रैली पीएचसी से निकलकर मुख्य चौक, बस स्टैंड के रास्ते हत्ता चौक तक गई। जहां से जागरूकता रैली वापस पीएचसी पहुंची। इस दौरान जागरूकता रैली का नेतृत्व कर रहे पीएचसी प्रभारी डॉ जमील अहमद ने बताया कि जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 07 मई को अपने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है।

## फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रही महिला पद से हटाने का आदेश

**सहरसा :** जिला लोक शिकायत निवारण प्राधिकारी द्वारा परिवादी राम प्रसाद यादव परिवाद का विषय जिला समादेष्टा रक्षक वाहिनी द्वारा आवेदक मोसमात अनीता देवी पिता शिव शर्मा नरैया पंचगछिया सत्तर कटैया को फर्जी प्रमाण पत्र रखने के कारण पद से शीघ्र हटाए जाने का निर्णय दिया है। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के द्वारा अनीता देवी का फर्जी प्रमाण पत्र रखने का पत्र निर्गत किया गया है। वही परिवाद के आलोक में लोक प्राधिकार वरीय जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी को नोटिस निर्गत किया गया। उक्त सूचना के आलोक में लोक प्राधिकार ने कार्यालय आदेश ज्ञापक 567 दिनांक 24 अप्रैल के द्वारा सूचित किया गया कि सहरसा जिला इकाई के गृह रक्षिका संख्या 33265



अनीता देवी को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी महिषी के आलोक में फर्जी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए कर्तव्य से वंचित किया जाता है।परिवादी के परिवार एवं लोक प्राधिकार की प्रतिवेदन का अवलोकन कर यह निर्णय दिया गया। लोक प्राधिकार की प्रतिवेदन से सहमत हुए परिवादी के परिवार को निष्पादित किया गया। जिसकी प्रति परिवादी एवं वरीय जिला समादेष्टा बिहार की रक्षा वाहिनी को उपलब्ध कराया गया है। वही सहरसा जिला इकाई के गृह रक्षक अनीता देवी को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी महिषी के ज्ञापन के आलोक में फर्जी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए कर्तव्य से वंचित किए जाने का आदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि इस संबंध में फर्जी दस्तावेज फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र जारी करने की आरोप में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मध्य विद्यालय धनोज धरमपुर के प्रधानाध्यापक शिव शंकर चौधरी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उक्त पत्र में श्री चौधरी पर आरोप अंकित किया गया है कि छात्र अनिता कुमारी का प्रथम वर्ग में प्रवेश तिथि 1 मई 1996 अंकित है।

## पप्पू यादव के चार समर्थक डमी ईवीएम के साथ पकड़े गये



**पूर्णिया :** सहायक खजांची के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा रजनी चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान एक महिंद्रा जीप (थार) में बैठे चार व्यक्तियों के पास से तीन डमी ईवीएम बरामद किया । जिसमे से तीन बाहरी जिला गोपालगंज से चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए आए हुए थे ।डमी ईवीएम के साथ गिरफ्तार व्यक्ति का नाम शमशुल हक अजाद पिता शोएब रहमान सा सरैया थाना गोपालगंज , विजय प्रताप सिंह पिता स्व नंदकिशोर सिंह सा. रूपनछाप थाना बरौली, रूकसार अहमद पिता मो हफीज सा. बगहा थाना थावे। अरविन्द साह पिता रामदेव साह सा शिवपुरी भट्टा बाजार थाना सहायक खजांची जिला पूर्णिया के विरूद्ध चुनाव आचार संहिता में दिए गए

## सांसद विवेक ने शहीद के परिजन को बंधाया ढाढ़स

एजेंसी

**नवादा :** राज्यसभा सांसद तथा एनडीए के सांसद प्रत्याशी चुनाव खत्म होने के बाद शुक्रवार को कौवाकोल में शहीद के घर पहुंच कर उनके परिजनों को ढाढ़स बढ़ाते हुए हर संभव मदद की बात कही। लोकसभा एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर मतदान उपरांत क्षेत्र में सघन दौरा कर लगातार अपने कार्यकताओं से संपर्क में हैं और क्षेत्रवासियों की समस्याएं जान रहे हैं। इस क्रम में विवेक ठाकुर ने हिसुआ के ग्राम बजड़ा, भेलवा, कुलना इत्यादि गांवों में जाकर अपने कार्यकताओं और ग्रामीणों का कुशल क्षेम जाना। वहीं ग्राम बढ़ौना एवं लोकसभा क्षेत्र के कई गांवों में किसानों के गेंहू की फसल आग लगकर राख हो गई। विवेक ठाकुर ने



उन किसानों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। साथ ही उन्होंने किसानों को शीघ्र मुआवजा दिए जाने को लेकर जिलाधिकारी नवादा व शेखपुरा से विस्तृत वार्ता की। विगत दिनों गया-किऊल रेलखंड पर चातर हॉल्ट के समीप मालगाड़ी और टेंपो की टक्कर में ग्राम सिरसा की एक महिला की मृत्यु तथा ग्राम अरियन के कई लोग घायल हो गए थे। दोनों गांव पर विवेक ठाकुर ने उनके परिवारजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कौआकोल निवासी सीआरपीएफ जवान नीलेश कुमार ?नीलू? का विगत दिनों पश्चिम बंगाल में चुनावी ड्यूटी के दौरान निधन हो गया था।

## लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से नौ नामांकन पत्रों को किया गया अस्वीकृत

**समस्तीपुर :** उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी, अजय कुमार तिवारी के द्वारा की गयी। संवीक्षा के दौरान 1. निर्दलीय चंदेश्वर राय 2. आर0एस0पी0आई (एम0एल0) के चंद्रशेखर राय 3. निर्दलीय विरेन्द्र कुमार राय 4. बिहार जस्टिस पार्टी के राम लगन राय 5. निर्दलीय अरूण कुमार यादव 6. निर्दलीय राम करण पासवान 7. निर्दलीय आमोद कुमार 8. समता पार्टी के अमन कुमार झा एवं 9. निर्दलीय शत्रुध्न साह ,इन सभी के शपथ-पत्र के अपूर्ण रहने के कारण इनके नाम निर्देशन पत्रों को अस्वीकृत किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य अभ्यर्थियों के नाम 1. राष्ट्रीय जनता दल के आलोक कुमार मेहता 2. जनता राज विकास पार्टी के मनोज कुमार 3. भारतीय जनता पार्टी के नित्यानंद राय 4. सोशलिस्ट युनिटी सेन्टर आफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के राम पुकार राय 5. जागरूक जनता पार्टी के निक्की झा 6. बहुजन समाज पार्टी के मोहन कुमार मौर्या 7. राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के संतोष राय 8. सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के अंशु कुमार 9. निर्दलीय नारेन्द्र गिरी 10. निर्दलीय संजय पासवान 11. निर्दलीय अमरेश राय 12. निर्दलीय राकेश कुमार 13. निर्दलीय किशोर कुमार है। संवीक्षा के समय सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य तथा अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के प्रस्तावक/निर्वाचन अभिकर्त्ता उपस्थित थे।



## मोतिहारी में 10 हजार का इनामी कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिला पुलिस टीम ने टॉप 20 श्रेणी में शामिल 10 हजार का इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के दौरान मिली गुप्त सूचना पर एएसपी सदर शिखर चौधरी के नेतृत्व में छतौनी थाना पुलिस ने छापेमारी कर हत्या एवं लूट कांड में वांछित 10 हजार रुपए का इनामी और जिले के टॉप-20 श्रेणी में शामिल कुख्यात अपराधी पश्चिम चंपारण के रामनगर थाना क्षेत्र निवासी लारेब खान उर्फ समीर खान को खोदानगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि लारेब खान कुछ दिनों से मोतिहारी के खोदानगर मुहल्ले



में छुप कर रह रहा था। इसके विरूद्ध छतौनी थाना में हत्या,लूट व आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज है, जिसमे उसकी तलाश की जा रही थी। इस संदर्भ में छतौनी थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में एएसपी सदर शिखर चौधरी,छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार,पीएसआई मुकेश कुमार व छतौनी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## एआईएमआईएम नेता सहित अन्य लोगों पर मामला दर्ज

एजेंसी

**किशनगंज :** किशनगंज में एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी सहित अन्य लोगों के खिलाफ सदर थाना में कांग्रेस सांसद डॉ. जावेद आजाद ने गुरुवार की देर रात मामला दर्ज करवाया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर राजद कांग्रेस व एआईएमआईएम उम्मीदवार को समर्थन को लेकर फर्जी प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है। इसको लेकर कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. जावेद आजाद ने सदर थाने में शिकायत कराई थी। शुक्रवार को किशनगंज में मतदान हो रहा है। उससे पहले कई फेसबुक अकाउंट और वाट्सएप पर यह पोस्ट कर दिया गया कि डॉ. जावेद ने एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरुल ईमाम को समर्थन कर दिया है,



जिसके बाद गुरुवार की देर रात डॉ. जावेद आजाद सदर थाना पहुंचे और उन्होंने कई लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। डॉ. जावेद ने बताया कि साजिश के तहत इस तरह का पोस्ट वायरल किया गया है ताकि उन्हें हराया जा सके लेकिन क्षेत्र की जनता काफी समझदार है,जिन्होंने इस तरह का फर्जी प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। शुक्रवार को भी एक फेक ऑडियो वायरल किया गया है। सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मुस्लिम बहुल किशनगंज में मुकाबला दिलचस्प है। यहां कांग्रेस से निवर्तमान सांसद मो. जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम उम्मीदवार अख्तरुल ईमाम के बीच है।

## दो नामांकन पत्रों को किया गया अस्वीकृत

एजेंसी

**समस्तीपुर :** लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से किये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, एनआईसी वीसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक हरीथा वी कुमार की उपस्थिती में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह के द्वारा की गयी। संवीक्षा के दौरान राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार दास की उम्र 25 वर्ष से कम होने के कारण, इनके नाम निर्देशन पत्र को अस्वीकृत कर दिया गया। निर्दलीय प्रत्याशी महेन्द्र महतो के फॉर्म-26 अपूर्ण रहने के कारण इनके नाम निर्देशन पत्र को अस्वीकृत किया गया। नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य अभ्यर्थियों के नाम, 1. लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की



शाम्भवी, 2. बहुजन समाज पार्टी के राम लखन महतो, 3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सनी हजारी, 4. राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के पिंकू पासवान, 5. वाजिब अधिकार पार्टी के विद्यानंद राम, 6. देश जनहित पार्टी के रतन बिहारी, 7. साथी और आपका फैसला पार्टी के लाल बाबू महतो, निर्दलीय रवि रौशन कुमार, 10. निर्दलीय शशि भूषण दास, 11 निर्दलीय मुकेश चौपाल, तथा 12 निर्दलीय अमृता कुमारी हैं।

## नरेन्द्र मोदी के रहते न तो संविधान पर खतरा और न आरक्षण पर : चिराग

एजेंसी

**अररिया :** अररिया के फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने हुंकार भरी।उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के द्वारा संविधान को खतरा और आरक्षण हटाने की भ्रम वाली बात जनता में फैला रही है।जो नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जब तक देश में प्रधानमंत्री हैं तब तक न तो संविधान को कोई खतरा है और न ही आरक्षण व्यवस्था पर। उन्होंने अपने पिता रामविलास पासवान के संघर्ष को याद



करते हुए कहा कि चिराग पासवान के रहते संविधान और आरक्षण पर किसी तरह की आंच नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक विकसित भारत निर्माण को बात करते हैं और यह विकसित भारत देश के अभी राज्य,जिले,प्रखंड,पंचायत से लेकर हरेक गांव तक विकसित होने करने की बात कही।उन्होंने विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन राजनीति कर रहे हैं।उन्होंने जयप्रकाश नारायण के अनुयायियों के कांग्रेस के गोद में जाने की बात करते हुए कहा कि यह कांग्रेस 1975 देश में आपातकाल लाई थी,जो संविधान और लोकतंत्र का हत्या था।उन्होंने कहा कि 1990 के राजद वाला काल याद रखना चाहिए।किस तरह बिहार में मां बहने सुरक्षित नहीं थी और आज भी राजद वाले मां बहन को गाली देने से गुरेज नहीं करते।

## अभाविप ने आरबीआई गवर्नर को राज्य के विवि के बैंक खाते फ्रीज करने को लेकर कार्रवाई की मांग की

एजेंसी

**पटना :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर को पत्र लिखकर बिहार के विश्वविद्यालयों (विवि) के बैंक खातों से नियमों के विपरीत अवैध हस्तांतरण तथा गैरकानूनी तरीके से बैंक खातों को फ्रीज करने के मामलों में संबंधित बैंकों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के बैंक खाते अवैध रूप से फ्रीज करने के बाद उत्पन्न हुए वित्तीय संकट से विश्वविद्यालय पूरी तरह ठप्प पड़ गये है। गवर्नर को भेजे गए पत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट उल्लेख किया है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम,1976 तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट,1934 के अनुसार वित्तीय क्षेत्र से जुड़े निर्णयों से जुड़े नियमों को पूरी तरह से अनदेखा करते हुए राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के एक प्रशासनिक अधिकारी के आदेश पर बैंक खातों से अवैध हस्तांतरण तथा बैंक खातों को फ्रीज करने की गैर-कानूनी कार्रवाई हुई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता तथा सुचारू संचालन में बाधा बने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य शिक्षा सचिव के गैर-कानूनी तथा अधिनायकवादी निर्णयों के विरोध में कैबिनेट सचिव को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है तथा अपर मुख्य शिक्षा सचिव के कारस्तानियों से कैबिनेट सचिव को अवगत कराया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार के कथित मसीहा के अधिनायकवादी निर्णयों से बिहार का शिक्षा क्षेत्र जो पहले से ही पिछड़ा हुआ है,वह और भी अधिक पिछड़ रहा है। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के बैंक खातों में छात्रों के जमा पैसे को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैंकों के साथ सांठ-गांठ से अवैध रूप से हस्तांतरित कर लिया गया। यह अत्यंत शर्मनाक है। विद्यार्थी परिषद ने आरबीआई गवर्नर को पत्र के माध्यम से नियमों की अवहेलना के विषय में अवगत कराया है।

## एक झलक

### ज्योति सुरेखा व अभिषेक वर्मा चीन में आयोजित विश्वकप तीरंदाजी के कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग के फाइनल में

**बीजिंग :** भारत की ज्योति सुरेखा और अभिषेक वर्मा चीन में आयोजित विश्वकप तीरंदाजी के कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग के फाइनल में पहुंच गये हैं। इस प्रकार भारत को दो पदक मिलने तय हो गये हैं। ज्योति सुरेखा और अभिषेक की टीम ने मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब इन दोनो का सामना सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम से भी फाइनल में पहुंची है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति के पास इस बार पदकों की हैट्रिक का अवसर है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पधाओं के फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में बने हुए हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पधाओं के फाइनल में पहुंची है।

### मार्श की जगह गुलबदीन को किया शामिल

**नई दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श की जगह पर आईपीएल के बचे हुए मैचों के लिए अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब को अपनी टीम में शामिल किया है। मार्श चोटिल होने के कारण इस सत्र से बाहर हो गये हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने गुलबदीन को बेस प्राइस 50 लाख रुपए में टीम में शामिल किया है। इस क्रिकेटर ने अफगानिस्तान के लिए 82 एकदिवसीय और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस सत्र में मार्श का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 4 मैचों की 3 पारियों में 23 के उच्च स्कोर के साथ ही कुल 61 रन बनाए। वहीं 12.87 की इकॉनमी रेट के साथ उन्होंने केवल एक विकेट ही लिया है। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम को शायद ही किसी प्रकार की परेशानी हो। यह लगातार दूसरा सत्र है जब मार्श सत्र के बीच में ही वापस गये हैं। दिल्ली ने मार्श पर 6.5 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी पर उसे इसका लाभ नहीं मिला। मार्श ने साल 2023 में दिल्ली के लिए नौ गेम खेले थे।आईपीएल अंक तालिका में अभी दिल्ली कैपिटलस 9 मैचों में 4 जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

### हार पर कमिंस बोले, गेंदबाजी अच्छी नहीं

**हैदराबाद :** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में हार से सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस निराश हैं। कमिंस को इस मैच में जीत की उम्मीद थी। आरसीबी इस सत्र की पहली टीम है जिसने सनराइजर्स को उसी के घर में हराया है। मैच हारने के बाद टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि इसे स्वीकार करना कठिन है। साथ ही कहा कि हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही, इसके अलावा हमने शुरूआत में ही कुछ विकेट भी खो दिये। हमारी पहले बल्लेबाजी की रणनीति सफल रही है। पिछली कुछ सफलताओं से पहले हम सोच रहे थे कि हम पहले गेंदबाजी करने वाली टीम हैं पर इस हार से साबित हुआ कि हमारा अंदाजा गलत निकला। कमिंस ने कहा कि में आमतौर परजीत के बाद मैं बोलता हूं और डेनियल विटोरी हार के बाद बोलते हैं। खिलाड़ियों ने आज भी अच्छा प्रदर्शन किया पर ये टी20 क्रिकेट है जिसमें आप हर दिन जीत नहीं सकते हैं। इस पर ज्यादा ध्यान न दें। वहीं इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी पर कमिंस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारा मजबूत पक्ष रहा है पर हर दिने ये ही हमें जीत नहीं दिला सकता। एक या दो मैचों में जहां शुरूआत में चीजें हमारे अनुकूल नहीं रहीं उसमें भी हम बाद में अच्छा स्कोर बनाने में में सफल रहे। फिर भी सोचते हैं कि यही हमारे खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का रास्ता है। इस मैच में जीत के बाद भी आरसीबी अंक तालिका में नीचे ही है। उसे प्लेऑफ की संभावनाओं के लिए बच हुए पांचों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। इस हार के बाद भी सनराइजर्स अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है।

# जीत की लय बनाये रखेगी दिल्ली




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुम्बई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत की लय बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की थी, ऐसे में इस मैच के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। इसके अलावा उसके कप्तान ऋषभ पंत भी अपने पुराने आक्रामक अंदाज में आ गये हैं। जिसका भी टीम को लाभ होगा। ऋषभ ने गुजरात के खिलाफ जबरदस्त अर्धशतकीय पारी खेलते हुए अंतिम ओवर में 31 रन बना दिये थे। ऋषभ के अलावा अक्षर पटेल ने भी उस मैच में तेजी से अर्धशतक लगाया था। टीम की गेंदबाजी भी अब पहले से बेहतर हुई है। वहीं दूसरी ओर कप्तान हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस खराब दौर से गुजर रही है। टीम को अपने पिछले मैच में रॉजस्थान रॉयल्स से करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसपर दबाव रहेगा। टीम की बल्लेबाज और गेंदबाजी बिखरी हुई है। कप्तान पंड्या भी अब तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। उनके लिए राहत की एकमात्र बात ये रहेगी इस सत्र की शुरूआत में उनकी टीम ने दिल्ली को हराया था जिससे वह प्रेरित होकर उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पक्का हो सकेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में उसे रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर चल रही मुंबई अब एक हार से प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो सकती है।

# न्यूजीलैंड ने पाक को चौथे टी20 में चार रनों से हराया

**एजेंसी**

**लाहौर :** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को चौथे टी20 क्रिकेट मैच में चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। कीवी टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिनसन के अर्धशतक के बल पर सात विकेट पर 178 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 174 रनों पर ही आउट हो गयी। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान पाक की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान बाबर आजम 5 रन बनाकर दूसरे ओवर में ही आउट हो गये। युवा बल्लेबाज सईम अयूब 20 और उस्मान खान ने 16 रन बनाये। अनुभवी फखर जमान ने शादाब खान 7 के साथ पारी आगे बढ़ाने का प्रयास किया पर शादाब अधिक देर तक नहीं खेल पाये। इसके बाद फखर ने इफ्तिखार अहमद के साथ 61 रन जोड़े पर फखर के 61 रनों पर आउट होने के बाद टीम ढ़ह गयी। अंत में ऑलराउंडर इमाद वसीम ने 22 रनों की पारी खेली पर पाक टीम तय ओवरों में आठ विकेट पर 174 रन ही बना पायी। कीवी टीम की ओर से ओरूर्के ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि बेन सियर्स ने दो विकेट लिए। वहीं इससे पहले न्यूजीलैंड की ओर से टिम रॉबिन्सन और टॉम ब्लंडेल ने अच्छी शुरूआत कर पहले विकेट के लिए 56 रन बनाए। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने अंतिम ओवरों में 20 गेंद में 27 रन बनाये।

# प्रणय , लक्ष्य और प्रियांशु से रहेंगी भारतीय टीम को उम्मीदें

- **उबर कप में सिंधु के बिना उतरेगी भारतीय महिला टीम**




**एजेंसी**

**चेंगडू :** भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम आज से यहां शुरू हो रहे थॉमस कप जबकि महिला टीम उबेर कप में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। भारतीय महिला टीम को इस टूनार्मेंट में पी वी सिंधु की कमी खलेगी। सिंधु पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को देखते हुए इस टूनार्मेंट में नहीं खेल रही हैं। भारतीय पुरुष टीम का लक्ष्य अपना खिताब बनाये रखना रहेगा हालांकि ये आसान नहीं है। ऐसे में भारतीय टीम के खिलाड़ियों एच एस प्रणय , लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत पर अहम जिम्मेदारी रहेगी। भारत को बेहद कठिन ह्यग्रुप आफ डैथह्व मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे स्टार खिलाड़ी हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी इस टीम में है। प्रणय ने कहा यह मुकाबला होगा क्योंकि अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं। प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से परेशान रहे हैं हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर वह फॉर्म में लौटे हैं। वहीं लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं। वहीं तीसरे एकल की कमान प्रियांशु राजावत के पास रहेगी। दूसरी ओर युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी। वहीं उबेर कप में महिला खिलाड़ी अष्मिता चालिहा भारत की युवा टीम का नेतृत्व करेंगी। इस टीम में राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल खरब, ईशारानी बरूआ और तन्वी शर्मा भी शामिली हैं। महिला वर्ग में भारत

# सेंथिलकुमार, आकांक्षा पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट के क्वार्टरफाइनल में

- **वेलवन ने प्री क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी माटेओ कारूगेट को हराया**
- **विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर मौजूद सालुंखे ने पहले दौर में बाई के बाद दूसरे दौर में ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चल रहे 12,000 अमेरिकी डॉलर ईनामी पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, बैच ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वेलवन ने प्री क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी माटेओ कारूगेट को हराया। सेंथिलकुमार ने शुरूआती दौर में बाई मिलने के बाद गुरुवार को दूसरे दौर में कैरौगेट को 29 मिनट तक चले मुकाबले में 11-4, 11-6, 11-7 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी से होगा। वहीं, राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंखे ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर इवेंट, एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर मौजूद सालुंखे ने पहले दौर में बाई के बाद दूसरे दौर में ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 25 मिनट में 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय का अगला मुकाबला यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से होगा।

# प्रथम के दम पर चौधरी नौनिहाल फाइनल में




**एजेंसी**

**प्रयागराज :** प्रथम मिश्र (68 रन, 36 गेंद एवं एक विकेट) की बदौलत चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को छह विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस हारकर भानु प्रताप सिंह क्लब ने 20 ओवर में 184 रन (अखिल कुमार कश्यप 62, शिवम यादव 45, अमन मिश्र 26, सुब्रत प्रसाद तिवारी 19, राहुल राजपाल 2-26, अमर चौधरी 2-33, प्रथम मिश्र 1-29, उदय प्रताप सिंह 1-32) बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब में 16.2 ओवर में चार विकेट पर 187 रन (प्रथम मिश्र 68, राहुल राजपाल 34, शिवाकांत शुक्ला 31, अंशुमान पाण्डेय 22 नाबाद, प्रवेश सिंह 3-28, सत्यम शुक्ला 1-35) बना लिए। प्रथम मिश्र को पूर्व रणजी क्रिकेटर प्रदीप सिंह ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल शनिवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज एवं फाफामऊ क्लब के बीच सुबह 8 बजे से खेला जाएगा।

### शिवांश ने की शानदार बल्लेबाजी, गुरुकुल ने जीता मैच

**लखनऊ :** एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मैच में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने ब्लैज विलो क्रिकेट क्लब को दो विकेट से हरा दिया। इस मैच में शिवांश सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाये। ब्लेज विलो क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शशि ने 10 रन बनाये। वहीं आयामंश ने 40 रन का योगदान दिया, जबकि तुशार ने 27 रन बनाये। वहीं राजवीर सिंह ने 50 रन बनाये, जबकि नीरज यादव और अब्दूल ने 12-12 रन का योगदान दिया। गुरुकुल क्रिकेट क्लब की टीम ने आठ विकेट गवांकर 201 रन बना लिये और मैच को दो विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज उत्कर्ष ने 15 रन का योगदान दिया। शिवांश सिंह ने 10 चौका और पांच छक्का की मदद से 96 रन बनाये।

# दूसरे दौर में पहुंचे राफेल नडाल, मिनौर से होगा सामना



**एजेंसी**

**मैड्रिड :** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूनार्मेंट में गुरुवार को आसान शुरूआत करते हुए अमेरिका के डार्विन ब्लैंच को केवल 63 मिनट में 6-1, 6-0 से हरा दिया। हालांकि एक दिन पहले ही उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस टूनार्मेंट में खेलने को लेकर अनिश्चितता जाहिर की थी।अपनी जीत के बाद स्पेनिश टीवी से बात करते हुए नडाल ने कहा कि वह हर पल का आनंद लेने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं कल (शुक्रवार) फिर से प्रशिक्षण लूंगा और परसों यहां वापस आऊंगा और यह बहुत अच्छा है। नडाल दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर से खेलेंगे। नडाल ने कहा, पिछले सप्ताह ऐसा नहीं होना था और मुझे यकीन है कि यह सप्ताह भी कठिन होगा। मैं हर चीज में सुधार जारी रखना चाहता हूं और जो कुछ भी मेरे हाथ में है, मैं वह सब करूंगा। इससे पहले बुधवार को, शांग जुनचेंग ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ एक रोमांचक मैच 6-7 (9), 6-2, 7-6 (10) से जीता, एक मैराथन मैच का फैसला तीसरे सेट के टाईब्रेक में तय हुआ। महिलाओं के 64वें राउंड में, शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्विएटेक ने अपने मैड्रिड अभियान की शुरूआत चीन की वांग ज़ियू पर आसान जीत के साथ की उन्होंने वांग को 6-1, 6-4 से आसान शिकस्त दी। एक अन्य मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त येलेना ओस्टापेंको ने जेसिका बौजस मनेइरो को 6-3, 6-1 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने डोना वेकिक को आसानी से 6-3, 6-2 से हराया और पूर्व विजेता विक्टोरिया अजारेंका ने तात्जाना मारिया के खिलाफ 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। नाओमी ओसाका 15वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा से 6-2, 4-6, 7-5 से हारकर दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाईं । 16वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेनी एलिना स्वितोलिना भी स्पेन की सारा सोरिब्स टॉर्मो से 6-3, 7-5 से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गईं।

### सूरज ने की धुआंधार बल्लेबाजी, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने जीता मैच

**लखनऊ :** काल डेक्थलान फ्लैक्स टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के लीग मैच में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने गुलमोहर क्रिकेट क्लब को 184 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में सूरज कुमार ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 89 रन बनाये। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट गवांकर 261 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज चंदन जायसवाल ने 13 चौका और दो छक्का की मदद से 28 बाल पर 73 रन बनाये। वहीं अंकित सिंह ने पांच चौका और पांच छक्का की मदद से 23 बाल पर 59 रन बनाये, जबकि सूरज सैनी ने 9 चौका और चार छक्का की मदद से 44 बाल पर 89 रन का योगदान दिया। वहीं गुलमोहर क्रिकेट एकेडमी की टीम 77 रन ही बना सकी और इंटरनेशनल ने 184 रन से मैच को जीत लिया।

# भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने परिवार संग किया मतदान

- **अपना पंसदीदा उम्मीदवार और सरकार चुनना सभी का अधिकार : मोहम्मद शमी**
- **भारतीय गेंदबाज ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरी तारीफ करते हैं।**



**एजेंसी**

**अमरोहा :** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने परिवार के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि आपको अगर मताधिकार का हक है तो अपने पंसदीदा उम्मीदवार व सरकार को चुनने के लिए मतदान अवश्य करें। भारतीय क्रिकेटर मो. शमी अपने भाई हसीब और भाभी संग डिडौली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर के मतदान केंद्र पर पहुंचे। वोट डालने के बाद मीडिया कर्मियों ने उन्हें पूछा कि किसके पक्ष में आपने मतदान किया है। इस पर वे अपने ही अंदाज में बोले कि किसी को भी पूछने का अधिकार नहीं है कि किसने किसके पक्ष में वोट किया है। ये आपका वोट है और आपको अपनी सरकार चुनने का पूरा हक है। अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट दें। जिले के लिए विकास, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, स्पोर्टस क्लब आदि जो सभी हित के लिए होना चाहिए, यही सब कुछ मुद्दे हैं। भारतीय गेंदबाज ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेरी तारीफ करते हैं। घर आकर भी मेरी तारीफ करने के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

# प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 से 28 जून तक

**बंगाल प्रो टी20 लीग की एक टीम के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में शामिल किया गया**




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** बंगाल प्रो टी20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 से 28 जून तक कोलकाता में खेला जाएगा। लीग में 8 टीमें बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। लीग की परिकल्पना आईपीएल की तर्ज पर की गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। पुरुषों के मैच 11 जून को ईडन गार्डन्स में और महिलाओं के मैच 12 जून को जादवपुर यूनिवर्सिटी, साल्ट लेक कैंपस ग्राउंड में शुरू होंगे। प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेगी। लीग के पहले दिन शाम को केवल 1 पुरुष मैच होगा और महिलाओं के मैच अगले दिन से शुरू होंगे। और वहां से हर दिन दो मैच खेले जाएंगे। सवोर्टेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के मार्केटिंग प्रमुख ऋषभ भाटिया ने एक बयान में कहा, सवोर्टेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, जिसे हाल ही में बंगाल प्रो टी20 लीग की एक टीम के फ्रेंचाइजी मालिक के रूप में शामिल किया गया है, खेल क्षेत्र में अपना कार्यकाल शुरू करने के लिए उत्साहित है। हम बंगाल प्रो टी20 लीग के माध्यम से खेल के क्षेत्र में कदम रखने को लेकर रोमांचित हैं। यह उद्यम न केवल ईवी चार्जिंग और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि खेल के दुनिया में एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरने की हमारी आकांक्षा को भी रेखांकित करता है।

# युवाओं को क्षमताओं का अवसर देगी : योगिता



**नई दिल्ली :** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व गोलकीपर योगिता बाली ने प्रतीक्षित राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग पर विशेष जोर देने के साथ ही सभी स्तरों पर खेल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हॉकी इंडिया की समग्र पहल की सराहना की है। 30 अप्रैल से 9 मई तक रांची, झारखंड में अपनी शुरूआत करने के लिए तैयार, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 भारतीय महिला हॉकी में एक ऐतिहासिक आयोजन है। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2024 में शीर्ष प्रदर्शन करने वाली टीमों की विशेषता वाली यह लीग महिला हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। लीग के महत्व को लेकर योगिता ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारत में महिला हॉकी के विकास के लिए एक बड़ी छलांग है। यह खिलाड़ियों को अपने कौशल दिखाने और उच्च दबाव वाली स्थितियों में अमूल्य अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।36 वर्षीय खिलाड़ी ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए एक कदम के रूप में लीग की भूमिका पर भी जोर दिया और कहा, ह्लइस साल के अंत में हॉकी इंडिया लीग के आसन्न आगमन के साथ, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग खिलाड़ियों को उनकी क्षमताओं का आकलन करने और दबाव परिदृश्यों से निपटने के लिए अमूल्य अवसर प्रदान करता है। विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों के लिए, यह टूनार्मेंट अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों से अंतर्दृष्टि और सबक को आत्मसात करने का एक अमूल्य मौका प्रदान करता है, जिससे खेल में उनकी विकासात्मक यात्रा समृद्ध होती है। लीग के अलावा, हॉकी इंडिया की प्रतिभा को निखारने की प्रतिबद्धता उसके व्यापक जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रम के माध्यम से स्पष्ट है। बाली ने इस पहल की सराहना की, विशेषकर देश भर में उभरते गोलकीपरों और ड्रैग-फ्लिकरों के लिए चल रहे विशेष शिविरों की। उन्होंने कहा, ₹यह हॉकी इंडिया की एक शानदार पहल है। ये शिविर युवा एथलीटों को उन पूर्व खिलाड़ियों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं जिन्होंने इन पदों पर




मैड्रिड में अमेरिका की कोको गाफ रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## एक झलक

### चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का मुनाफा 47.8 फीसदी उछल कर 3,877.8 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली** : देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में एमएसआईएल का मुनाफा 47.8 फीसदी की उछाल के साथ 3,877.8 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के बोर्ड ने शेयर धारकों को 125 रुपये प्रति शेयर डिविडेंट देने का ऐलान किया है। मारुति सुजुकी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 47.8 फीसदी उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 2,623.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एमएसआईएल ने बताया कि कंपनी ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में 20 लाख वाहन बेचे हैं, जो अबतक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। एमएसआईएल ने बताया कि कंपनी लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष निर्यातक बनी रही। अब भारत से होने वाले कुल यात्री वाहन निर्यात में इसका योगदान 41.8 फीसदी है। मारुति सुजुकी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1.7 फीसदी लुढ़कर 12,687.05 रुपये पर बंद हुआ है।

### आर्जस स्टील में 80 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी संदुर मैंगनीज

**मुंबई/नयी दिल्ली** : माइनिंग कंपनी संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड (एसएमआईओआरई) ने शेयर खरीद समझौते के माध्यम से आर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड (एएसपीएल) में 80 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने इस सौदे के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने शेयर खरीद समझौते के तहत एएसपीएल के 80 फीसदी इक्विटी शेयर खरीदने के रणनीतिक कारोबारी अधिग्रहण को अपनी मंजूरी दे दी है। हालांकि, कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है। आर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड (एएसपीएल) का उद्यम मूल्य 3,000 करोड़ रुपये है।

### डेलॉयट इंडिया ने भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया

**नयी दिल्ली** : वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फी फीसदी रहने का अनुमान जताया है। डेलॉयट ने निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह को इसकी मुख्य वजह बताया है। डेलॉयट इंडिया ने शुक्रवार को भारत की आर्थिक परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों एवं सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। वित्तीय परामर्श कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान को भी संशोधित कर 7.6 फीसदी से 7.8 फीसदी के बीच कर दिया है। डेलॉयट ने जनवरी में पिछले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 से 7.2 फीसदी की सीमा में रहने का अनुमान जताया था।

# सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 900 अंक लुढ़का

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर ब्रेक लग गया। मुनाफावसूली के दबाव और कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई लेकिन दिन के कारोबार में बाजार पर ज्यादातर समय मंदड़ियों का दबाव बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.82 प्रतिशत और निफ्टी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान रियल्टी, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर



ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों पर लगातार दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.83 प्रतिशत उछल कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

बाजार में गिरावट आने के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 404.35 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। हालांकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,913 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,011 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,773 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 129 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,195 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,102 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,093 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 169.87 अंक की मजबूती के साथ 74,509.31 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही इस सूचकांक में मामूली तेजी आई, जिससे सेंसेक्स 74,515.91 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से मंदड़ियों का कब्जा हो गया, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया।

## रियलमी ने रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी किया पेश



रांची : सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्जो श्रृंखला में रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्जो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्जो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्जो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज है, जो यूजर्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्जो सीरीज का उपयोग करने वाले यूजर्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है। इन डिवाईसेज को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिजाईन किया गया है, ताकि यूजर्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्जो सीरीज उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेजन ने गठबंधन किया है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है। यह यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सीरीज स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है, जो यूजर्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाईन की गई है।

## वेदांतु के छात्रों ने एक बार फिर से जेईई मेन 2024 में हासिल की शानदार सफलता

**रांची/जमशेदपुर** : जेईई ट्यूशन में अग्रणी वेदांतु ने बताया कि इसके 1698 छात्र जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। शिक्षा जगत के इस दिग्गज ने जानकारी दी है कि उनके 210 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर और 641 छात्रों ने 97 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किया है। वेदांतु के टॉप छात्रों में से एक प्रणवानंद ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 31 के साथ जेईई मेन में ओवरसीज टॉपर रहे हैं। इसके अलावा वेदांतु के तीन छात्र टॉप 500 में रहे और 6 वेदांतु छात्रों ने टॉप 1000 में एआईआर हासिल किया है। वेदांतु के 27 अन्य छात्रों ने एक या अधिक विषयों में 100 परसेंटाईल स्कोर हासिल किया है। बैंगलोर में स्थित वेदांतु के लर्निंग सेंटर ने शानदार परिणामों के साथ उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसकी स्थापना पिछले साल ही की गई थी। सेंटर के 80 फीसदी छात्र इस साल जेईई अडवान्स्ड में क्वालिफाय हुए हैं। इस सफलता का श्रेय वेदांतु के लर्निंग के पर्सनलाइज्ड तरीकों को दिया जा सकता है। तकरीबन एक दशक से तकनीकी इनोवेशन्स के साथ वेदांतु सुनिश्चित करता है कि इनके फिजिकल क्लासरूम और आधुनिक ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स पर छात्रों को लर्निंग का उत्कृष्ट अनुभव मिले। मास्टर टीचर्स, डाउट एक्सपर्ट और एकेडमिक मेंटर हर छात्र पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हैं और उन्हें कस्टमाइज्ड तरीकों से पढ़ाते हैं।

वहीं दूसरी ओर वेदांतु की तकनीकी संरचना छात्रों को घर में आराम से बैठ कर पढ़ने का अनुभव प्रदान करती है। अधिक से अधिक छात्रों को वेदांतु के अनूठे एवं आधुनिक दृष्टिकोण के साथ लर्निंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली, मदुराई, कोयम्बटूर, वायजाग, विजयवाड़ा, पुणे, त्रिची, पटियाला, मुजफ्फरपुर, झुंझुनु, पटना और अन्य शहरों में 30 से अधिक वेदांतु लर्निंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।

### रांची फिजिक्सवाला विद्यापीठ के 78 छात्र उत्तीर्ण

**रांची** : किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए जानी जाने वाले प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने रांची में अपने विद्यापीठ केंद्र से जेईई मेन सैशन 2 परीक्षा के परिणामों की घोषणा की। यहाँ से 78 छात्रजेईई एडवांस में उत्तीर्ण हुए हैं, और 12 छात्रों ने 99 प्रतिशतता से अधिक अंक प्राप्त किए। कुल मिलाकर, पूरे भारत में 4000 से अधिक विद्यापीठ छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें से 399 छात्रों ने 99 प्रतिशतसे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 192 छात्रों ने प्रभावशाली 99.5 से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त, विद्यापीठ के 118 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक (AIR), समान रैंक सूची (CRL) और श्रेणी रैंक सूचियों के तहत 1000 के अंदर रैंक हासिल किए ।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टीग्लॉस पेश किया एक व्यापक कार विवरण समाधान

**रांची/जमशेदपुर** : 'ग्राहक सबसे पहले' के अपने दर्शन के अनुरूप, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने क्रांतिकारी कार केयर ब्रांड टीग्लॉस की पेशकश की घोषणा की है। यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब मे टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। इसकी शुरूआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है। 1 मई 2024 से भारत में प्रत्येक अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर टीग्लॉस की पेशकश की जायेगी। यह ग्राहकों




को उच्च पेशेवर तरीके से प्रदान किए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण कार देखभाल समाधानों तक सुविधा जनक पहुंच प्रदान करता है, जिससे एक सुखद स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित होता है।किसी भी कार निमार्ता द्वारा उद्योग में पहली बार पेश की गई इस तरह की सेवा टीग्लॉस ब्रांड के तहत उपलब्ध होगी। टीकेएम वाहन की आंतरिक और बाहरी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्यूरेट की गई सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। इसमें सिरेमिक कोटिंग, अंडर बॉडी कोटिंग, साइलेंसर कोटिंग और आंतरिक पैनल सुरक्षा शामिल है। इन उपचारों का उद्देश्य न केवल वाहनों की सौंदर्य अपील को बढ़ाना है बल्कि पर्यावरणीय तत्वों के खिलाफ कुछ हद तक सुरक्षा भी प्रदान करना है।इस पहलके बारे में बताते हुए, श्री सबरी मनोहर- उपाध्यक्ष, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा,ह्लहम टीग्लॉस का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं, जो एक अभिनव और उद्योग का पहला उद्यम है जो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की 'ग्राहक सबसे पहले' दर्शन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम कार मालिकों के बीच बढ़ती प्रवृत्ति देख रहे हैं जो गुणवत्तापूर्ण वाहन रखरखाव को प्राथमिकता देते हैं। टीग्लॉस को उनकी कारों को सौंदर्य की दृष्टि से उत्कृष्ट स्थिति में रखने में मदद करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## एमजी का स्मार्ट और संधारणीय कॉमेट और जेडएस ईवी ड्राइव पहुंची जमशेदपुर

**जमशेदपुर** : करीब सौ साल पुरानी ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) का स्मार्ट और संधारणीय एमजी कॉमेट ईवी और जेडएस ईवी ड्राइव गुरुवार को जमशेदपुर पहुंची। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कंपनी के सेल्स मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि यह कंपनी भारत में ग्रीन मोबिलिटी को तेजी से अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। देश के 17 से अधिक राज्यों में अपनी जगह बनाने के बाद, स्मार्ट और संधारणीय एमजी कॉमेट ईवी और जेडएस ईवी ड्राइव आज जमशेदपुर पहुंची। इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य जमशेदपुर जैसे शहरों के लिए एक संधारणीय, व्यावहारिक और लागत प्रभावी



मोबिलिटी सॉल्यूशन के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि एमजी मोटर इंडिया ने ईवी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को 'एक्साइट प्रो' के साथ रेखांकित किया है जो इसकी प्रमुख ईवी का नया वैरिएंट है। डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ एमजी जेडएस की कीमत 19.98 लाख रुपये है और साथ ही एमजी कॉमेट फास्ट चार्जिंग विकल्प के साथ उपलब्ध है। स्मार्ट ईवी एमजी कॉमेट की रेंज 6.98 लाख रुपये से शुरू होती है और अब यह 5 अलग-अलग वैरिएंट में उपलब्ध है, जो एक्सक्लूसिव, एक्सक्लूसिव एफसी, एक्साइट, एक्साइट एफसी और एग्जीक्यूटिव शामिल हैं। इस मौके पर कंपनी के सीआरएम महामाया, एचआर प्रबंधक प्रियंका दीक्षित द्विवेदी, सीनियर सेल्स कंसल्टेंट ऋतुराज, हेमन्त कुमार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

### वर्ल्ड डांस डे पर सोनी सब के कलाकारों ने कही ये बातें



वर्ल्ड डांस डे, जिसे इंटरनेशनल डांस डे भी कहा जाता है, हर साल 29 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य कला के रूप में डांस की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ, इसके सांस्कृतिक महत्व का जश्न मनाना है। यह डांसर्स, कोरियोग्राफर्स और डांस प्रेमियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के मंच की तरह काम करता है, साथ ही डांस की विरासत के संरक्षण और प्रसार का समर्थन भी करता है। इस अवसर पर, सोनी सब के कलाकारों ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। करुणा पांडे, आयुषी खुराना, नीता शेट्टी ने कहा, मेरा मानना है कि डांस भावनाओं और एहसासों की परम अभिव्यक्ति है।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोने और चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर या इससे ऊपर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर बिक रहा है। दिल्ली सराफा बाजार में मजबूती के साथ चांदी ने 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार किया। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर



रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**एससीओ बैठक में आतंकवाद के प्रति ...**
बयान में भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन दर्शन को प्रतिबिम्बित करते हुए 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के विकास सहित प्रमुख समझौतों पर प्रकाश डाला गया।

**प्रधानमंत्री के बारे में विवादित...**
अब उनके पास न कोई मुद्दा है, न उम्मीदवार और न ही चुनाव लड़ने की कोई उम्मीद। जब भी कांग्रेस कार्यकर्ता गाली देते हैं, तो प्रधानमंत्री और अधिक मजबूती से देश की सेवा करने के लिए तैयार होते हैं, यह पिछले दस वर्षों में देश का अनुभव है। इसलिए राहुल गांधी के बेतुके बयान के बाद कांग्रेस भी खत्म हो जायेगी और देश के संवैधानिक नेता के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग करनेवाले नेता को जनता उनकी जगह दिखा देगी।

**पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी ...**
(जेएच 01 ईएन 1539) है, जो चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातु निवासी राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बाइक के साथ पकड़े गये संजय सिंह से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसने यह बाइक मकान मालिक विक्की कुमार साव से खरीदी है। उसकी निशानदेही पर विक्की कुमार को पकड़ा गया। आरोपित विक्की ने एक और बाइक चोरी की बात स्वीकार की। विक्की की निशानदेही पर पूर्व के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वासी को पकड़ा गया। विशाल के पास से चोरी की बाईक (जेएच-01 एफएम 8265) बरामद हुई। बरामद बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के विष्णु साव की चोरी की बतायी जा रही है। गिरफ्तार विशाल के खिलाफ पूर्व से छह मामले दर्ज हैं।

**कांग्रेस ने निलेश कुंभाणी को छह ...**
को सूरत सीट से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया था। सौराष्ट्र के बड़ी संख्या में पाटीदार समाज के लोग सूरत स्थायी हुए हैं। ऐसे में पार्टी की यह आशा थी कि पाटीदार समाज के प्रतिनिधि के तौर पर कुंभाणी काम करेंगे। इसके विपरीत कुंभाणी का नामांकनपत्र खारिज होने में कुंभाणी की ही सम्पूर्ण रूप से लापरवाही या भाजपा के साथ मिलीभगत के हालात स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। इसके बावजूद न्याय के सिद्धांत के अनुसार पार्टी की ओर से कुंभाणी के पक्ष जानने के लिए उन्हें स्पष्टता करने का समय प्रदान किया था, लेकिन कुंभाणी नाटकीय रूप से गायब हो गये। पार्टी के समक्ष उन्होंने किसी तरह का खुलासा नहीं किया। इससे पार्टी उन्हें छह साल के लिए निलम्बित करने का निर्णय करती है। पार्टी ने कुंभाणी के फॉर्म रद्द होने को दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया है।

**ईवीएम और वीवीपीएटी का...**
जांच करेगी। दूसरे और तीसरे नम्बर के उम्मीदवार चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सात दिनों के अंदर माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच के लिए आग्रह कर सकेंगे। माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच का खर्च जांच का आग्रह करनेवाले उम्मीदवार वहन करेंगे। अगर माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच में यह पाया जाता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गयी है, तो जांच का खर्च लौटा दिया जायेगा। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिये पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव का परीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को हर पार्टी के सिंबल के लिए बार कोड का इस्तेमाल करने के सुझाव का भी परीक्षण करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को निर्वाचन आयोग से ईवीएम की कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण मांगे थे, जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**चुनावी प्रक्रिया में पवित्रता होनी चाहिए**
सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाये गये कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जो कुछ सम्भावनाएं बनती हैं, वे नहीं की जा रही हैं।

**ईवीएम और वीवीपीएटी पर सुप्रीम...**
सम्मान में संविधान दिवस मनाना शुरू किया, उसके बारे में ये कांग्रेसी भ्रम फैलाते रहे हैं कि वे संविधान समाप्त कर देंगे। अर्जुन मेघवाल ने कहा कि वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में डूबी कांग्रेस बाबा साहेब और संविधान का अपमान करके धर्म के आधार पर, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन करके मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है।

**कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर...**
मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद उसकी अपनी सम्पत्ति बेटे-बेटियों को नहीं देने देना चाहती। कांग्रेस वैसी सम्पत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगानेवाली है। उन्होंने नारा देते हुए कहा, ₹कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी, जिन्दगी के बाद भी।₹

इससे पहले पांचवीं बार फारबिसगंज आने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्बोधन की शुरूआत स्थानीय भाषा में की। उन्होंने कहा कि ₹अररिया के ई पावन धरती मा अहां सब कै प्रणाम करै छी।₹ जिस पर मौजूद भीड़ ने जम कर तालियां बजायीं। आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अररिया और सुपौल की इस भूमि से उनका विशेष लगाव है।

उन्होंने भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश का आशीर्वाद मिला, तो अपने तीसरे कार्यकाल में कर्ज उतारने के लिए और ज्यादा मेहनत करूंगा। तीसरे कार्यकाल में देशहित में और ज्यादा बड़ा फैसला लेनेवाला हूं। उन्होंने गर्मी और विपरीत परिस्थिति के बावजूद मतदाताओं ; खासकर युवा मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्र पर पहुंच कर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2024 का यह चुनाव भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से मजबूत बनानेवाला चुनाव है। इसमें बिहार की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को न तो देश के संविधान की परवाह है और न लोकतंत्र की। वर्षों तक बैलट पेपर के बहाने गरीब मजलूमों के मतदान का अधिकार छीनने का काम किया जाता था। कांग्रेस के शासनकाल में बूथ लूट और बैलट पेपर लूटा जाता था। गरीबों को मतदान नहीं करने दिया जाता था। फलस्वरूप दबंगों के डर से गरीब अपने घरों में दुबके रहते थे। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने ईवीएम को लेकर देश की जनता के मन में भी भ्रम पैदा करने की कोशिश की।लेकिन, आज सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटी लूटनेवालों को गहरा झटका दिया है। सारे सपने चकनाचूर कर दिये हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि बैलट पेपरवाला पुराना दौर वापस नहीं आयेगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया की विश्व तारीफ कर रहा है। लेकिन, बदनीयत से निजी स्वार्थ के लिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता बदनाम करने की कोशिश में लगे रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र के साथ लगातार विश्वासघात करने का काम किया, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने करारा तमाचा मारा है।

उन्होंने लोकतंत्र के लिए आज के दिन को शुभ दिन करार दिया। उन्होंने आईएनडीआईए गठबंधन के सभी नेता को देश से माफी मांगने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीति में आज दो मुख्य धारा काम कर रही है। एक धारा बीजेपी और एनडीए की धारा देश के लोगों को सशक्त करने में लगी है, तो दूसरी ओर कांग्रेस-आरजेडी वाली इंडी गठबंधन की धारा का मकसद देश की जनता के अधिकारों को छीनना है।

उन्होंने राजद के 90 के दशकवाले समय के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि नौकरी के बदले जमीन छीन लो, नौकरी है तो तनख्वाह छीन लो, गाड़ी है तो गाड़ी छीन लो और अगर कोई सामर्थ्यवान है, तो उसका अपहरण कर लो। उस जंगलराज से बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि बिहार में 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत किसानों और अन्य को सीधे खाते में पैसे भेजे गये हैं। वहीं, अररिया सुपौल के किसानों के खाते में 16 सौ करोड़ रुपये जमा हुए हैं। जबकि अररिया, सुपौल के गरीबों को 03 लाख पक्का घर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया है। उन्होंने बहन-बेटियों के जीवन को आसान बनाना एनडीए की प्राथमिकता बताया। इसके तहत नल जल, शौचालय, मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान योजना की स्वीकृति शामिल है। उन्होंने 70 साल के बुजुर्ग का इलाज का खर्चा केन्द्र सरकार द्वारा किये जाने की भी बात कही। चुनावी सभा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, बिहार सरकार के मंत्री विजेंद्र यादव, मंत्री नीरज कुमार बबलू, मंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, डॉक्टर राजेन्द्र गुप्ता आदि ने भी सम्बोधित किया।

**केन्द्र से भेजा गया पैसा ...**
प्रधानमंत्री ने कहा कि आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आये हैं कि मैदान छोटा पड़ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोगों को यहां तकलीफ हो रही है। इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। बंगाल के लिए फिक्रमंद होने की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ₹मुझे ऐसा लगता है कि या तो मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या फिर अगला जन्म मेरा यहीं होनेवाला है।₹

तृणमूल सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां क्या-क्या नहीं हो रहा है। यहां शिक्षक घोटाला, राशन घोटाला सब कुछ चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने गरीबों को पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज देनेवाली आयुष्मान योजना को रोक रखा है। इसके अलावा हमने बंगाल के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत आठ हजार करोड़ रुपये भेजे हैं। इसे भी बंगाल की टीएमसी सरकार ने रोक रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल को आपकी चिन्ता और परेशानी से कोई लेना-देना नहीं है। ये चाहते हैं कि बंगाल में वंदे भारत ट्रेनें ठप हो जायें। हम कहते हैं कि मालदा के किसानों का आम और मखाना पूरी दुनिया में मशहूर है। पीएम मोदी ने टीएमसी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी और कांग्रेस को जोड़े रखने का सबसे बड़ा चुंबक है तुष्टीकरण। तुष्टीकरण के लिए ये दोनों पार्टियां कुछ भी कर सकती हैं। तुष्टीकरण की खातिर ये लोग देशहित में लिये गये हर निर्णय को वापस पलटना चाहते हैं। तृणमूल वाले भी राहुल गांधी के इस मंसूबे के साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस घुसपैठियों को आपकी जमीन और खेत पर कब्जा कराती है।

**दूसरे चरण में भी शांतिपूर्ण ...**
में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हुआ है।

